चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 246, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरुवार 5 अक्तूबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# उज्ज्वला सिलेंडर पर सब्सिडी: 300 रुपये प्रति सिलेंडर करने को मंजूरी

## 14.2 किलो वाले सिलेंडर की भोपाल में कीमत 608, दिल्ली में 603



**नई दिल्ली**

**केंद्रीय** कैबिनेट ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को मिलने वाली एलपीजी सब्सिडी को मौजूदा 200 रुपये प्रति सिलेंडर से बढ़ाकर 300 रुपये प्रति सिलेंडर करने को मंजूरी दे दी है। केंद्र सरकार ने रक्षा बंधन और ओणम के अवसर पर घरेलू उपयोग के लिए एलपीजी सिलेंडर के दाम में 200 रुपये की कटौती की थी। अब सरकार ने उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को दी जा रही सब्सिडी को 100 रुपये और बढ़ाया है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक के बाद राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में आयोजित पत्रकार वार्ता में इस फैसले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस फैसले से गरीबों को बड़ी राहत मिलेगी।

केंद्र ने राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड की स्थापना को अधिसूचित किया

भारत सरकार ने राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड की स्थापना को अधिसूचित कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तेलंगाना की एक जनसभा में इसकी स्थापना की घोषणा की थी।

राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड हल्दी के बारे में जागरुकता तथा खपत बढ़ाएगा और निर्यात बढ़ाने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नए बाजार विकसित करेगा। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को राष्ट्रीय मीडिया सेंटर में पत्रकार वार्ता में बताया कि बोर्ड नए उत्पादों में अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देगा और मूल्यवर्धित हल्दी उत्पादों के लिए पारंपरिक ज्ञान को विकसित करेगा। भारत से हल्दी का निर्यात 2030 तक बढ़कर 8400 करोड़ रुपये (1 बिलियन अमेरिकी डॉलर) तक पहुंचने की उम्मीद है।

केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी ने कहा कि तेलंगाना के कुछ जिलों में हल्दी का बड़े स्तर उत्पादन होता है, लेकिन किसानों को उपयुक्त माहौल होने का लाभ नहीं मिल पाता है। इन किसानों की बोर्ड गठन की सालों से मांग रही है। बोर्ड गठन से तेलंगाना, महाराष्ट्र, तमिनलाडु, आंध्रा प्रदेश, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, मिजोरम, असम और गुजरात राज्यों के किसानों को भी लाभ मिलेगा।

सरकार के अनुसार हल्दी के स्वास्थ्य और कल्याणकारी लाभों पर दुनियाभर में महत्वपूर्ण संभावनाएं और मांग है। इसका लाभ बोर्ड जागरुकता और खपत बढ़ाने, निर्यात बढ़ाने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नए बाजार विकसित करने, नए उत्पादों में अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने और मूल्यवर्धित हल्दी उत्पादों के लिए हमारे पारंपरिक ज्ञान के विकास पर काम करेगा। उल्लेखनीय है कि भारत दुनिया में हल्दी का सबसे बड़ा उत्पादक, उपभोक्ता और निर्यातक है। हल्दी के विश्व व्यापार में भारत की हिस्सेदारी 62 प्रतिशत से अधिक है। वर्ष 2022-23 में 11.61 लाख टन (वैश्विक हल्दी उत्पादन का 75 प्रतिशत से अधिक) के उत्पादन के साथ भारत में 3.24 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में हल्दी की खेती की गई थी।

भारत में हल्दी की 30 से अधिक किस्में उगाई जाती हैं। यह देश के 20 से अधिक राज्यों में उगाई जाती है। हल्दी के सबसे बड़े उत्पादक राज्य महाराष्ट्र, तेलंगाना, कर्नाटक और तमिलनाडु हैं।




## गिरफ्तार 11 घंटे की पूछताछ के बाद ईडी ने लिया एक्शन

# आबकारी घोटाला: आप सांसद गिरफ्तार

**नई दिल्ली**

**आम** आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह को प्रवर्तन निदेशालय ने करीब 11 घंटे की पूछताछ के बाद बुधवार को गिरफ्तार कर लिया है। आप सांसद की दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में गिरफ्तारी की गई है।

सुबह साढ़े 6 बजे संजय सिंह के घर पहुंची ईडी

बता दें कि प्रवर्तन निदेशालय की चार्जशीट में आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह का नाम था। बुधवार को सुबह 6.30 बजे ईडी आप सांसद के घर पहुंच गई थी। लोकल थाना पुलिस से भी कोई जानकारी साझा नहीं की गई। शराब कारोबारी दिनेश अरोड़ा को सरकारी गवाह बनाने के अगले दिन ईडी ने संजय सिंह के 125 नॉर्थ एवेन्यू स्थित सरकारी आवास पर छापेमारी की थी।

दिनेश अरोड़ा ने अपने बयान में क्या कहा?

दिनेश अरोड़ा ने बयान में कहा है कि संजय सिंह के अनुरोध पर उसने दिल्ली के रेस्तरां और बार मालिकों से 82 करोड़ जमा करके मनीष सिसोदिया को चेक के रूप में पार्टी फंड के बहाने दिया था। उस पैसे का इस्तेमाल उस दौरान आने वालों विधानसभा चुनावों में किया जाना था। खास बात है कि दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 के कथित घोटाले में अब तक कुल 12 लोगों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। संजय सिंह शराब घोटाले के मामले में गिरफ्तार होने वाले 13 व्यक्ति हैं। दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को नौ मार्च 2023 को गिरफ्तार किया गया था।

संजय सिंह के यहां रेड पर केजरीवाल यह बोले

ईडी की संजय सिंह के घर पर छापेमारी पर दिल्ली के सीएम ने आप सांसद का समर्थन करते हुए कहा था कि मोदी जी चाहे जितने छापे करा लें, ईडी को आप सांसद के आवास पर कुछ भी नहीं मिलेगा। अब तक एक हजार से ज्यादा छापे हो चुके हैं, लेकिन एजेंसियों के हाथ कुछ नहीं लगा है।



## सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी हारते हुए आदमी की आखिरी कोशिश: केजरीवाल

**नई दिल्ली**

**आम आदमी** पार्टी आप सांसद संजय सिंह के घर पर बुधवार को ईडी द्वारा छापेमारी किए जाने पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। आप के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि संजय सिंह के घर पर ईडी की छापेमारी एक हारते हुए आदमी की आखिरी कोशिश है। ये लोग 2024 का लोकसभा चुनाव हार रहे हैं। इसलिए मंगलवार को पत्रकारों के यहां छापेमारी की और आज संजय सिंह के ऊपर हो रही है। चुनाव तक अभी और कई लोगों पर छापेमारी होगी। उन्होंने कहा कि इस तथाकथित घोटाले में अब तक एक भी पैसा इनको नहीं मिला है, जबकि एक हजार से ज्यादा रेड हो चुकी हैं और कई लोगों को गिरफ्तार भी कर चुके हैं। ऐसे ही संजय सिंह के घर से भी कुछ नहीं मिलेगा।



## भाजपा अगला चुनाव हार रही है: गोपाल राय



**उधर**, दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री गोपाल राय ने कहा कि पिछले 15 महिनों से ईडी-सीबीआई की जांच, छापेमारी चल रही है। मेरे ख्याल से पूरे देश भर में एक हजार से अधिक छापेमारी हो चुकी है। कई लोगों को गिरफ्तार किया गया, लेकिन आज तक एक चवन्नी नहीं मिली। यह इस बात का संकेत दे रहा है कि भाजपा अगला चुनाव हार रहे हैं। सारी रिपोर्ट इसका संकेत दे रही हैं। उन्होंने कहा कि हार की बौखलाहट है, जिसके चलते आज संजय सिंह के यहां छापेमारी हो रही है। तीन अक्टूबर को जिस तरह से पत्रकारों पर हुआ, वह भी इसी का संकेत दे रहा है कि किसी तरह से जो भी सत्ता के खिलाफ आवाज है, उसको डरा-धमका कर छापे मारकर चुप करा दिया जाए। उन्हें लगता है कि यह राजनीति लोकतंत्र के खिलाफ है। भाजपा को जनता पर भरोसा होना चाहिए। एजेंसियों का दुरुपयोग कर लोगों की आवाज बंद कर आप चुनाव जीत जाएंगे, ऐसा इतिहास कभी नहीं बताता। वहीं, दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री आतिशी का कहना है कि पिछले 15 महीने से तथाकथित आबकारी घोटाले में सीबीआई-ईडी जांच कर रही है। इन्होंने ईडी-सीबीआई के सैकड़ों अफसर लगा दिए, कई लोगों को गिरफ्तार कर लिया, उनको टॉर्चर किया।

# बादल फटने से सिक्किम में बाढ़

## सेना के 23 जवान लापता, पीएम मोदी ने सीएम प्रेम सिंह से की बात, अबतक पांच की मौत

**गंगटोक**

**झील** के ऊपर अचानक बादल फटने से तीस्ता नदी में भीषण बाढ़ आ गई है। इस बाढ़ में सेना के 23 जवान लापता हो गए हैं। हालांकि, केंद्रीय जल आयोग ने बताया कि तीस्ता नदी का जलस्तर खतरे के निशान से नीचे है। पीएम मोदी ने की सिक्किम के सीएम प्रेम सिंह तमांग से बातः पीएम मोदी ने सिक्किम में आई भीषण बाढ़ को लेकर सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग से बात की। पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर बताया कि सिक्किम के हालातों को लेकर राज्य के सीएम से बात की और उनसे दुर्भाग्यपूर्ण प्राकृतिक आपदा की स्थिति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सिक्किम में किसी भी चुनौती से निपटने में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया गया है। मैं प्रभावित लोगों की सुरक्षा और कल्याण के लिए प्रार्थना करता हूं।



## माउंगी , लुइस ब्रूस और एलेक्सी इकिमोव को रसायन शास्त्र का नोबेल

**स्टॉकहोम**

**अमेरिकी** वैज्ञानिकों माउंगी बवेंडी, लुइस ब्रस और एलेक्सी इकिमोव को रसायन शास्त्र का नोबेल पुरस्कार देने की घोषणा हुई है। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने बुधवार को रसायन शास्त्र के लिए नोबेल पुरस्कार की घोषणा के साथ जानकारी दी कि वर्ष 2023 का रसायन शास्त्र का नोबेल पुरस्कार "क्वांटम डॉट्स की खोज और संश्लेषण के लिए" दिया जा रहा है। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज की ओर से हेन्स एलग्रेन ने जानकारी दी ।

# 'आयुष्मान भव अभियान के तहत 70,000 से अधिक लोगों ने अंगदान का लिया संकल्प'



**नई दिल्ली**

**केंद्रीय** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि आयुष्मान भव अभियान के तहत 70 हजार से अधिक लोगों ने अपने अंगदान करने का संकल्प लिया है। अंगदान का संकल्प लेने में महिलाएं पुरुषों से आगे हैं।

अंगदान के संकल्प लेने वालों में सबसे अधिक हैं महाराष्ट्र के लोग

केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने लोगों से अंगदान के लिए शपथ लेने का भी आग्रह किया। अंगदान के संकल्प लेने वालों में सबसे अधिक महाराष्ट्र के लोग हैं। इसके बाद तेलंगाना, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश का स्थान है।

स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों पर लगाया स्वास्थ्य मेला

मंडाविया ने बताया कि अबतक 63.8 से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं, जबकि 1,13,41,303 आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता आईडी बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि सेवा पखवाड़ा के दौरान स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों पर 2,69,422 स्वास्थ्य मेलों का आयोजन किया गया और इसमें लगभग 161 लाख लोग शामिल हुए। उन्होंने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर 9,970 स्वास्थ्य मेले आयोजित किए गए, जिनमें 17 सितंबर से 22.9 लाख से अधिक मरीज पंजीकृत हुए। मनसुख मंडाविया ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर 5,506 बड़ी सर्जरी और 25,716 छोटी सर्जरी की गई है। इसके अलावा 52,370 बड़ी और 32,805 छोटी सर्जरी की योजना बनाई गई है। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत 14,157 रक्तदान शिविर आयोजित किए गए और 2,27,974 यूनिट रक्त एकत्र किया गया है।

# वायुसेना सैन्य गतिरोध खत्म होने तक एलएसी से नहीं हटेगी पीछे: वायुसेना प्रमुख

**नई दिल्ली**

**पूर्वी** लद्दाख में तीन साल से अधिक समय से एलएसी पर चीन से जारी सैन्य गतिरोध खत्म होने और चीनी सैनिकों के पीछे हटने तक भारतीय वायुसेना अग्रिम मोर्चे पर अपनी तैनाती से पीछे नहीं हटेगी।

वायुसेना चुनौतियों का सामना करना के लिए तैयार

वायुसेना प्रमुख एयरचीफ मार्शल वीआर चौधरी ने कहा कि भारतीय वायुसेना की ऑपरेशनल तैयारियां पूरी तरह रणनीतिक ही नहीं बल्कि गतिशील हैं। प्रतिद्वंदी की ताकत और संख्या बल की चुनौतियों का आकलन कर इससे निपटने और ताकतवर जवाबी मुकाबला करने में वायुसेना पूरी तरह सक्षम भी है।



# एशियाई खेल: भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने कोरिया को हराया

**हांगझू**

**भारतीय** पुरुष हॉकी टीम ने बुधवार को पहले सेमीफाइनल में कोरिया पर 5-3 की रोमांचक जीत के साथ 19वें एशियाई खेल के फाइनल में जगह पक्की कर ली है। स्वर्ण पदक मुकाबले में भारत का सामना जापान और चीन के बीच दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। भारत के लिएहार्दिक सिंह (5"), मंदीप सिंह (11"), ललित कुमार उपाध्याय (15"), अमित रोहिदास (24") और अभिषेक (54") ने गोल किया, जबकि कोरिया के लिए मंजे जंग (17", 20", 42") ने हैट्रिक बनाई। मैच की शुरूआत भारत ने आक्रामक तरीके से की। हार्दिक सिंह ने मैच के पांचवें मिनट में ही गोल कर भारत को 1-0 से आगे कर दिया। कुछ मिनट बाद, मनदीप सिंह (11") ने गोल कर भारत की बढ़त दोगुनी कर दी। ललित कुमार उपाध्याय ने मैच के 15वें मिनट में गोल कर पहले क्वार्टर के अंत में भारत की बढ़त 3-0 कर दी। तीन गोल से पिछड़ने के बाद कोरिया ने भारत के हाफ के अंदर तेजी से आगे बढ़ना शुरू किया और शुरूआती पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया। मंजे जंग (17") ने सेट-पीस में बदलाव का भरपूर फायदा उठाया और कोरिया की ओर से पहला गोल किया। कोरिया ने बायीं ओर से भारतीय रक्षा का परीक्षण करना जारी रखा, और मंजे जंग (20") ने एक और गोल कर स्कोर 3-2 कर दिया। इसके बाद अमित रोहिदास (24") ने पेनल्टी कॉर्नर पर एक शक्तिशाली ड्रैगफ्लिक मारकर स्कोर 4-2 कर दिया। मध्यांतर तक भारत 4-2 से आगे रहा। दूसरे हाफ की शुरूआत भारत ने आक्रामक तरीके से की। मनदीप सिंह ने एक खतरनाक मूव बनाया लेकिन कोरियाई रक्षा ने उन्हें उनके ट्रैक में ही रोक दिया।



मुख्यमंत्री ने बस्ती में की मंडलस्तरीय समीक्षा बैठक, सीएम ने राजस्व संबंधी विवादों के त्वरित निपटारे के दिये निर्देश, लव जेहाद, गो तस्करी और धर्मांतरण के मामलों पर सख्त कार्रवाई के दिये निर्देश

# कमजोर, गरीबों की जमीनों पर ना होने पाए किसी भूमाफिया का कब्जा : सीएम योगी

**बस्ती**

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने भूमि विवादों एवं जनसमस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता पर करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है। मण्डलायुक्त सभागार में बुधवार को आयोजित मण्डलीय समीक्षा बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनप्रतिनिधियों से नियमित संवाद रखें। बस्ती मंडल के तीनों जनपदों (बस्ती, संत कबीर नगर और सिद्धार्थनगर) की समीक्षा के दौरान उन्होंने इन जिलों के जनप्रतिनिधियों को अटल आवासीय विद्यालय का भ्रमण कराने के लिए निर्देश दिया। वहीं उन्होने भू-माफिया, खनन एवं अन्य माफिया के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश अधिकारियों को दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी कमजोर, गरीब, उद्यमी, व्यवसायी की भूमि पर कोई कब्जा ना करने पाए। सीएम ने शहर के प्रमुख स्थानों और बाजारों में सड़क की ओर फेस करते हुए सीसीटीवी कैमरे लगवाने के भी अधिकारियों को निर्देश दिये।

पैमाइश एवं नामांतरण के मामलों को गम्भीरता से लें



मुख्यमंत्री ने बस्ती मंडल की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस, थाना दिवस को गम्भीरता से लेते हुए वरिष्ठ अधिकारी इसका निरीक्षण करें। उन्होने कहा कि पैमाइश एवं नामांतरण के मामलों को गम्भीरता से लेते हुए 48 घण्टे के भीतर निस्तारित करें। मण्डल, जिला, तहसील स्तर पर ऐसे मामलों की समीक्षा की व्यवस्था बनायी जाए। अन्य विभागों के मामलों के निस्तारण की स्थिति की नियमित समीक्षा की जाय, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नही होगी। उन्होंने कहा कि भूमि विवाद में कोई घटना होने पर संबंधित जनपद एवं तहसील की जिम्मेदारी तय की जायेंगी।

# वायु सेना को मिला एलएसी तेजस ट्रेनर

**नई दिल्ली**

**वायुसेना** को लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) तेजस का पहला ट्विन-सीटर ट्रेनर विमान मिल गया। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने बुधवार को बेंगलुरु में वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी को सौंपा। एचएएल और भारतीय वायु सेना के बीच अनुबंध के हिस्से के रूप में कुल 10 ट्विन-सीटर ट्रेनर विमान की आपूर्ति की जानी है, जिसमें से यह पहला है। एचएएल के अध्यक्ष सीबी अनंतकृष्णन ने एक औपचारिक समारोह में रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट की उपस्थिति में एलसीए तेजस का पहला ट्रेनर संस्करण सीएएस एयर चीफ मार्शल चौधरी को सौंपा। इस कार्यक्रम में वायु सेना के उप प्रमुख, भारतीय वायुसेना के दक्षिणी वायु कमान के अधिकारी और परियोजना से जुड़े कई अन्य अधिकारी भी शामिल हुए। एचएएल ने पहला तेजस ट्रेनर बना लिया है।



## खबर संक्षेप

### ग्राम प्रधान व ठेकेदार के विवाद में हुआ समझौता

**कोरांव।** जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत हर घर नल से जल की आपूर्ति हेतु विकासखंड कोरांव के बरनपुर गांव में पाइप लाइन डाली जा रही है। पाइपलाइन डालने की जानकारी लेने जब ग्राम प्रधान भगवती कोल पहुंचे तो साइड पर मौजूद रहे इंजीनियर व ठेकेदार के द्वारा तथ्यों की जानकारी सही न देने पर जब वे पूछने लगे तो इंजीनियर के द्वारा देख लेने की धमकी दी गई थी। जिसकी ग्राम प्रधान के द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई थी। जिसके दूसरे दिन इंजीनियर ठेकेदार ने बैठकर ग्राम प्रधान को पाइपलाइन बिछाए जाने की पूरी डिजाइन व ड्राइंग दिखाई और सही तथ्यों की जानकारी दी। जिसके बाद ग्राम प्रधान भी संतुष्ट हो गए और पाइप लाइन डालने के काम में भरपूर सहयोग करने की बात कही।

ज्ञातव्य हो कि जय बजरंग बिल्डर एंड कांट्रैक्टर के प्रोपराइटर राहुल सिंह भदौरिया के द्वारा पाइपलाइन डाले जाने का काम कराया जा रहा है। इस बाबत जेई जल निगम ग्रामीण महेंद्र प्रताप से बात की गई तो उन्होंने बताया की ड्राइंग और डिजाइन के आधार पर ही पाइपलाइन डालने का काम किया जाएगा। अगर मानक की अनदेखी होगी तो संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई कराई जाएगी।

# रोडवेज बस-बोलेरो में आमने-सामने हुई टक्कर, आधा दर्जन से अधिक घायल

## जसरा नई बाजार मोहल्ले में बारा से प्रयागराज की ओर जा रही बांदा डिपो बस की सामने से आ रही बोलेरो से टक्कर

अखंड भारत संदेश













**जसरा।** प्रयागराज बांदा राजमार्ग पर स्थित जसरा नई बाजार मोहल्ले में बारा से प्रयागराज की ओर जा रही बांदा डिपो बस की सामने से आ रही बोलेरो से आमने-सामने की टक्कर हो गई। जिसमें बोलेरो सवार आठ लोग घायल हो गए। आस पास के लोगों ने एम्बुलेंस को सूचना दी । सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस घायलों को सीएचसी जसरा ले गई । जहां प्राथमिक उपचार के बाद दो गंभीर लोगों को एस आर एन प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया गया। बुधवार की शाम लगभग 7:30 बजे झारखंड के गया धाम से पितरों का पिंडदान कर वापस अपने घर जा रहे थे। बोलेरो सवार की सामने से आ रही रोडवेज बस से टक्कर हो गई। जिसमें गुलाब सिंह 70 वर्ष गांव डोनपुर जिला रायसेन मध्यप्रदेश ,पूना बाई पत्नी इमारत लाल 70 वर्ष गांव डोनपुर थाना गैरतगंज जिला रायसेन, रामकली 65 निवासी मढ़िया गैरतगंज रायसेन ,ममता 34 वर्ष पत्नी चिरौंजी लाल निवासी ऊंटकटा गैरतगंज जिला रायसेन, जगनलाल 70 वर्ष गांव ऊंटकटा गैरतगंज रायसेन, मिट्ठू लाल 65 वर्ष निवासी नागझर जिला रायसेन मध्यप्रदेश घायल हो गए । जबकि बोलेरो चालक उत्तम दास 51 वर्ष पुत्र बाबूलाल बोलेरो में बुरी तरह से फंस गया। स्थानीय लोगों ने ड्राइवर को किसी तरह से बोलेरो से बाहर निकाला। तथा पुलिस को व एंबुलेंस को भी सूचना दी । डायल 112 व एंबुलेंस के सहारे सभी घायलों को जसरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले आया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद ड्राइवर उत्तम दास व पूनाबाई को एस आर एन प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया गया। इस बीच दुर्घटना के बाद जसरा बाजार में दोनों और लंबा जाम लग गया। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष घूरपुर संजीव कुमार चौबे अपने पुलिस टीम के साथ दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटवा कर यातायात व्यवस्था बहाल कराया। घायलों ने बताया कि पिंडदान कर वापस जाते समय घटना घटी। संकुल पिंडदान कर लिया था।

# आपूर्ति निरीक्षक की जांच मे पिपरांव कोटेदार दोषी, कार्यवाही हेतु सौंपी गई रिपोर्ट

अखंड भारत संदेश



**मेजा।** पिपरांव कोटेदार द्वारा राशन वितरण मे वर्ती जा रही घोर अनियमितता की शिकायत मिलने पर आपूर्ति निरीक्षक मेजा द्वारा की गई जांच मे कोटेदार को दोषी मानते हुए एसडीएम मेजा को कार्यवाही हेतु रिपोर्ट सौंपी गई है।उल्लेखनीय हैं कि विकास खण्ड मेजा के पिपरांव गांव की रहने वाली शिकायतकर्ती नीला देवी पत्नी मौनी लाल ने बीते 15 जुलाई को मेजा मे आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस प्रभारी को दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र में उक्त गांव की उचित दर विक्रेता श्रीमती रूपा देवी पर खाद्यान्न वितरण में अनियमितता बरतने, खाद्यान्न कम देने तथा कार्ड धारकों से दुव्यवहार करने का आरोप लगाते हुए कार्यवाही किए जाने की गुहार लगाई थी। बता दे कि मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम मेजा अमित कुमार गुप्ता ने क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी संजय विश्वकर्मा को तलब कर प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर रिपोर्ट देने का आदेश दिया था। गौरतलब तलब है कि शिकायती प्रार्थना पत्र मिलने के पश्चात पूर्ति निरीक्षक संजय विश्वकर्मा बीते 5 सितम्बर को उक्त गांव में जाकर जांच की प्रक्रिया आरम्भ किया जिसमे शिकायतकर्ती द्वारा लगाए गए आरोपो की पुष्टि होने पर आपूर्ति निरीक्षक ने जहा 21विंदुओ पर आरोप पत्र में उचित दर विक्रेती रूपा देवी को 15 दिवस के अन्दर जबाब दाखिल करने हेतु आरोप पत्र जारी कर दिया है।वहीं आवश्यक कार्यवाही किए जाने हेतु अपर जिलाधिकारी, जिलापूर्ति अधिकारी प्रयागराज के साथ साथ एसडीएम मेजा को भी एक प्रति सौप दिया है। मजे की बात तो यह है कि उचित दर विक्रेती रूपा देवी ने आपूर्ति निरीक्षक मेजा द्वारा जवाब हेतु जारी किए गए आरोप पत्र में अपना पक्ष रखने के लिए गांव की ही महिला व पुरुष क्रमश उषा देवी पत्नी राकेश कुमार, रज्जी पत्नी नचकऊ, सुनीता देवी पत्नी राजेश कुमार, फूलकली पत्नी श्याम लाल तथा मिथलेश कुमार पुत्र शिवकुमार आदि के नाम का कूट रचित फर्जी हलफनामा दे दिया गया जिसकी जानकारी जब उपरोक्त लोगो को हुई तो बुधवार को सभी महिलाएं व पुरुष एक सामूहिक प्रार्थना पत्र देते हुए एसडीएम मेजा के समक्ष पेश हुए और उचित दर विक्रेती रूपा देवी द्वारा उनके नाम का दिए गए हलफनामा को फर्जी बताते हुए एसडीएम मेजा से कोटेदार के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही किए जाने की माग की।




# शौर्य जागरण यात्रा का बेरूई में हुआ स्वागत

**सहसों।** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा शौर्य जागरण यात्रा कार्यक्रम किया जा रहा है। जिसमें श्रृंगवेरपुर से चलकर सहसों के बेरूई स्थित राज नारायण डिग्री कॉलेज में कार्यकताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर आयोजित स्वागत सभा कार्यक्रम में शौर्य जागरण यात्रा का अगुवाई करते हुए प्रांत संगठन मंत्री विहिप नितिन जी ने कार्यकताओं एवं उपस्थित लोगों को शौर्य जागरण यात्रा के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए संबोधित किया। शौर्य जागरण यात्रा का रथ बेरूई पहुंचने पर कार्यकताओं एवं ग्रामीणों ने माल्यार्पण एवं पुष्प वर्षा करते हुए रथ की आरती उतारी एवं प्रभु श्री राम के जयकारे लगाए। कार्यक्रम को ध्यानानंद जी महाराज विजयगढ़, सत्य प्रताप प्रांत संयोजक बजरंग दल, आनंद प्रकाश सह प्रांत संयोजक, मुकेश जी सह प्रांत संयोजक, जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार अनिरुद्ध सिंह पटेल, सुरेश शुक्ला विभाग संयोजक, लाल मणि तिवारी प्रांत मंत्री गोरक्षा सहित आदि ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंधक देवेंद्र पांडे एवं संचालन जिला मंत्री विनेक त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम के अंत में संयोजक पवन पांडे ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया। प्रमुख रूप से आद्या शंकर मिश्र, आशुतोष तिवारी, संदीप गुप्ता, अभिषेक पाठक, विष्णु दुबे स्वामी जी, दुर्गेश शुक्ला, गौरव सिंह, प्रिंस तिवारी एवं अंशुमन सहित आदि लोग रहे।

## न्यूज झरोखा

### मोबाइल की दुकान में शॉर्ट सर्किट से लगी आग लाखों का हुआ नुकसान



**सहसों।** प्रयागराज गोरखपुर राजमार्ग पर सहसों बाईपास स्थित मोबाइल की दुकान में बुधवार की तड़के भोर में अचानक शार्ट सर्किट से आग लग गई। जिसमें दुकान में रखा नया मोबाइल एसेसरीज, लैपटॉप, मशीन सहित फर्नीचर आदि लाखों रुपए के सामान जलकर राख हो गए। मोबाइल की दुकान में धुआं निकलते देख समीप में खुली चाय पान की गोमती दुकानदार ने दौड़कर पास के लोगों को जागते हुए दुकानदार को फोन कर आग की सूचना दिया। मौके पर पहुंचे दुकानदार सहित अन्य लोगों ने पानी चला कर आग पर काबू पाया। सहसों के इनायत पुर गांव निवासी जितेंद्र कुमार पुत्र अशोक कुमार ने सहसों बाईपास पर नई मोबाइल, मोबाइल रिपेयरिंग तथा मोबाइल एसेसरीज की दुकान खोल रखी है। मंगलवार को देर रात जितेन्द्र कुमार ने दुकान बंद कर घर चले गए। बुद्धवार की भोर में स्थानीय चाय पान की दुकान खोले दुकानदार ने देखा कि मोबाइल की दुकान में से धुआं निकल रहा था। वह दौड़कर आसपास के रहायसी दुकानदार सहित मोबाइल की दुकान चला रहे मालिक जितेन्द्र कुमार को फोन पर सूचना दी। मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों सहित दुकानदार ने समरसिबल पंप चलाकर आग पर काबू पाया। तत्पश्चात दुकानदार ने दुकान खोलकर अंदर देखा तो मोबाइल एसेसरीज सहित अन्य सामान जलकर राख हो चुका था। दुकानदार जितेन्द्र कुमार ने बताया कि लगभग 45 एंड्राइड मोबाइल, 5 लैपटॉप एवं एसेसरीज सहित फर्नीचर आदि सामान लगभग 10 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। सूचना पर पीआरबी पुलिस पहुंचकर जांच पड़ताल कर लौट गई। गनीमत यह रहा कि भोर में समीप के दुकानदारों ने धुंआ उठता देख लिया अन्यथा समीप के अन्य दुकानों को भी भारी छति हो सकती थी।

### बेहतर पुलिसिंग के लिए चौकीदारों को किया गया सम्मानित



**उतरांव।** उतरांव थाने में बेहतर पुलिसिंग के लिए चौकीदारों को सम्मानित किया गया। उपहार पाकर चौकीदारों के चेहरे खिल उठे। उतरांव थाना अध्यक्ष पंकज त्रिपाठी के निर्देशन में बुधवार को थाने में नियुक्त चौकीदारों को एक-एक टॉर्च देकर सम्मानित किया गया तथा बढ़ते हुए अपराध को देखते हुए हर गांव में नियुक्त चौकीदारों को रात में निगरानी रखने का निर्देश दिया। किसी प्रकार की कोई घटना व अपराध को पुलिस तक सूचित करने के लिए तथा और बेहतर पुलिसिंग बनाने के लिए नियुक्त चौकीदारों को उप निरीक्षक अनिकेत सिंह,दीवान संतोष यादव,भानु चन्द्र शुक्ला सिपाही द्वारा दर्जनों से ज्यादा चौकीदारों को सम्मानित किया। वहीं उतराव पुलिस ने चौकीदारों द्वारा बेहतर पुलिसिंग को लेकर उनकी पीठ भी थपथपाई। ज्ञात हो की थाना क्षेत्र में लगभग हर गांव में चौकीदार नियुक्त किए गए हैं। जो पुलिस को सूचना व गांव में हो रहे अपराधों की जानकारी पहुंचाई जाती है।

### आल इंडिया कला भारती परीक्षा में सृष्टि कुशवाहा ने लाया दूसरा स्थान



**कोरांव।** विकास खंड कोरांव के सींकी कला गांव के मजरा दुघरा माइनर निवासी सृष्टि कुशवाहा पुत्री डॉ केबी सिंह कुशवाहा ने आल इंडिया कला भारती की परीक्षा में दूसरा स्थान प्राप्त कर माता पिता तथा क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सृष्टि के पिता डॉ केबी सिंह मौजूदा समय में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करछना के अधीक्षक हैं। माता पार्वती देवी ग्रहणी हैं। सृष्टि सेंट जोसेप स्कूल नैनी में कक्षा छठवीं की छात्रा है। छात्रा सृष्टि के इस उपलब्धि पर लोग बधाई दे रहे हैं। माता-पिता ने खुद छात्रा को मिठाई खिलाकर उसकी हौसला अफजाई की। साथ ही लगातार कड़ी मेहनत कर आगे सफलता अर्जित करते रहने की प्रेरणा दी।

### ग्रामीणों को बज्रपात आपदा से निपटने को लेकर किया जागरूक



**करछना।** प्रयागराज उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण " वज्र पात सुरक्षा कार्यक्रम" अवेयरनेस प्रोग्राम, विकाश खंड कौंधियारा के ग्राम पंचायत झभरहरा में जन जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे ग्रामीण लोगों सामिल हुए, लोगो को वज्रपात ( आकाशीय बिजली), सर्फ डंस, नाव दुर्घटना, से बचने और सुरक्षित रहने को जागरूक किया गया।कार्यदायी संस्था झटाइम्स सेंटर फॉर लर्निग लिमिटेड, द टाइम्स ऑफ इंडिया लिमिटेड लखनऊ, जिला समन्यवक श्री प्रवीन कुमार मिश्रा, ब्लॉक अस्तर ट्रेनर झ सूर्य प्रकाश निषाद, अपर्णा रवि, के द्वारा लोगों को जागरूक किया गया, मौके पर उपस्थित ग्राम प्रधान श्री शिव कुमार बिंद, ग्राम पंचायत सहायक झसुरेश कुमार बिंद, ग्रामीण राजेश कुमार, विजय बहादुर, अमर नाथ, जवाहिर लाल आदि रहे।

### अनुवां में पूजन पाठ कराने के बाद गया धाम की यात्रा पर निकले



**जंघई।** अनुवां गांव निवासी शरद कुमार मोलई तिवारी बुधवार की शाम को अपनी धर्मपत्नी पत्नी के साथ गया धाम के लिए रवाना हुए। यात्रा के पूर्व विद्वानों द्वारा विधि विधान से पूजन पाठ कराने के बाद गयाधाम की यात्रा पर निकले ।आपको बता दें कि विद्वान पंडितों द्वारा चारों धाम गया के महत्व को बताते हुए बताया गया कि गरुण पुराण के अनुसार गया धाम करने का मतलब है कि गया में पितरों का श्राद्ध करना, पिंड दान करना, गरुण पुराण में लिखा गया है कि गया जाने के लिए घर से निकलने पर चलने वाले के एक, एक कदम पितरों के स्वगारोहण के लिए एक-एक सीढ़ी बन जाते हैं, गया के धाम में श्राद्ध का महत्व को विष्णु को नगर माना गया है, यह मोक्ष की भूमि कहलाती है। गया धाम जाने के पूर्व मोलई तिवारी द्वारा विधिवत विधि विधान से पूजन अर्चन पिंडदान तर्पण करते हुए पूरे खानदान के घरों में सुख शांति हेतु अक्षत छिड़कते हुए गाजे-बाजे के साथ गया धाम प्रस्थान किया ।इस अवसर पर अमृत लाल तिवारी, सुभाष तिवारी, गिरीश तिवारी, शैलेश तिवारी, राकेश तिवारी, प्रदीप, संदीप, नीरज, आशीष, आनंद, शिवम, सत्यम, विनय, सुयश, हिमांशु, राहुल, सुधांशु, हर्ष, आयुष, रोहित, रौनक, अनंत सहित सैकड़ों गांव एवं क्षेत्रीय लोग रहे।

# दिव्यांग शिविर में सहायक उपकरण के लिए 216 का हुआ रजिस्ट्रेशन, 90 का बना प्रमाण पत्र

अखंड भारत संदेश



**मेजा।** दिव्यांग जनों को कृत्रिमअंग उपकरण से लाभान्वित किए जाने हेतु दिव्यांग जन शशक्तिकरण विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं के मद्दे नजर मेजा ब्लाक में दिव्यांग शिविर का आयोजन डॉ. सुरेश के नेतृत्व मे किया गया। सहायक विकास अधिकारी (समाज) सुशांतु पांडेय ने बताया कि 216 दिव्यांगों का राजिस्ट्रेशन हुआ और 40 प्रतिशत दिव्यांगता से प्रभावित कुल 90 दिव्यांगजनो का प्रमाण पत्र तैयार किया जिसे ऑन लाइन वितरित किया जायेगा ।उल्लेखनीय हैं कि शासन द्वारा दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं जिसमे दिव्यांग भरण पोषण अनुदान व कृत्रिमअंग सहायक उपकरण, दुकान निर्माण संचालन ऋण योजना, शादी प्रोत्साहन पुरस्कार,दिव्यांगता निवारण के लिए शल्य चिकित्सा अनुदान तथा विशिष्ट दिव्यांगता प्रमाण पत्र (यू डी आई डी) आदि योजनाओ से लाभान्वित किए जाने के उद्देश्य से मेजा ब्लाक कैंपस के सभागार में यह शिविर आयोजित हुआ शिविर में उपस्थित कुल,90 दिव्यांगो को सरकार की इस कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा ऐसे दिव्यांगजन तीन वर्ष पूर्व जिन्हे योजना का लाभ प्राप्त कर चुके है। उन्हें वर्तमान में कृतम अंग सहायक उपकरण से लाभान्वित करने हेतु पात्र दिव्यांगजनों के चिन्हांकन के साथ साथ ऐसे दिव्यांगजन जिनके दिव्यांगता प्रमाण पत्र अभी तक नहीं बने हुए हैं ।के दिव्यांगता प्रमाण पत्र एव यूनिक डिसएविलटी कार्ड (यू डी आई डी) बनाए जानें की कार्यवाही पूर्ण की गई। इस मौके पर डॉ. अनुरुद्ध सिंह, डॉ.शनि सिंह,डॉ. शंकल्प शुक्ला, डॉ. जय शंकर पटेल तथा डॉ. सुभाष मय टीम शिविर में प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# चपरासी ने परचून कारोबारी को मारी गोली, गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

> बंदूक की नाली दुकानदार के नीचे कर देने से गोली उसके पैर व हथेली में जा धंसी
>
> आरोपी परचून दुकानदार को महज इसलिए गोली मार दी कि वह जबरिया रात में घर में घुसकर दुकान खुलवा रहा था और बार बार सिगरेट मांग रहा था
>
> मऊआइमा के महरौंडा गांव में हुई घटना
>
> आरोपी शिक्षा विभाग में है चपरासी, ग्रामीणों ने चपरासी को मय लाइसेंसी बंदूक तथा चार पहिया वाहन समेत किया पुलिस हवाले

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के महरौंडा गांव में मंगलवार देर रात एक परचून कारोबारी को शिक्षा विभाग के चपरासी ने अपनी लाइसेंसी दो नली बंदूक से महज इस लिए घर में घुस कर गोली मार दी कि वह जबरियन रात में दुकान खुलवा रहा था और बार बार सिगरेट मांग रहा था। बंदूक की नली भुक्तभोगी ने नीचे कर दी जिससे गोली दाहिनें पैर व दायनें हथेली में जा धंशी। ग्रामीणों ने चपरासी को पकड कर मय बंदूक, कार सहित पुलिस को सौंप दिया है। घायल का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में चल रहा है ।पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चपरासी को हिरासत में ले लिया है। महरौंडा पटटी गांव निवासी मकबूल अहमद पुत्र स्वर्गीय रमजान अली गांव में छोटी सी परचून की दुकान खोल कर अपनी गृहस्थी चलाता है। बताया गया है कि मंगलवार को रात्रि लगभग ग्यारह बजे गांव के अंकुश कुमार पटेल आए और मकबूल की बंद दुकान को खोलने के लिए घर पर आवाज लगाई। और सिगरेट मांगने लगा। मकबूल दुकान खोल कर सिगरेट दे दिया। बताते हैं कि थोडी देर में फिर अंकुश पटेल आया और मकबूल से दुकान खोलने के लिए गालियां देने लगा तो मकबूल ने मना किया। आरोप है कि अंकुश पटेल यह धमकी देकर गया कि अभी बताता हूँ। आरोप है कि मध्य रात्रि में अंकुश पटेल अपनी चार पहिया वाहन से अपनी दो नली लाइसेंसी बंदूक लेकर मकबूल को गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए घर में घुस गया। बताया गया है कि मकबूल तेजी दो नली बंदूक को पूरी ताकत से जमीन की ओर कर दिया। जिससे गोलियां के छर्रे मकबूल अहमद के दाहनें पैर ,हथेली में लगी। बताया गया है कि जब अंकुश पटेल दोबारा फायर किया तो कोई चुटहिल नहीं हुआ। आवाज सुन कर आस पास के राजू,इस्लाम, मोकीम, शादाब आदि ने अंकुश पटेल को पकड लिए तब तक पुलिस आ गयी। ग्रामीणों ने लाइसेंसी दो नली बंदूक मय कारतूस के साथ, निजि कार, और अंकुश को पकड कर पुलिस के हवाले कर दिया। मऊआइमा पुलिस ने जख्मी मकबूल अहमद पुत्र स्वर्गीय रमजान अली की तहरीर पर अंकुश कुमार पटेल पुत्र स्वर्गीय चन्द्र शेखर पटेल के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर हवालात में डाल दिया है। तथा जख्मी कमबूल अहमद को मऊआइमा सीएचसी में भर्ती करा दिया है।

> आरोपी अंकुश पटेल मृतक आश्रित कोटे से शिक्षा विभाग में चपरासी के पद पर है तैनात बीआरसी द्वारा बताया गया है कि अंकुश कुमार पटेल के पिता स्वर्गीय चन्द्र शेखर पटेल शिक्षक थे। उनके आकस्मिक मौत पर उनके पुत्र अंकुश पटेल को हरिसेनगंज पूर्व माध्यमिक विद्यालय में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की तैनाती की गई है।

# शंकरगढ़ थाना परिसर में हुई पीस कमेटी की बैठक






अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** शारदीय नवरात्रि और दशहरा को सकुशल संपन्न करने के लिए बुधवार को पीस कमेटी की बैठक हुई। शंकरगढ़ थाना परिसर में आयोजित पीस कमेटी की बैठक में एसीपी संतोष सिंह ने लोगों की समस्याएं सुनी और उनके त्वरित निदान का आश्वासन दिया। एसीपी ने कहा कि नवरात्रि, दशहरा और दीपावली जैसे त्योहार को पूरे उल्लास के साथ मनाएं। यह त्योहार हमारी जिंदगी को खुशियों से रोशन करते हैं। इस दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने में भी पूर्ण सहयोग करें। ऐसा कोई भी कार्य न करें, जिससे लोगों की भावनाएं आहत हो और कानून व्यवस्था व सुरक्षा को लेकर कोई सवाल खड़ा हो। शंकरगढ़ थाने में पीस कमेटी की बैठक में तैयारियों के मद्देनजर किसी भी विभाग का कोई भी अधिकारी नहीं आया, जिसके कारण बैठक बेनतीजा रही। एसीपी ने कहा कि संबंधित विभागीय अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी। एसीपी संतोष सिंह ने कहा कि नगर व क्षेत्र में जहां-जहां भी जिस विभाग से संबंधित जो भी समस्याएं हैं उसे बताएं उन समस्याओं को दूर करने का प्रयास किया जाएगा। एसओ मनोज कुमार सिंह ने कहा कि जो भी मूर्ति पंडाल में रखें उसमें सात लोगों की कमेटी बनेगी, कमेटी की जवाबदेही तय होगी कि दिन और रात में कोई भी जानवर पंडाल में घुसने न पाए। बताया कि थाने में 80 पंडाल के रजिस्ट्रेशन में कोई नयी मूर्ति स्थापित करता है तो उसे अलग से परमिशन लेनी होगी।

## चौकीदारों को बांटा गया छाता और टॉर्च

इस दौरान ग्राम प्रहरी के रूप में तैनात चौकीदारों को टॉर्च, छाता वितरित किया गया। इस मौके पर उपनिरीक्षक हरस्वरूप सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष मूलचंद गुप्ता, उपाध्यक्ष जय केसरवानी, सुजीत केसरवानी, नगर पंचायत कार्यालय से अशोक यादव, मनीष केसरवानी,बिजली विभाग से दीपू मिश्रा, सभासद शफीक अहमद, मनपूरन सिंह,पप्पू भारतीय, चंदन साहू, दीपक केसरवानी, प्रधान सुभाष कुमार, परमेश्वर सिंह, फैजान अहमद, नेहा सिंह, ज्योति कनौजिया के साथ तमाम लोग मौजूद रहे।

## बेलन नहर में पानी आने से किसानों के चेहरे खिले

### विधायक कोरांव का प्रयास रंग लाया, मिजार्पुर प्रशासन ने छोड़ा पानी



अखंड भारत संदेश

**पसना।** भारतीय किसान संघ के प्रांत मंत्री भोला सिंह के अनुरोध पर कोराव के विधायक राजमणि कल ने विगत 30 सितंबर को संघ के प्रतिनिधिमंडल के साथ जिलाधिकारी मिजार्पुर से मिलकर प्रयागराज जिले की बेलन नहर में मेजा बांध से पानी छोड़ने की मांग की थी ।प्रतिनिधिमंडल में विधायक के साथ उपस्थित संघ के प्रांत मंत्री भोला सिंह ने डीएम प्रियंका निरंजन को यमुना पार के खेतों में धान की सूखती फसल के बारे में अवगत कराया था। वार्ता के दौरान विधायक ने जिलाधिकारी मिजार्पुर से मिजार्पुर से प्रयागराज जिले की बेलन नहर में पानी छोड़ने की पुरजोर वकालत की थी। अपनी अस्वस्थता के बावजूद विधायक ने दो घंटे डीएम के साथ बैठक कर अंततःकिसानों की मांग के अनुरूप नहर में पानी छोड़ने का आश्वासन डीएम से लिया था। फलस्वरुप कल 3 अक्टूबर से बेलन नहर में पूरी क्षमता के साथ पानी आने लगा। भारतीय किसान संघ ने एक बैठक कर क्षेत्रीय विधायक का आभार जताते हुए डीएम मिजार्पुर को भी धन्यवाद ज्ञापित किया ।बैठक में मुख्य रूप से संघ के प्रांत मंत्री भोला सिंह,संजय पटेल,धीरज सागर,संतोष कोल,रामाश्रय शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# जनपद के विकास कार्यों की उपमुख्यमंत्री ने की समीक्षा बैठक

अखंड भारत संदेश

**बैठक में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों का एक दिन का वेतन रोकने के दिए निर्देश, सिंचाई विभाग के अधिकारियों को बेलन सहित अन्य नहरों में पानी की पर्याप्त उपलब्धता बनाये रखने के दिए निर्देश**

**जल जीवन मिशन के कार्यों में अनियमित्ता पाये जाने पर सम्बंधित के विरूद्ध दर्ज कराएं एफआईआर**

**उपमुख्यमंत्री जी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को अपनी कार्यपद्धति में सुधाने लाने के दिए कड़े निर्देश**




**प्रयागराज।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को संगम सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक में सर्वप्रथम स्मार्ट सिटी व महाकुम्भ-2025 के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए पूर्व में हुई दुर्घटनाओं से सबक लेते हुए रेलवे व प्रशासन के अधिकारियों को बेहतर समन्वय बनाकर कार्य कराये जाने के लिए कहा है, जिससे कि ऐसी किसी दुर्घटना की कोई सम्भावना न हो। उन्होंने जनपद में ओवरब्रिजों व पुलों के निर्माण की प्रगति के बारे में जानकारी लेते हुए कहा कि पुलों व ओवरब्रिजों का निर्माण गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्धारित समयसीमा में पूरा करायें। उन्होंने गुणवत्ता की जांच के लिए एक अलग तकनीकी टीम का गठन करने के लिए कहा है। रिंग रोड़ के निर्माण कार्य की प्रगति के बारे में जानकारी लेते हुए उपमुख्यमंत्री जी ने कहा कि रिंग रोड़ के निर्माण कार्य को महाकुम्भ के दृष्टिगत शीर्ष प्राथमिकता पर पूरा करायें साथ ही रिंग रोड़ के आस-पास के क्षेत्र को किस प्रकार विकसित बनाया जा सकता है, इसके लिए भी अभी से भविष्य को ध्यान में रखते हुए प्लान बनाये जाने के लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है। उपमुख्यमंत्री जी ने जनपद में चल रहे सड़को के चैड़ीकरण के कार्य की समीक्षा करते हुए कहा कि जहां पर भी चैड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है, उस रोड़ को बराबर से चैड़ा किया जाये, कहीं पर भी सड़क कम या ज्यादा न दिखे। उन्होंने जसरा बाईपास के निर्माण कार्य में अनावश्यक देरी पर कड़ी नाराजगी जताते हुए सम्बंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द निर्माण कार्य शुरू कराने व रामवनगमन मार्ग के निर्माण कार्य में तेजी लाये जाने के निर्देश दिए है। उपमुख्यमंत्री जी ने इस महत्वपूर्ण बैठक में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों का एक दिन का वेतन रोकने का निर्देश दिया है।

उपमुख्यमंत्री जी जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा करते हुए जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों में अनियमित्ता की शिकायतें प्राप्त होने पर कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि यह सुनिश्चित हो कि पाईप बिछाते समय निर्धारित मानक का पूर्णतः पालन सुनिश्चित करें तथा जहां पर भी गड़बडी प्राप्त होती है, तो सम्बंधित के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करायी जाये। उन्होंने कहा कि जहां पर पाईप लाइन बिछाने के लिए गड्ढ़े खोदे गये है, कार्य के बाद अविलम्ब उस सड़क को पहले जैसा बना दिया जाये। उपमुख्यमंत्री जी ने जिला स्तर पर जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये गये कार्यों का भौतिक सत्यापन भी कराये जाने के लिए कहा है। उपमुख्यमंत्री जी ने गांवों में जन उपयोगी स्थानों पर ओवर हेड टैंक न बनाये जाने के लिए कहा है।

बिजली विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए उपमुख्यमंत्री जी ने बिजली विभाग से सम्बंधित लगातार प्राप्त हो रही शिकायतों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने लो-वोल्टेज, ट्रांसफार्मर बदलने में देरी, गलत बिल की शिकायत पर व्यवस्था में अविलम्ब सुधार लाने के लिए कहा है। उन्होंने नगर निगम के विस्तारित क्षेत्र में शहर के लिए निर्धारित रोस्टर के अनुसार बिजली उपलब्ध कराये जाने के लिए कहा है। उपमुख्यमंत्री जी ने कहा कि विभाग में वसूली गैंग काफी सक्रिय है, इससे सम्बंधित शिकायतों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए विभागीय अधिकारियों को इसपर रोक लगाने के लिए प्रभावी कार्यवाही करने के लिए कहा है। उन्होंने मण्डलायुक्त को विद्युत विभाग से सम्बंधित लगातार आ रही शिकायतों की अलग से समीक्षा करने के लिए कहा है।जनपद के राजस्व कार्यों की समीक्षा करते हुए उपमुख्यमंत्री जी ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि चक मार्ग, अमृत सरोवरों, तालाबों, नाले पर एक इंच भी अवैध कब्जा न होने पाये। उन्होंने अधिकारियों को घरौनी बनाने के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए है, जिससे कि ग्रामों में भूमि से सम्बंधित विवाद न हो। सिंचाई विभाग की समीक्षा करते हुए उपमुख्यमंत्री जी ने कहा कि बेलन नहर में पानी न होने की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए, क्योंकि धान का कटोरा कहे जाने वाले इस क्षेत्र में इसी नहर से सिंचाई की जाती है, जिसपर अधिकारियों ने बताया कि बेलन नहर में पर्याप्त पानी है, आगे सिंचाई की कहीं कोई दिक्कत नहीं होगी। गंगा नदी के किनारे-किनारे नागवासुकी से बनने वाले रिवर फ्रंट को द्रौपदी घाट तक बनाये जाने के लिए कहा है। उन्होंने इस कार्य को निर्धारित समय के अन्तर्गत सुंदरता के साथ पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए है। इसी प्रकार यमुना के किनारे भी रिवर फ्रंट बनाये जाने के लिए अधिकारियों से कहा है।

उपमुख्यमंत्री जी ने फाफामऊ व छतनाग में बन रहे विद्युत शवदाह गृह की क्षमता को बढ़ाये जाने के लिए कहा है साथ ही श्रृंगवेरपुर में भी विद्युत शवदाह गृह बनाये जाने के लिए सम्बंधित विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया है। दारांगज अंत्येष्टि स्थल में सुविधाओं को किस प्रकार और बढ़ाया जा सकता है, इसका अध्ययन कर प्रस्ताव उपलब्ध कराने के लिए कहा है। उपमुख्यमंत्री जी ने मुख्य चिकित्साधिकारी से शहर में डेंगू की स्थिति के बारे में जानकारी लेते हुए कहा कि जनपद में पर्याप्त मात्रा में प्लेटलेट्स की उपलब्धता सुनिश्चित रहें। डेंगू व अन्य बीमारियों से बचाव कार्यों में तेजी लाये जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने गौ-आश्रय स्थल के आस-पास भूचर भूमि कितनी है, की जानकारी ली। कहा कि सभी में नेपियर घास लगवायें, जिससे कि गौवंशों के लिए हरे चारे की कमी न हो। अधिकारी यह ध्यान रखें कि किसानों की फसलों को छुट्टा जानवरों से नुकसान न पहुंचे। उन्होंने सभी छुट्टा जानवरों को गो-आश्रय स्थलों में रखे जाने के लिए कहा है। उन्होंने ग्रामीणों को जानवरों को छुट्टा न छोड़ने तथा उन्हें गौ-शालाओं तक पहुंचाये जाने के लिए प्रेरित किए जाने के लिए कहा है। उपमुख्यमंत्री जी ने दुर्गा प्रतिमा के विसर्जन के लिए उपयुक्त स्थान का चयन करने के लिए कहा है, जिससे कि किसी को कोई परेशानी न हो। उन्होंने बिजली विभाग, लेखपाल, पुलिस सहित अन्य विभागों के विभागाध्यक्षों से ऐसे कर्मी जो 3 वर्ष से एक ही स्थान पर कार्य कर रहे हो, उनका स्थान परिवर्तन करने के लिए कहा है। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को अपने कार्यालय में साफ-सफाई की व्यवस्था नियमित बनाये रखने के लिए कहा है। कहा कि यह आप लोगो का नैतिक दायित्व भी है। उन्होंने जनपद में कराये जा रहे सभी विकास कार्यों में जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाते हुए उनके सुझाव लेने के लिए कहा है। इस अवसर पर महापौर उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ0 वी0के0 सिंह, विधायक शहर उत्तरी हर्षवर्धन वाजपेयी, विधायक फाफामऊ गुरू प्रसाद मौर्या, विधायक फूलपुर प्रवीण पटेल, मा0 विधान परिषद सदस्य सुरेन्द्र चौधरी एवं श्रीमती निर्मला पासवान सहित अन्य जनप्रतिनिधिगणों के अलावा मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत, पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा, प्रभारी जिलाधिकारी गौरव कुमार, प्रयागराज विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री अरविंद चैहान, नगर आयुक्त चन्द्र मोहन गर्ग सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# आईटीआई कालोनी में बने घर को खाली कराने पहुंचे अधिकारी को बना लिया बंधक, हंगामा

अखंड भारत संदेश





**नैनी।** नैनी दुरवानी नगर पीडीए कालोनी में स्थित आईटीआई की कालोनी में रहने वाले से घर खाली कराने पहुंचे अधिकारी को कालोनी वासियों ने बंधक बना लिया। सूचना पर पुलिस पहुंची तो वहां रहने वाले लोगों ने हंगामा करते हुए बवाल काटना शुरू कर दिया। वहां घंटों हंगामा चलता रहा। उसी दौरान विद्युत अधिकारी भी पहुंचे और उन्होंने विद्युत केबिलों को काटना शुरू कर दिया। इस दौरान आरोप हैं कि गार्ड ने अपशब्दों का प्रयोग महिलाओं पर कर दिया, इससे वह भड़क उठीं। बाद में आईटीआई अधिकारियों ने कहा कि हम नोटिस चस्पा करने आए थे। शाम को जब विद्युत विभाग ने विद्युत कनेक्शन जोड़ा तब जाकर लोग शान्त हुए। दुरवानी नगर, पीडीए कालोनी स्थित आईटीआई कालोनी में कंपनी के ढाई सौ घर हैं, जिसमें दो सौ से अधिक पर अवैध रूप से लोग रह रहे हैं। आरोप ही कि बुधवार को आईटीआई के अधिकारी सुरक्षा कर्मियों के साथ कालोनी में पहुंचे और लोगों से घर खाली करने को कहा। इस दौरान विद्युत अधिकारी भी वहां पहुंचे और कनेक्शन काटना शुरू कर दिया। इसी दौरान किसी गार्ड ने अपशब्दों का उपयोग कर दिया, जिससे महिलाएं भड़क उठीं। वहां हंगामा मच गया। महिलाओं के साथ बड़ी संख्या में पुरुष भी आ गए। उन्होंने कंपनी के अधिकारी का घेराव कर दिया। महिलाएं वहां धरने पर बैठ गईं। लोगों ने बताया कि वह मंगलवार को आईटीआईकंपनी जाकर अधिकारियों से मिले थे और उनसे छह माह का समय मांगा था, क्योंकि तत्काल घर खाली करना संभव नहीं है। लेकिन दूसरे दिन ही खाली कराने पहुंच गए। कंपनी को जब तक जरूरत नहीं है, हमें किराए पर दे दें। घंटों हंगामा चलता रहा। बाद में विद्युत कनेक्शन जुड़वाने की बात पर लोग मानें। पिछले माह भी विद्युत विभाग ने यहां के रहने वाले लोगों का कनेक्शन काट दिया था, जिसे जोड़ दिया गया।

## भारतीय किसान यूनियन भानु ने किया आंदोलन

**कोरांव।** भारतीय किसान यूनियन भानू के नेतृत्व में सुभाष चपरो के किसान चपरो माइनर पर आंदोलन प्रारंभ किया लेकिन प्रशासन द्वारा हीरा हवा वाली करने की दशा में सुभाष रोड पर धरना प्रदर्शन और प्रशासन विरोधी नारे लगाते हुए रोड जाम करने की चेतावनी दिया जिससे प्रशासन के हाथ पांव फूल गए आनंन फानन में नहर एवं प्रशासनिक विभाग किसानों के बीच में आकर बैठ गए और घंटों चली वार्ता के बाद राजेंद्र कुमार नायब तहसीलदार मेजा व नहर विभाग के जेई कैशूद्दीन को 2 दिन की मोहलत देते हुए किसानों ने अपना मांग पत्र देते हुए मंडल उपाध्यक्ष राजेश पांडेय ने कहा कि अगर 2 दिन के अंदर टेल तक की सिंचाई नहीं हो पाती तो हम किसानों के साथ कोहड़ार कोरांव संपर्क मार्ग लपरी पुल पर जाम कर देंगे किसानों की हक अधिकार की लड़ाई लड़ना हम जानते हैं किसानों के साथ उनके किसी समस्या पर किसी प्रकार के हीला हवाली बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। किसान नेता पुष्पराज शुक्ला ने शासन प्रशासन पर आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि आज किसान शासन प्रशासन की उदासीनता के कारण खून का आंसू रो रहा है जो बर्दाश्त करने योग्य नहीं धरने में प्रमुख रूप से रमेश पांडे हरि द्विवेदी रांजा पांडेय शंम्भू शूक्ला सुनील शुक्ला वेदमूनी पांडेय सोनू पांडेय मदन पटेल बैजलाल पांडेय गंगासागर पांडेय राजेश कुशवाहा विजय कुशवाहा अमर कुशवाहा राधेश्याम कुशवाहा राभवन पाल आशीष मिश्रा अंशूमान दूबे तौलन पटेल के साथ सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत हेमापुर, वि. ख. फूलपुर, प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पं. वि. अ./कोटेशन/2023-24 **टेण्डर/कोटेशन** दिनांक 04-10-2023

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत हेमापुर में SLWM/15वां वित्त/मनरेगा/एसबीएमसीजी के अंतर्गत कराए जाने वाले कार्यो हेतु (सामाग्री श्रम सहित) सील बन्द निविदा दिनांक 05.10.2023 से 19.10.2023 तक सुबह 12:00 तक कार्यालय कार्य दिवस में आमंत्रित की जाती है तथा दिनांक 19.10.2023 को 3 बजे उपस्थित निविदा दाताओं के समक्ष अद्योहस्ताक्षरी के द्वारा गठित कमेटी के समक्ष खोली जाएगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | संख्या | योजना | अनुमानित लागत | कार्य की की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सामुदायिक खाद गड्ढा/ कम्पोस्ट पिट | 1 नग | SLWM | 2225.00 | 2 माह |
| 2. | सामुदायिक नाडेप (कम्पोस्ट पिट) | 2 नग | SLWM | 11300.00 | 2 माह |
| 3. | सामुदायिक वर्मी कम्पोस्टिंग | 1 नग | SLWM | 29300.00 | 2 माह |
| 4. | कचरा वाहन (ई-रिक्शा /साइकिल रिक्शा) | 1 नग | SLWM | 160000.00 | 2 माह |
| 5. | एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र (RRC) | 1 नग | SLWM | 5.8 लाख | 2 माह |
| 6. | सामुदायिक एवं संस्थागत इन्सिनरेटर (भस्मक) | 1 नग | SLWM | 1500.00 | 2 माह |
| 7. | सामुदायिक एवं संस्थाओं हेतु सोकपिट | 8 नग | SLWM | 127265.00 | 2 माह |

**नियम व शर्तें-** (1) फर्म/आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स विभाग में रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य है। (2) कार्य की लागत प्राक्कलन/स्वीकृत के अनुसार घट-बढ़ सकती है। (3) कार्य की पूर्ति निश्चित समय सीमा में मानक के अनुसार किया जाना है तभी भुगतान संभव है। (4) गुणवत्ता/मानक में कमी पाए जाने पर धनराशि नियमानुसार कटौती कर ली जाएगी। (5) टेंडर फॉर्म के साथ **2%** अर्नेस्ट मनी के रूप में जमा करना अनिवार्य होगा। (6) निविदा स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार बिना कारण बताए अद्योहस्ताक्षरी में पूर्णतः निहित है।

**रामपदारथ पटेल**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत- हेमापुर**
**वि0 ख0-फूलपुर, प्रयागराज**

**महेश कुमार**
**सचिव**
**ग्राम पंचायत- हेमापुर**
**वि0 ख0-फूलपुर, प्रयागराज**


## पेट्रोल-पंप के मैनेजर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**प्रयागराज।** पेट्रोल पंप के मैनेजर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मैनेजर को कर्मचारियों ने फंदे पर लटका देखा तो पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को पंप के कर्मचारियों की मदद से नीचे उतारा और कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मामला मेजा थाना क्षेत्र के चपरतला का है। तुडीहार (रामचंद्र का पूरा) निवासी ओम शंकर (30) पुत्र जटाशंकर शुक्ला चपरतला में चिंतामणि एचपी पेट्रोल पंप पर बतौर मैनेजर कार्यरत थे। रोजाना की तरह बुधवार सुबह वह पंप पहुंचे। शाम को पंप के परिसर में बने कमरे के अंदर उन्होंने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पर घर में कोहराम मच गया। रोते बिलखते परिजन भी पंप पहुंचे।

**परिजनों की तहरीर पर होगी कार्रवाई :** पेट्रोल पंप के मैनेजर ओम शंकर दो भाइयों में सबसे छोटा एवं परिवार का जिम्मेदार सदस्य था। उसकी मौत से पत्नी व दो बच्चों समेत परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है। पुलिस बताया कि घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। जांच की जा रही है। मृतक के परिजनों की तहरीर पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

**प्रयागराज।** शिवकुटी थाना क्षेत्र के हेलीपार मुहल्ले में मंगलवार की देर रात विवाहिता ने फांसी लगाकर जान दे दी। घटना का कारण दंपती में आए दिन हो रही कलह को बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।मंगलवार की देर रात शिवकुटी इलाके के हेलीपार मुहल्ले के रहने वाली शिवानी (28) ने फांसी लगाकर जान दे दी। कमरे से सुबह काफी देर तक न निकलने पर परिजनों ने जब कमरे में देखा तो विवाहिता का शव फंदे से लटक रहा था। इससे परिवार में खलबली मच गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई। घटना के संबंध में पुलिस ने पूछताछ की। आस पड़ोस के लोगों ने बताया कि पति-पत्नी में आए दिन झगड़ा होता था। माना जा रहा है कि कलह से ऊबकर विवाहिता ने जान दी है।

## ट्रक ने बाइक सवार को मारी टक्कर मौके पर मौत



**सोरांव।** थाना क्षेत्र के बड़गांव चौकी अंतर्गत बुधवार को एक ट्रक ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे मौके पर बाइक सवार की मौत हो गई। मौका पाकर ट्रक ड्राइवर मय वाहन भाग गया। दरअसल चौकी बड़गांव क्षेत्र के हंडिया कोखराज राष्ट्रीय राजमार्ग के कुरगांव के पास एक ट्रक ने घर से कॉलेज (कौशांबी) जा रहे एक बाइक सवार अध्यापक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार अध्यापक लक्ष्मी कांत मिश्र पुत्र राम शिरोमणि मिश्रा 36 साल निवासी पिपरी थाना ममरेज की मौके पर मौत हो गई। मामले में चौकी प्रभारी शुशील कुमार दुबे ने अपने फोर्स के साथ धटना स्थल पर गए और विधिक कार्यवाही करते हुए शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिए। मृतक के साले राजेश तिवारी ने अज्ञात ट्रक ने के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवा दिया है।

## पेंशनर अपना जीवित प्रमाण पत्र उपलब्ध कराना करें सुनिश्चित

**प्रयागराज।** मुख्य कोषाधिकारी प्रत्यूष कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया है कि ,कलेक्ट्रेट कोषागार के समस्त पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनरों को सूचित किया है कि यद्यपि अब जीवित प्रमाण पत्र पूरे वर्ष भर किसी भी कार्यदिवस में प्रस्तुत/प्रेषित किये जाने की व्यवस्था है, जो कि आगे 01 वर्ष के लिए मान्य रहता है, अतः जिन पेंशनरों का जीवित प्रमाण-पत्र सितम्बर-2023 में जमा होना अपेक्षित है, उन पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनरों की पेंशन अवरूद्ध हो गयी है। ऐसे समस्त पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनरों को सूचित किया जाता है कि कोषागार में उपस्थित होकर प्रत्येक कार्यदिवस में पूर्वान्ह 10:00 बजे से अपरान्ह 02:00 बजे तक अथवा सुविधा केन्द्र के माध्यम से डिजिटल मोड में अथवा पेंशन प्राप्त करने वाले बैंक के माध्यम से अपना जीवन प्रमाण पत्र प्रस्तुत/उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, जिससे अवरूद्ध पेंशन का भुगतान हो सके। इसके अतिरिक्त आगामी वर्षों में भी ससमय जीवित प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने का कष्ट करें, जिससे कि निर्बाध रूप से पेंशन का भुगतान किया जा सके।

## प्रख्यात साहित्यकार डॉ. देवी प्रसाद कुंवर का निधन

अखंड भारत संदेश



**झूंसी।** प्रख्यात साहित्यकार एवं रचनाकार डॉ देवी प्रसाद कुमार का बुधवार की भोर में निधन हो गया। 75 वर्ष की आयु पूरी कर चुके डॉक्टर देवी प्रसाद लीवर सिरोसिस बीमारी से ग्रस्त थे। उनका उपचार दिल्ली के लिवर हॉस्पिटल में हो रहा था। इसके बाद वह झूंसी स्थित डॉक्टर संजय त्रिपाठी से उपचार करा रहे थे। सुबह के 10:00 बजे छतनाग घाट पर उनका अंतिम क्रिया किया गया। मुखाग्नि उनके ज्येष्ठ पुत्र डॉ सव्यसाँची ने दी। उनके अंत्येष्टि संस्कार में विधायक प्रवीण पटेल, पूर्व महापौर एवं के.पी. ट्रस्ट के अध्यक्ष चौधरी जितेंद्रनाथ सिंह, नेहरू ग्राम भारती विश्वविद्यालय के सचिव मनीष मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष के पी ट्रस्ट चौधरी राघवेंद्र नाथ सिंह, सेंट्रल अकेडमी के निदेशक एस के तिवारी, पूर्व सी एम ओ प्रदीप सिन्हा, के.पी. ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष टी.पी. सिंह, पूर्व स्वास्थ्य निदेशक डॉ अरविन्द श्रीवास्तव, इंजीनियर पी.सी. श्रीवास्तव, डॉ संजय त्रिपाठी, संजय मिश्र वनकटा, डॉ सुशील सिन्हा, धीरेन्द्र श्रीवास्तव, अनिल श्रीवास्तव, रमेश चंद श्रीवास्तव, पूर्व प्रधान सुरेन्द्र त्रिपाठी, मनोज द्विवेदी, सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्ध जन, पत्रकार एवं समाजसेवियों ने श्रद्धांजलि दी। डॉ कुंवर अपने पीछे तीन पुत्रों डॉ सव्यसाँची, शाश्वत, डॉ सीमांत प्रियदर्शी, तीन पुत्रवधुओं श्रीमती मनीषा, श्रीमती सुप्रिया,श्रीमती ऋचा, पौत्री समृद्धि, वैभवी तथा पौत्र शार्दुल का भरा पूरा परिवार छोड़ गये।


## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूल बस मेरे ड्राइविंग लाइसेंस संख्या यूपी 73-20 2110008444 में रिजवान पुत्र छेददु लिख गया है जो गलत है मेरा सही नाम रिजवान अहमद पुत्र छेददु निवासी नेता नगर मंझनपुर जनपद कौशांबी है मुझे रिजवान अहमद समझा जाए।



## कार्यालय, नगर पालिका परिषद मंझनपुर, कौशाम्बी।

**नामान्तरण (गृहकर) सूचना**

श्रीमती सोनी केशरवानी पत्नी नरेन्द्र केशरवानी निवासी वार्ड नम्बर 03, चौधरी बैजनाथ नगर (नेता नगर) मंझनपुर जनपद कौशाम्बी की द्वारा दिनांक 14.07.2023 के द्वारा अवेदन पत्र के साथ संलग्न रजिष्ट्री बैनामा दिनांक 22.05.2023 की छाया प्रति प्रस्तुत किया गया है जिसमे अवेदक के द्वारा रजिष्ट्री बैनामा के अधार पर नगर पालिका परिषद मंझनपुर के भवन / गृहकर में नाम दर्ज करने हेतु प्रस्तुत किया गया है। उ०प्र० नगर पालिका अधिनियम 1916 एवं नगर पालिका परिषद मंझनपुर द्वारा निर्मित गृहकर एवं विविध उपविधि नियमावली 2021 में वर्णित सुसंगत प्रावधानों के अन्तर्गत वर्तमान नगर पालिका परिषद मंझनपुर (पूर्व नगर पंचायत) के वार्ड नम्बर 4, अब्दुल कलाम अजाद नगर (मन्सूर नगर) के भवन / प्लाट, के स्वामीः- श्रीमती रामसखी पत्नी रामविसाल निवासीगण मन्सूर नगर मंझनपुर पोस्ट व तहसील मंझनपुर परगना करारी जनपद कौशाम्बी के द्वारा विक्रय पंजीकृत बैनामा संख्या- 1991/2023 (दिनांक 22.05.2023) जो विकृीत भूमि / प्लाट रजिष्ट्री बैनामा के पन्ना संख्या 4 में अकिंत विवरण के अनुसार विकृत भूमि / प्लाट जो मौजा मंसूर नगर (वार्ड नम्बर 4, अब्दुल कलाम अजाद नगर पालिका मंझनपुर) परगना करारी तहसील मंझनपुर जिला कौशाम्बी में स्थित है जो कि उत्तर से उक्षिण 13 (तेरह) फुट चौड़ा व पूरब से पश्चिम 65 (पैंसठ फुट लम्बा जिसका कुल क्षेत्रफल 79 वर्गमीटर विक्रय किया जिसकी चौहद्दी में पूरब- सुशीला देवी का मकान, पश्चिम सोनी केशरवानी का मकान, व उत्तर सुशीला देवी का मकान, दक्षिण- 3 मीटर से कम चौड़ा रास्ता व राजाराम आदि का मकान है। आधार पर उपरोक्त भवन / प्लाट के स्वामी के रूप में श्रीमती सोनी केशरवानी पत्नी नरेन्द्र केशरवानी, निवासी वार्ड नम्बर 03, चौधरी बैजनाथ नगर (नेता नगर) नगर पालिका परिषद मंझनपुर, कौशाम्बी का नाम संयोजन हेतु प्रस्तावित है। उपरोक्त अंकित भूमि / भवन पर भवन कर नमान्तरण हेतु प्रस्तावित संयोजन / संशोधन पर यदि किसी भी व्यक्ति / समूह / हितलाभी को कोई आपत्ति हो तो उपरोक्त प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर साक्ष्य सहित लिखित आपत्ति नगर पालिका परिषद मंझनपुर कौशाम्बी के कार्यालय में उपलब्ध करा दें अन्यथा उपरोक्त भवन / भूखण्ड संशोधित नाम अंकित करने की कार्यवाही नियमानुसार पूर्ण कर दी जायेगी। जिसके जिम्मेदारी नगर पालिका परिषद मंझनपुर जनपद कौशाम्बी की नही होगी। कार्यालय में प्राप्त आपत्ति के साथ आपत्तिकर्ता लिखित रूप में अभिलेखीय साक्ष्य के साथ-साथ मु० एक हजार रुपए आपत्ति शुल्क के रूप में नगर पालिका परिषद मंझनपुर में जमा करना अनिवार्य होगा, जो आपत्ति के सही पाये जाने पर आपत्तिकर्ता को वापस कर दी जायेगी तथा गलत आपत्ति पाये जाने की स्थिति में उपरोक्त आपत्ति शुल्क विभाग के पक्ष में जब्त कर लिया जायेगा।

पत्रांक संख्या : 1746/न0पा0परि0मं0/नामांतरण सूचना/202
दिनांक 03 अक्टूबर 2023

**अधिशासी अधिकारी**
**न०पा०प० मंझनपुर**
**कौशाम्बी।**



## कार्यालय ग्राम पंचायत सरांय कुतुबुद्दीन उर्फ जोगियाशेखपुर, वि. ख. फूलपुर, प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पं. वि. अ./कोटेशन/2023-24 **टेण्डर/कोटेशन** दिनांक 04-10-2023

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सरांय कुतुबुद्दीन उर्फ जोगियाशेखपुर में **SLWM**/15वां वित्त/मनरेगा/एसबीएमसीजी के अंतर्गत कराए जाने वाले कार्यो हेतु (सामाग्री श्रम सहित) सील बन्द निविदा दिनांक 05.10.2023 से 19.10.2023 तक सुबह 11:00 तक कार्यालय कार्य दिवस में आमंत्रित की जाती है तथा दिनांक 19.10.2023 को 12 बजे उपस्थित निविदा दाताओं के समक्ष अद्योहस्ताक्षरी के द्वारा गठित कमेटी के समक्ष खोली जाएगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | संख्या | योजना | अनुमानित लागत | कार्य की की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | व्यक्तिगत नाडेप (कम्पोस्ट पिट) | 8 नग | SLWM | 42400.00 | 2 माह |
| 2. | व्यक्तिगत वर्मी (कम्पोस्ट पिट) | 1 नग | SLWM | 29300.00 | 2 माह |
| 3. | सामुदायिक एवं संस्थागत खाद गड्ढा (कम्पोस्ट पिट) | 17 नग | SLWM | 37825.00 | 2 माह |
| 4. | सामुदायिक नाडेप (कम्पोस्ट पिट) | 16 नग | SLWM | 109750.00 | 2 माह |
| 5. | सामुदायिक एवं संस्थागत इन्सिनरेटर (भस्मक) | 3 नग | SLWM | 46000.00 | 2 माह |
| 6. | व्यक्तिगत सोकपिट | 18 नग | SLWM | 112950.00 | 2 माह |
| 7. | सामुदायिक एवं संस्थाओं हेतु सोकपिट | 11 नग | SLWM | 249150.00 | 2 माह |
| 8. | सिल्ट केचर (नालियों पर) | 4 नग | SLWM | 36000.00 | 2 माह |
| 9. | यू टाइप नाली निर्माण/मरम्मत (घर/संस्था) | 15 नग | SLWM | 37665.00 | 2 माह |
| 10. | हैण्डपम्प प्लेटफार्म रेट्रोफिटिंग/ मरम्मत/ निर्माण/सेनेटरी इम्प्रूवमेंट | 9 नग | SLWM | 23000.00 | 2 माह |
| 11. | हैण्डपम्प पर सोकपिट | 23 नग | SLWM | 343850.00 | 2 माह |
| 12. | सामुदायिक वर्मी कम्पोस्टिंग | 1 नग | SLWM | 29300.00 | 2 माह |
| 13. | स्वच्छता किट | 1 नग | SLWM | 19000.00 | 2 माह |
| 14 | फिल्टर चैम्बर (तालाबो/जलाशयों पर) | 3 नग | SLWM | 90000.00 | 2 माह |
| 15. | कचरा वाहन (ई-रिक्शा /साइकिल रिक्शा) | 1 नग | SLWM | 160000.00 | 2 माह |
| 16. | एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र (RRC) | 1 नग | SLWM | 5.80 लाख | 2 माह |

**नियम व शर्तें-** (1) फर्म/आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स विभाग में रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य है। (2) कार्य की लागत प्राक्कलन/स्वीकृत के अनुसार घट-बढ़ सकती है। (3) कार्य की पूर्ति निश्चित समय सीमा में मानक के अनुसार किया जाना है तभी भुगतान संभव है। (4) गुणवत्ता/मानक में कमी पाए जाने पर धनराशि नियमानुसार कटौती कर ली जाएगी। (5) टेंडर फॉर्म के साथ **2%** अर्नेस्ट मनी के रूप में जमा करना अनिवार्य होगा। (6) निविदा स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार बिना कारण बताए अद्योहस्ताक्षरी में पूर्णतः निहित है।

**श्रीमती संजू गुप्ता**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत- सरांय कुतुबुद्दीन उर्फ जोगियाशेखपुर**
**वि0 ख0-फूलपुर, प्रयागराज**

**महेश कुमार**
**सचिव**
**ग्राम पंचायत- सरांय कुतुबुद्दीन उर्फ जोगियाशेखपुर**
**वि0 ख0-फूलपुर, प्रयागराज**

# हुनर का प्रदर्शन करने वाला जीवन में कभी फेल नहीं हो सकता

### आईटीआई परिसर में हुआ दीक्षांत समारोह

अखंड भारत संदेश



दीक्षांत समारोह में मौजूद छात्रगण व अतिथिगण।

**प्रतापगढ़।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य बीबी सिंह ने वीयन आईटीआई पहाड़पुर के दीक्षांत समारोह के अवसर पर बोलते हुए कहा कि दुनिया की बदलती तकनीक से अपडेट रहकर अपने हुनर का प्रदर्शन करने वाला जीवन में कभी फेल नहीं हो सकता।

उन्होंने दीक्षांत समारोह के अवसर पर आईटीआई के उत्तीर्ण छात्रों का दीक्षांत में उत्साहवर्द्धन करते हुए कहा कि काम से कभी हाथ गंदा नहीं होता बल्कि ब्यक्ति के कार्य और जीवन दोनो में निखार आता है। दुनिया हुनर की कीमत जरूर करती है, जिसने भी अनुशासन से संस्थान में रहकर हुनर सीखा और आगे उसे अनुशासन और कठिन परिश्रम के साथ यदि लगन से काम करता रहेगा तो निश्चित रूप से सफलता उसके कदम चूमती रहेगी। उन्होंने कहा कि आज वैश्विक बाजार में दुनिया की बदलती तकनीक के दौर में देश के प्रधानमंत्री जी द्वारा कौशल विकास पर पुरजोर कोशिश करके युवाओं को अपडेट रखने का जो प्रयास किया जा रहा है उसके परिणाम स्वरूप भारत तेजी के साथ वैश्विक प्रतिस्पर्धा के दौर में अपने युवाओं के तकनीक व जज्बा के साथ अग्रिम पंक्ति की दौड़ में शामिल करने में कामयाबी हासिल कर रहा है। प्रधानाचार्य ने कहा कि नौकरी के साथ व्यापार में संभावनाएं अपार हैं।इस अवसर पर संस्थान के प्रबंधक एवं भाजपा के जिला उपाध्यक्ष भूपेश त्रिपाठी ने कहा कि तकनीक के क्षेत्र में नित्य नए परिवर्तन हुआ करते रहते हैं और इन्ही दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुये वीयन आईटीआई के छात्रों को अपडेट और अपटूडेट रखने का प्रयास संस्थान द्वारा कुशल प्रशिक्षकों के माध्यम से किये जाने का प्रयास अनवरत जारी रहता है। दीक्षांत समारोह के अवसर पर सफल प्रतिभागियों का विधिवत सारस्वत सम्मान भी अतिथियों द्वारा किया गया। समारोह में विवेक उपाध्याय डीजीसी ग्राम सभा, शिवम त्रिपाठी, शीतला प्रसाद मिश्र, अनिकेत विश्वकर्मा, आनन्द गिरी, रवि वर्मा, शिवमूर्ति मिश्रा, अमर त्रिपाठी, सुनील मिश्र फुलगेन्द्र, राजाराम वर्मा, कालिका प्रसाद पाण्डेय, उमाशंकर वर्मा आदि उपस्थित रहे। समारोह का संचालन शिक्षक नेता केके मिश्र द्वारा किया गया।

# सरायदली गांव में बच्चों ने स्वच्छता पखवारे का किया शुभारंभ

### स्वच्छता संगोष्ठी में डॉ. दयाराम मौर्य ने बताया स्वच्छता का महत्व

अखंड भारत संदेश



स्वच्छता संगोष्ठी में बोलते डा0 दयाराम मौर्य।

**प्रतापगढ़।** सृजना साहित्यिक संस्था उत्तर प्रदेश द्वारा सदर विकास खंड के सरायदली गांव में स्वच्छता पखवारे का आरंभ सफाई कार्य एवं संगोष्ठी से हुआ। कक्षा-शिक्षण भी हुआ। बच्चों ने परिवेश की सफाई करके सफाई कार्य का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त किया।

अध्यक्षता करते हुए पूर्व बाल न्यायाधीश व लब्धप्रतिष्ठित साहित्यकार डॉ दयाराम मौर्य रत्नेश ने कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का निवास होता है। अतः शरीर से सफाई शुरू करके घर, परिवार, गांव से समस्त परिवेश तक की स्वच्छता का ध्यान रखना चाहिए। छात्र आदर्श ने कहा कि स्वच्छता से रोगों से आसानी से बचा जा सकता है। छात्रा लक्ष्मी ने कहा कि सफाई पर पूरे वर्ष ध्यान देना चाहिए। सभी बच्चों आयुष, श्रवण, सृष्टि, स्वाती, अनन्या, श्लोक, साक्षी, अभि, देवांश, आर्या ने अपने-अपने चिंतन से अच्छे-अच्छे विचार प्रकट किए। इस अवसर पर अभिभावक जितेंद्र कुमार, प्रेमदास, वीरेंद्र कुमार, अनुराग, आत्माराम, शैलेन्द्र कुमार इत्यादि ने विचार रखे।

## केसरवानी महिला सभा के वार्षिकोत्सव में दर्जनों पुरस्कार जीते मेधावी महिलाओं ने

### कार्यकारिणी की बीना बनीं अध्यक्षा व शिमला महामंत्री

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** केसरवानी महिला सभा के वार्षिकोत्सव में डांडिया नृत्य व बेस्ट जोड़ी का चुनाव नगर के एक होटल में सम्पन्न हुई जिसमें डांडिया क्वीन के रुप में ऋचा केसरवानी का चुनाव किया गया। इस अवसर पर केसरवानी महिला सभा की कार्यकारिणी का भी गठन हुआ। कार्यकारिणी में बीना अध्यक्षा, शिमला महामंत्री व रिया को कोषाध्यक्ष चुना गया। चुंदरी थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में महिलाओं की साज सज्जा देखते ही बनती थी। डांडिया वॉक का आयोजन इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। बेस्ट जोड़ी के चुनाव में सास-बहू की जोड़ी, ननद-भाभी की जोड़ी, देवरानी-जेठानी की जोड़ी, मां-बेटी की जोड़ी में महिलाओं ने अपनी प्रस्तुतियां दी और पुरस्कार जीते। मुख्य अतिथि की भूमिका में मंजूला तथा जजों की भूमिका में चड्ढा, अरुणा द्विवेदी, मोना सिंह व रचना श्रीवास्तव रहीं। मुख्य आयोजिका अरुणा केसरवानी ने कार्यक्रम की शुरूआत की तथा कार्यक्रमों की श्रृंखला प्रस्तुत की। उनकी सलाकार समिति की प्रमुख उमा केसरवानी एवं पुष्पा केसरवानी ने सम्पूर्ण कार्य का प्रबंधन कुशलता से किया। कार्यक्रम में रिया, शिप्रा, रुचि, शकुंतला, विभा, रानी, नेहा, अनुराधा, अंजनी, डाली, सुषमा, नीलू, आकांक्षा, अनीता सहित सैकड़ों महिलाएं व बच्चे उपस्थित रहे।

# जनपद की पहचान पूरे प्रदेश में कौमी एकता को समर्पित

### विकास भवन सभागार में जिला एकीकरण समिति की हुई बैठक

अखंड भारत संदेश



जिला एकीकरण समिति की बैठक में बोलते ड0 मोहम्मद अनीस।

**प्रतापगढ़।** हम एक थे हम एक हैं हम एक रहेंगे. कुछ ऐसी जोश और जब्बे के साथ आज जिला एकीकरण समिति की महत्वपूर्ण बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष माधुरी पटेल की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में संपन्न हुई जिसमें समिति के सभी सदस्यों ने जिले में कौमी एकता को बरकरार रखने के लिए और आपसी भाईचारा बनाने के लिए अपने-अपने विचार रखे।

कार्यक्रम में संरक्षक के रूप में नवागत मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहरा रहे। आयोजन के तौर पर जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद रहे। कार्यक्रम में प्रारंभ में समिति के वरिष्ठ सदस्य डॉक्टर मोहम्मद अनीस व रोशन लाल उमरवैश्य द्वारा नवजात मुख्य विकास अधिकारी का पुष्प देकर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम का संचालन समिति के वरिष्ठ सदस्य डॉ0 मोहम्मद अनीश ने किया और कहा कि इस समिति का उद्देश्य जनपद में कौमी एकता को बढ़ावा देना साथ ही साथ आपसी भाईचारे को भी बढ़ावा देना है। जिला विकास अधिकारी ने कहा कि जिला एकीकरण समिति की बैठक के माध्यम से हम समाज में एक स्वस्थ माहौल बनाते हैं। जिला सूचना अधिकारी ने कहा कि जनपद की पहचान पूरे प्रदेश में एक अच्छे और कौमी एकता को समर्पित जिले के रूप में है। रोशन लाल उमर वैश्य ने कहा कि जनपद प्रतापगढ़ हमेशा से कौमी एकता के लिए प्रसिद्ध रहा है यहां पर सभी धर्म के लोग सभी धार्मिक त्योहारों को आपस में मिलजुल कर मनाते हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक ने कहा कि जनपद में आपसी भाईचारा और मेल मिलाप हमेशा से बना है। जनपद में सांप्रदायिक घटनाएं कभी नहीं हुई है और हम समाज में शिक्षकों और छात्र-छात्राओं के माध्यम से एक अच्छा माहौल बना रहे हैं जिससे कि जनपद में कौमी एकता हमेशा बनी रहे। इस मौके पर मौलाना वासिल, मुख्य विकास अधिकारी, डॉ सरदार सिंह जिला विद्यालय निरीक्षक प्रतापगढ़ राजेश कुमार सिंह जिला सूचना अधिकारी प्रतापगढ़ मौलाना वासिल अहमद शिक्षक अब्दुल कलाम इंटर कॉलेज प्रतापगढ़, राम मिश्रा वरिष्ठ समाज सेविका अब्बास अहमद डॉ राकेश यादव आदि ने भी अपने विचार रखे।

## स्वच्छता अभियान को प्रभावी बनाने के लिए संसाधनों की उपलब्धता होगी प्राथमिकता

### नपं चेयरपर्सन ने कूड़ा गाड़ी व सक्शन मशीन को नगरवासियों को किया समर्पित

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्वच्छता अभियान के तहत लालगंज नगर पंचायत को एक मैजिक कूड़ा गाड़ी तथा एक सक्शन मशीन की और सौगात मिली है। अभियान के तहत नगर पंचायत अध्यक्ष अनीता द्विवेदी ने वाहन को हरी झण्डी दिखाकर नगर के वार्डो के लिए रवाना किया। नपं अध्यक्ष अनीता द्विवेदी ने कहा कि कूड़ा गाड़ी तथा सक्शन मशीन की इस नवीन उपलब्धता से नगर को स्वच्छ बनाए रखने में सहूलियत मिल सकेगी। उन्होने कार्यक्रम में शामिल लोगों से साफ सफाई के लिए स्वयं तथा अपने सम्पर्क में रहने वाले लोगों से भी जागरूकता का संकल्प लिये जाने का आहवान किया। अधिशाषी अधिकारी पदमजा मिश्रा ने शासन के स्वच्छता को लेकर विशेष अभियान की कार्ययोजना से लोगों को अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने किया। इस मौके पर सभासद दारा सिंह, सभासद पन्ने लाल पाल, हरिशंकर, आशीष जायसवाल, सोनू शुक्ल, अनिकेत दुबे, अरविन्द मिश्र, विकास तिवारी, शास्त्री सौरभ, रोहित मिश्रा, निधि दुबे, सोनू मिश्र आदि रहे।

# सपा का प्रशिक्षण शुरू, देर शाम पहुंचेगे अखिलेश यादव

### प्रशिक्षण में शिवपाल यादव व प्रदेश अध्यक्ष शामिल

अखंड भारत संदेश



प्रशिक्षण शिविर में बोलते पूर्व मंत्री शिवपाल यादव।

**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी का प्रशिक्षण कार्यक्रम आज राजकीय इंटर कालेज में शुरू हो गया। शाम को सपा मुखिया व प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के भी पहुंचने का कार्यक्रम है। वैसे प्रशिक्षण में वह कल ही मुख्य रुप से भाग लेंगे। अखिलेश यादव आज यहां देर शाम आने पर लोक निर्माण विभाग में रात रुकेंगे और पांच अक्टूबर को दिन में 11 बजे वह प्रशिक्षण स्थल पर पार्टी कार्यकताओं को सम्बोधित करेंगे।

आज सपा के प्रदेश अध्यक्ष व राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व मंत्री शिवपाल यादव एक दिन पहले ही यहां आ गये हैं। आज बूथ व सेक्टर कार्यकताओं का प्रशिक्षण शुरू कर दिया गया है। जिले के आसपास जिलों अमेठी, प्रयागराज, सुल्तानपुर के सपा कार्यकर्ता भी पहुंच रहे हैं। राजकीय इंटर कालेज में सपाईयों का तांता लगा हुआ है। सपा मुखिया व पूर्व मुख्यमंत्री के आने पर कार्यकताओं की भीड़ उमड़ने की संभावना है। इस भीड़ को नियंत्रित करना भी एक बड़ी चुनौती है। वैसे प्रशासन भी प्रशिक्षण पर नजर रखे हुए है। नगर पालिका ने राजकीय इंटर कालेज में साफ-सफाई करने के बाद मोबाइल टॉयलेट व पीने का पानी का टैंकर मुहैया कराया है। पर्याप्त पुलिस बल भी तैनात किया गया है। आज दिन भर कार्यकर्ता शिवपाल यादव व प्रदेश अध्यक्ष से बड़ी संख्या में लोग मिलने पहुंचे थे। प्रशिक्षण में सपा जिलाध्यक्ष पर पुलिस कार्यवाही की भी चर्चा होने की भी संभावना है। वैसे आज मीडिया कर्मियों को इस प्रशिक्षण से दूर रखा गया। पूर्व मीडिया प्रभारी मनीष पाल ने बताया कि मीडिया वालों को पांच अक्टूबर को कार्यक्रम के बाद पूरी जानकारी अधिकृत रुप से दी जाएगी।

## किशोरी के अपहरण का मुकदमा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने किशोरी के अपहरण को लेकर अज्ञात के खिलाफ मंगलवार की रात केस दर्ज किया है। लालगंज के मोठिन पूरे पितम्बर निवासी बुद्धीधर की पत्नी रेखा द्विवेदी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि नौ सितंबर को उसकी सोलह वर्षीया पुत्री घर से दवा लेने के नाम पर बाहर गयी। देर शाम तक वह वापस घर नही लौटी। पीड़िता ने पुत्री के अपहरण को लेकर अप्रिय वारदात की आशंका भी जतायी है।

# साधू से बदमाशों ने छीन ली नकदी

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** भिक्षाटन कर जीवन यापन करने वाले साधु को अराजक तत्वों ने पीट कर एक हजार छीन लिया। घायल साधु का पुलिस ने मेडिकल कराया है। साधु ने अज्ञात के खिलाफ प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। जौनपुर जनपद के सुजानगंज स्थित गौरी शंकर धाम पर निवास करने वाला साधु पट्टी क्षेत्र में आया हुआ था। रात्रि हो जाने के कारण पट्टी कस्बे के सेंट जेवियर स्कूल के समीप एक गुमटी के बगल सो रहा था। आरोप है कि रात्रि करीब दस बजे तीन लोग पहुंचे और उसके पास से एक हजार छीन लिया। विरोध पर साधु की डंडे से जमकर पिटाई की गई। साधु रात में ही कोतवाली आया था। बुधवार की सुबह पुलिस ने साधु का मेडिकल सीएचसी में कराया है। पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। पट्टी कोतवाली में तीन-तीन इंस्पेक्टर की तैनाती है बावजूद इसके पुलिस अपराध पर अंकुश लगाने में सफल नहीं हो रही है। आए दिन चोरी-छिनैती मारपीट की वारदातें हो रही हैं। जिस पर पुलिस अंकुश लगाने में नकारा साबित हो रही है।

## पुलिस पर लीपापोती का आरोप

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के लाखीपुर कप्सा गांव में हुई मारपीट के मामले में पीड़ित महिला ने पुलिस पर मुकदमा दर्ज नहीं करने का आरोप लगाया है। गांव की रहने वाली इन्द्रावती पत्नी पूर्णमासी ने क्षेत्राधिकारी को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि बीते 22 सितंबर को खड़ंजा बिछाने को लेकर विपक्षियों ने एक राय होकर उसे घर में घुसकर मारपीट कर घायल कर दिया था। मामले की शिकायत करने के बावजूद पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा नहीं दर्ज किया। पीड़ित महिला मामले की शिकायत लेकर क्षेत्राधिकारी कार्यालय पहुंची और आरोपियों पर कार्रवाई किए जाने की मांग करते हुए शिकायती पत्र दिया है।

# 160 ग्राम पीली धातु नकदी के साथ तीन अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा निरंतर अभियान चलाकर अपराध/अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना कोतवाली नगर के उ0नि0 सतीश कुमार व उ0नि0 अमित कुमार चैहान मय हमराह व प्रभारी स्वाट टीम सुनील कुमार यादव द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त/विवेचना के दौरान भ्रमण पर थे।

मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र कोतवाली नगर के मीरा भवन के पास से थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 643/2023 धारा 454, 380 भादवि से संबंधित अभियुक्तों दिलीप कुमार गौड़ उर्फ दीपक पुत्र लालचन्द्र गौड़ नि0 मुर्गी फार्म कालोनी थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़, अभिषेक मौर्या पुत्र हरिश्याम मौर्या नि0 पल्टन बाजार मौर्य नगर थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़. के पास से चोरी के अभियोग से सम्बन्धित दो-दो हजार रुपये बरामद किये गये। दोनों की निशांदेही पर अभियुक्त उमेश कुमार सोनी पुत्र रामस्वरुप सोनी नि0ग्राम अचलपुर थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ के पास चोरी की 160 ग्राम पीली धातु पीली बरामद किया गया। उक्त बरामदगी के सम्बन्ध में अभियोग उपरोक्त में धारा 411, 414 भादवि की बढ़ोत्तरी की गई। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों दिलीप कुमार गौड़ उर्फ दीपक व अभिषेक मौर्या द्वारा बताया गया हम दोनो व मेरे अन्य दो साथियों के साथ मिलकर 25 सितम्बर 2023 को शुकुलपुर दहिलामऊ से एक व्यक्ति के घर में घुसकर एक लाख रुपया व सोना, चांदी जेवरात चुराये थे। पैसों को हम लोगों ने आपस में बराबर बांट लिया था एवं लगभग 160 ग्राम सोना उमेश कुमार सोनी उपरोक्त को बेंच दिया था जिसके एवज में उमेश ने (पांच लाख) रुपये दिया था। जिसमें से दिलीप कुमार को 50 हजार रुपये व मो0 चांद को 01 लाख रुपये दिया था तथा अभिषेक को 01 लाख 52 हजार रुपये व मनीष वर्मा को 01 लाख 98 हजार रुपये खाते में भेजा था। स्वाट टीम में उ0नि0 सुनील कुमार यादव मय हमराह मु0आरक्षी आलोक कुमार, मु0आरक्षी पंकज दुबे, मु0 आरक्षी महेन्द्र प्रताप, आरक्षी सत्यम यादव, आरक्षी श्रीराम सिंह, आरक्षी चन्द्रगुप्त, आरक्षी राजेन्द्र कुमार, आरक्षी प्रवीण कुमार व आरक्षी राजेन्द्र गुप्ता शामिल रहे।

## दो वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

उधर जिले के थाना सांगीपुर के उ0नि0 राजानारायण यादव मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर अ0सं0 193/2015 धारा 31(1) घरेलू हिंसा अधिनियम थाना महेशगंज जनपद प्रतापगढ़ से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त सियाराम पुत्र बुधराम व राजेन्द्र पुत्र सियाराम नि0गण ग्राम पूरे ठेगीं तारापुर थाना सांगीपुर जनपद प्रतापगढ़ को उनके घर से गिरफ्तार किया गया।

### फायरकर्मियों तथा नगरवासियों की मेहनत लाई रंग, एक गोवंश को बचाया

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कस्बे के कुम्हिया में खुले शौचालय के गड्ढे में दो गोवंश गिर गए गिरने से एक गौवशंकी मौत हो गई दूसरे को फायर कर्मियों ने सेफ्टी टैंक को तोड़कर बड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह दूसरे को जीवित बाहर निकाला। पट्टी कस्बे के कुम्हिया में स्थित खुले शौचालय के सेफ्टी टैंक में दो गौवंश गिर गए, जिसमें से एक गौवंश की मौत हो गई लोग वहां एकत्रित हो गए और इसकी सूचना फायर ब्रिगेड कर्मियों को दी सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड कर्मी सेफ्टी टैंक की दीवार को तोड़कर 3 घंटे की मशक्कत के बाद एक गोवंश को जीवित बाहर निकाला दूसरे गोवंश की मौत हो चुकी थी। आसपास के लोगों ने फायर कर्मियों तथा नगर वासियों को प्रति आभार प्रकट किया।

### चाय पान की दुकान से बीयर बरामद, दो आरोपियों पर केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने नगर की बाजार में एक चाय पान की दुकान से भारी मात्रा में बीयर की केन बरामद करने में सफलता ली है। चाय की दुकान की आड़ में शराब बिक्री के पुलिस द्वारा पदार्फाश किये जाने से बाजार के लोग भी हतप्रभ देखे गये। कोतवाली के दरोगा जावेद अहमद खां फोर्स के साथ मंगलवार की शाम बाजार में गश्त पर निकले थे।

# मिशन शक्ति योजना से महिलाओं के सशक्तीकरण को मिली सार्थकताःएसडीएम

### बहुगुणा पीजी कालेज में छह दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में आत्मरक्षा एवं उद्यमिता विकास पर हुआ मंथन

अखंड भारत संदेश



प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करती डॉ0 पूर्णिमा मिश्रा।

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय हेमवती नंदन बहुगुणा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बुधवार को मिशन शक्ति योजना के छः दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। महाविद्यालय प्रबन्ध समिति की अध्यक्ष डॉ0 पूर्णिमा मिश्रा एवं एसडीएम लालधर सिंह यादव तथा सीओ रामसूरत सोनकर ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रशिक्षण शिविर के उदघाटन सत्र को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि एसडीएम लालधर सिंह यादव ने कहा कि मिशन शक्ति के माध्यम से महिलाओं को उनके संवैधानिक अधिकार के प्रति मजबूत बनाया जाना ही लक्ष्य है। विशिष्ट अतिथि पुलिस उपाधीक्षक रामसूरत सोनकर ने महिलाओं की सुरक्षा तथा जागरूकता को लेकर जानकारियां प्रदान की। प्रबन्ध समिति की अध्यक्ष डॉ0 पूर्णिमा मिश्रा ने कहा कि देश के विकास तथा हर क्षेत्र में आज महिलाओं की सशक्त भूमिका मिशन शक्ति की सफलता है। प्राचार्य डॉ0 शैलेन्द्र मिश्र ने मिशन शक्ति योजना की सार्थकता पर प्रकाश डाला। नगर पंचायत की अधिशाषी अधिकारी पदमजा मिश्रा ने महिलाओं की सशक्त भागीदारी की आवश्यकता पर जोर दिया। महिला आरक्षी वंदना ने महिलाओं को आत्म सुरक्षा को लेकर जागरूकता के उपाय सुझाये। यूपी कॉन संस्थान द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में एक सौ पचास प्रशिक्षार्थी आत्मरक्षा एवं उद्यमिता विकास के गुर सीखेंगे। समन्वयक अमित मिश्र ने प्रशिक्षण के ध्येय पर प्रकाश डाला। आभार प्रदर्शन डॉ0 फणीन्द्र नारायण मिश्र ने किया। इस मौके पर डा. ऋचा सुकुमार, पंकज सिंह, विक्रम सिंह, वज्रघोष ओझा आदि रहे।

## जमीन पर कब्जे की शिकायत पुलिस से

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पुस्तैनी आबादी की भूमि पर दबंगों द्वारा अवैध तरीके से कब्जा किए जाने के आरोपी की शिकायत कोतवाली पुलिस से करते हुए कार्रवाई की मांग की गई है। तहसील क्षेत्र के कंधई थाना अंतर्गत शेखनपुर गांव के रहने वाले संजय पुत्र ने पुलिस को नामजद तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसकी पुश्तैनी आबादी की भूमि पर दबंगई के बल विपक्षियों द्वारा कब्जा किया जा रहा है। विरोध करने पर विपक्षी आमादा फौजदारी हो रहें हैं। पीड़ित ने मामले की नामजद तहरीर पुलिस को देते हुए कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में कर रही है।

### भारी मात्रा में पटाखा बरामद, तीन आरोपियों पर मुकदमा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के पास से भारी मात्रा में बारूद के बने हुए पटाखे बरामद करने में सफलता ली है। रानीगंज कैथौला चैकी इंचार्ज योगेन्द्र सिंह मंगलवार को फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। पुलिस ने बाजार के निवासी मनोज कुमार जायसवाल पुत्र सुंदरलाल तथा रामकुमार जायसवाल के पुत्र छग्गू लाल व रमेश जायसवाल के पास से बासठ किलो बारूद के बने हुए पटाखे बरामद किये। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम का केस दर्ज किया है। आरोपियों को पुलिस ने बुधवार को न्यायालय भेज दिया।

# साली के घर जा रहे बाइक सवार युवक को ट्रक ने कुचला मौत

## हादसे की जानकारी मिलते ही घर परिवार रिश्तेदारों में मचा कोहराम फतेहपुर का रहने वाला है मृतक युवक




अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** फतेहपुर जनपद का रहने वाला एक युवक मोटरसाइकिल से अपनी साली के घर सैता गांव जा रहा था संदीपन घाट थाना के ग्राम महगांव जीटी रोड पर बड़ौदा यूपी ग्रामीण बैंक के पास बाइक को पीछे से अज्ञात वाहन ने कुचल दिया है हादसे में बाइक सवार युवक की घटनास्थल पर मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और हादसे की जानकारी मृतक के परिवार और रिश्तेदारों को दे दी है जानकारी मिलने के बाद मृतक के परिवार रिश्तेदार पहुंच चुके हैं मौके पर कोहराम मचा हुआ है।

घटनाक्रम के मुताबिक फतेहपुर जनपद के जहानाबाद थाना बकेवार के ग्राम कुचवारा निवासी हरिकेश उम्र करीब 27 वर्ष पुत्र रामऔतार की दो वर्ष पूर्व शादी हुई थी मंगलवार को वह अपने घर से बाइक से कौशांबी के सैता गांव साली के घर घूमने के लिए निकला था रास्ता भटक जानें की वजह से वह आगे निकल गया फिर वापस आते वक्त महगांव बैंक के पास जीटी रोड पर बाइक सवार युवक को किसी अज्ञात वाहन ने पीछे से कुचल दिया है हादसे में हरिकेश गम्भीर रूप से घायल हो कर सड़क पर गिर पड़े और घटनास्थल पर ही तड़प तड़प कर उनकी मौत हो गई। जबकि घटना के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। खबर लिखे जाने तक वाहन को पुलिस खोज नहीं सकी है घटना की सूचना पर संदीपन घाट थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई पुलिस ने मृतक के परिजनो को अवगत कराया। घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के परिजन और कुछ परिचितों के साथ रात में ही मौके पर पहुंच गए पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# मेहता कॉलेज के प्रोफेसर की सड़क हादसे में हुई मौत

## पूरे महाविद्यालय में शोक की लहर प्राचार्य प्रोफेसर सहित तमाम शिक्षक पहुंचे मृतक प्रोफेसर के घर

अखंड भारत संदेश



**भरवारी कौशांबी।** भरवारी कस्बा स्थित भवंस मेहता महाविद्यालय के प्रोफेसर बुधवार को अपने निवास हंडिया से बाइक से विद्यालय आ रहे थे इसी बीच तेज रफ्तार डम्फर ने मेहता कॉलेज के प्रोफेसर की बाइक में टक्कर मार दिया है जिससे मेहता कॉलेज के प्रोफेसर की दर्दनाक मौत हो गई है मामले की जानकारी मिलते ही पूरे महाविद्यालय परिसर में शोक की लहर दौड़ गई महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर प्रबोध श्रीवास्तव ने शोक सभा आयोजित कर मृतक प्रोफेसर को शोक संवेदना व्यक्त किया है और तमाम शिक्षकों के साथ प्राचार्य प्रयागराज के मेडिकल कॉलेज पहुंचे हैं जहां उनका पोस्टमार्टम हो रहा है मृतक प्रोफेसर के दो जुड़वा बेटी उम्र 7 वर्ष वा पत्नी को जैसे ही हादसे की जानकारी मिली कोहराम मच गया है। जानकारी के मुताबिक प्रयागराज जनपद के हंडिया के रहने वाले लक्ष्मीकांत मिश्रा उम्र 48 वर्ष की भवंस मेहता महाविद्यालय भरवारी में 8 वर्ष पूर्व प्रोफेसर के पद पर नियुक्ति हुई थी बेहद सरल मृदुभाषी व्यक्तित्व के धनी लक्ष्मीकांत मिश्रा ने लोगों के दिलों में जगह बना ली थी बुधवार को हंडिया से महाविद्यालय के लिए वह बाइक से निकले थे लेकिन रास्ते में सड़क हादसे में लक्ष्मीकांत मिश्रा की मौत हो गई है मौत की जानकारी मिलते ही पूरे महाविद्यालय परिसर में शोक की लहर दौड़ गई शोक सभा आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई भवंस मेहता महाविद्यालय में छुट्टी घोषित कर दी गई है।

# तहसील के अधिकारी और दलाल मिलकर खा गए मछली पालन पट्टा धारक की एक लाख की रकम!

## वर्षो बीत जाने के बाद भी पट्टा धारक को नहीं मिल सकी है एक लाख जमा करने की रसीद एसपी से शिकायत

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** सरकारी कार्यालय से प्राइवेट व्यक्तियों को बाहर करने का योगी सरकार का निर्देश मंझनपुर तहसील में नहीं लागू हो रहा है सरकारी कार्यालय में बाहरी लोग अभी भी आम जनता से दलाली और ठगी में लिप्त हैं आखिर सरकार का निर्देश मानने के लिए क्यों एसडीएम और तहसीलदार तैयार नहीं है इन प्राइवेट लोगों से एसडीएम तहसीलदार का क्या स्वार्थ छिपा है यह जग जाहिर हो रहा है प्राइवेट लोग पूरे दिन दलाली करते हैं लोगो से ठगी करते हैं और अधिकारियों तक पहुंचाते हैं जिससे योगी सरकार का निर्देश मानने के बजाय इन प्राइवेट लोगों को संरक्षण देकर अधिकारी मालामाल होते हैं ताजा मामला मंझनपुर तहसील का सामने आया है कौशांबी थाना क्षेत्र के बैगवा गांव की श्रीमती प्रभावती पासी पत्नी बंसीलाल ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर बताया कि मंझनपुर तहसील से मत्स्य पालन के लिए उसे पट्टा हुआ था पट्टे की किस्त जमा करने के लिए उस पर दबाव बनाया गया और पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के धावड़ा निवासी प्रमोद कुमार पुत्र मेवालाल ने पट्टे की किस्त जमा करने के लिए कहा कि उसे तहसील से भेजा गया है पैसा कम होने के बाद भी उधार कर्ज और अन्य श्रोतों से पैसा एकत्रित कर एक लाख रुपए प्रमोद कुमार को दे दिया गया लेकिन रसीद नहीं दी गई कहा गया कि अभी कंप्यूटर सिस्टम नहीं चल रहा है बाद में रसीद दे दी जाएगी धीरे-धीरे वर्षो का समय बीत गया लेकिन मछली पालन के पट्टे की किस्त की रकम की रसीद नहीं मिल सकी प्रभावती का कहना है कि जब प्रमोद कुमार से अपनी रकम की रसीद की मांग की जाती है तो झगड़ा लड़ाई गाली गलौज और तहसील के अधिकारियों के संरक्षण में वह रंगबाजी की बात करता है पीड़ित महिला ने 20 सितंबर 2023 को कौशांबी थाने में भी शिकायती पत्र दिया लेकिन कौशांबी थाना पुलिस सिस्टम के तहत ठगी करने वाले प्रमोद कुमार का बाल बांका नहीं कर सकी है जिस पर महिला 27 सितम्बर को एसपी कार्यालय पहुंची और फरियाद कर ठगी करने वाले प्रमोद कुमार और उसका साथ देने वाले अधिकारियों को बेनकाब करते हुए उनके नाम मुकदमा दर्ज कराकर गिरफ्तारी कराने की मांग की है एसपी कार्यालय में शिकायती पत्र देने के बाद 6 दिन बीत जाने के बाद भी थाना पुलिस ने अभी तक मामले में मुकदमा नहीं दर्ज किया है आरोपी की गिरफ्तारी नहीं की है जिससे थाना पुलिस के कार्यों पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

# कौशाम्बी में शौर्य जागरण यात्रा का जगह-जगह किया गया स्वागत

## 30 सितंबर को सोनभद्र से निकली यात्रा मंगलवार को देर शाम पहुंची थी चरवा

अखंड भारत संदेश



**करारी कौशाम्बी।** हिंदू समाज के वीर बलिदानियों और क्रांतिकारियों के शौर्य व उनके संघर्षों से युवा पीढ़ी को परिचित कराने के उद्देश्य से जिले में बुधवार को शौर्य जागरण यात्रा पहुँची यात्रा का लोगों ने जगह-जगह स्वागत कर फूल बरसाए गाजे-बाजे के साथ जय श्री राम के जयघोष से क्षेत्र गुंजायमान हो रहा था। यात्रा में शामिल लोगों को सूक्ष्म जलपान का पैकेट भेंट किया गया मंगलवार को यात्रा ग्रामीण क्षेत्रों में प्रवेश कर गई है। विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल काशी प्रांत द्वारा शौर्य जागरण यात्रा सोनभद्र से 30 सितंबर को चलकर मंगलवार की देर शाम चरवा पहुंची।बुधवार को सुबह 8 बजे यात्रा चरवा से निकलकर दरियापुर चौराहा पहुंची। यहां पर दर्जनों गाड़ियों के साथ विहिप के जिला उपाध्यक्ष राम अभिलाष मौर्य ने गाजे बाजे व डीजे के साथ स्वागत किया। यात्रा पर फूल बरसाए गए। इसके बाद गुवारा होते हुए करारी चौराहा पहुंची। चौराहे पर विहिप के जिला कोषाध्यक्ष उमेश केसरवानी ने दर्जनों साथियों के साथ यात्रा का स्वागत किया। फूल बरसाये गए। जय श्री राम व भारत माता की जय घोष किया गया। यात्रा में शामिल लोगों को सूक्ष्म जलपान का पैकेट भेंट किया गया। इस मौके पर विहिप के जिला मंत्री नील मणि ने धर्म व राष्ट्र की रक्षा करने के लिए लोगों से एकजुट रहने पर जोर दिया। बजरंग दल के जिला संयोजक विवेक ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के सहयोग से शौर्य जागरण यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। करारी से यात्रा निकलकर ओसा चौराहा, मंझनपुर, समदा, सिंघिया भरवारी गौरा चाकवन होते हुए कोखराज टोल प्लाजा पहुंची। यहां से यात्रा प्रतापगढ़ के लिए प्रस्थान किया। इस मौके पर विहिप के जिलाध्यक्ष अजय कुमार, शिव पूजन राही, मोहन लाल, नीलमणि, राम अभिलाष मौर्य, उमेश केसरवानी, सुनील वर्मा, गुड्डा वर्मा, जगदीश, गणेश वर्मा,करन मौर्या, अमित पाठक आशीष मौर्य,आदि लोग मौजूद रहे।

# निपुण छात्र-छात्राओं को सीडीओ ने वितरित किया निपुण प्रमाण-पत्र

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ. रवि किशोर त्रिवेदी एवं वरिष्ठ विशेषज्ञ निपुण राज्य परियोजना, उप्र ने उदयन सभागार में आयोजित एकेडमिक रिसोर्स पर्सन (एआरपी) कार्यशाला का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ तथा कलेक्ट्रेट परिसर में अध्यापक/अध्यापिकाओं द्वारा लगायी गई टीचिंग लर्निंग मैटेरियल स्टॉल का अवलोकन किया एवं अध्यापक अध्यापिकाओ द्वारा तैयार की गई टीचिंग लर्निंग मैटेरियल की प्रशंसा करते हुए उत्साहवर्धन किया। इस कार्यशाला में जनपद कौशाम्बी एवं चित्रकूट के सभी ए0आर0पी0 एवं खण्ड शिक्षाधिकारियों ने प्रतिभाग किया मुख्य विकास अधिकारी ने निपुण छात्र-छात्राओं-नैंसी, हर्षिका गौतम, रचना, तीरथ, अवनीश, प्रिया, नरेन्द्र सिंह एवं कृष्णा का उत्साहवर्धन करते हुए निपुण प्रमाण-पत्र प्रदान किया। कार्यशाला में वरिष्ठ विशेषज्ञ जिवेन्द्र सिंह ऐरी तथा निपुण भारत सेल की सदस्य कृतिका गर्ग व जगप्रीत कौर ने प्रस्तुतीकरण के द्वारा रोल प्ले के माध्यम से 13 समूह में बांटकर विद्यालय कार्यक्षेत्र, संकुल बैठक एवं हेड टीचर मींटग की समस्याओं का समाधान प्रस्तुत किया गया। सभी विद्यालयों में सभी शिक्षकों द्वारा निपुण लक्ष्य एप से आंकलन किये जाने एवं 80 प्रतिशत से अधिक निपुणता वाले विद्यालयों को निपुण विद्यालय घोषित करने, जिसका असेसमेट दिसम्बर माह में थर्ड पार्टी द्वारा कराया जायेंगा। शिक्षण सामग्री के प्रभावी उपयोग पर रोल प्ले व समूह में बोलकर कार्य कराया गया, इसमें वीडियो के माध्यम से प्रस्तुतकर्ता द्वारा तथा मैथ टूल किट के द्वारा व्यक्तिगत उपयोग के माध्यम से प्रदर्शन किया गया। कार्यशाला में सभी प्रतिभागियों के मध्य कठिन स्थितियों में एकात्मक परिणाम कैसे प्राप्त करें, इस विषय पर चर्चा एवं समाधान प्रस्तुत किया गया। इसमें शिक्षक संकुल बैठक, एआरपी के अन्दर निराशा,सहयोगात्मक पर्यवेक्षण में विद्यालय को सहयोग सम्बन्धी बिन्दुओं पर चर्चा की गई। निपुण भारत मिशन सम्बन्धी गतिविधियों पर क्विज का आयोजन करके सभी को अपडेट किया गया। टीम बिल्डिंग व शिक्षकों का उत्साहवर्धन एवं आत्मीय सम्बन्ध बनाने के लिए गतिविधि करायी गई। मेरी ताकत और मेरी कमजोरी क्या हैं। शिक्षक संकुल तथा एआरपी द्वारा 10 विद्यालयों को दिसम्बर 2023 में निपुण विद्यालय बनाने के लिए किये जा रहें प्रयास तथा आगामी कार्ययोजना पर प्रस्तुति दी गई। सभी को निपुण शपथ दिलायी गई इस अवसर पर एडी बेसिक श्रीमती तनुजा त्रिपाठी, जिला विद्यालय निरीक्षक सच्चिदानन्द यादव एवं जिला बेसिक शिक्षाधिकारी कमलेन्द्र कुमार कुशवाहा, खण्ड शिक्षाधिकारी गण- डॉ. जवाहर लाल यादव सुनील कुमार सिंह बृजेश सिंह नीरज उमराव तथा चित्रकूट के खण्ड शिक्षाधिकारीगण रमेश पटेल राजेश कुमार गुप्ता एवं मिथलेश कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# निर्माता बनी सिंह ने किया भोजपुरी फिल्म पटना की प्रिया का मुहूर्त

अखंड भारत संदेश

**भरवारी कौशाम्बी।** बिग बोल फिल्म प्रोडक्शन के बैनर तले बनने जा रही भोजपुरी फिल्म पटना की प्रिया का मुहूर्त संम्पन्न हुआ। इस अवसर पर फिल्म के मुख्य कलाकार पल्लवी गिरी सहित टीम के अन्य सदस्य मौजूद रहे। सब ने एक दूसरे को बधाई दी। फिल्म के निमार्ता निर्देशक और लेखक बनी सिंह हैं तथा गीत भी बनी सिंह ने ही लिखें है इस फिल्म के सभी गाने साफ-सुथरे एवं मधुर हैं। जो दर्शकों को काफी पसंद आएंगे पटना की प्रिया इस संगीतमय, रोमांटिक व परिवारिक फिल्म हैं जो एक सच्ची घटना पर आधारित है। इस फिल्म की शूटिंग उत्तर प्रदेश व बिहार के खूबसूरत वादियों में शूटिंग बहुत जल्द शुरू होगी। कौशांबी जिले में भी शूटिंग किए जाने की प्रबल संभावना है। गौरतलब है कि अपनी कई फिल्मों व एल्बमों से युवा दिलों पर अमिट छाप छोड़कर अब पल्लवी गिरी फिर सुर्खियां बटोर रही है। इनकी कई फिल्में रिलीज होने वाली है। वहीं इनकी नई भोजपुरी फिल्म पटना की प्रिया की भी चर्चा जोरो पर है। निमार्ता निर्देशक बनी सिंह ने बताया है कि फिल्म की कहानी बहुत अच्छी है जो दर्शकों को बहुत पसंद आएगी। हमने इसमें अश्लीलता का जिक्र भी नहीं किया है। फिल्म एक साफ सुथरी व पारिवारिक है जो एक पटना की प्रिया सच्ची घटना पर आधारित है। अभी हीरो की तलाश कर रहा हूँ जो बहुत हीरो को फाइनल कर लूंगा। वहीं इस फिल्म को रामजीवन यादव कैमरे में कैद करेंगे। प्रोडक्शन मैनेजर चंदन बिहारी यादव है व एडिटर राहुल राज कोरियोग्राफर दीपक चौधरी हैं, पी आर ओ कुलदीप चौरसिया है एवं असिस्टेंट डायरेक्टर जानवी प्रजापति और मैनेजर तेजवीर सिंह और एडिटर राहुल राज है व अन्य टीम का चयन प्रक्रिया जारी है बात करें कलाकारों की तो पल्लवी गिरी, देवराज देवा,अतुल पहलवान व अन्य कलाकार नजर आएंगे हीरो व अन्य कलाकारों जिनकी कॉस्टिंग चल रही हैं।

# कौशांबी का हाल : नदी की तरह सड़क पर बह रहा पानी!

## सड़क पर नाव चलाए जाने की ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से की मांग

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** सड़के नदी और नाला बन गई है अब सड़कों पर नाव चलाने की जरूरत महसूस होने लगी है लेकिन उसके बाद भी विभागीय अधिकारी सड़कों की दुर्दशा पर ध्यान नहीं दे रहे हैं मुख्यमंत्री बार-बार सड़क मरम्मत कर दुरुस्त करने का निर्देश दे रहे हैं लेकिन विभागीय अधिकारी अभिलेखों में सड़क की मरम्मत कर सरकारी खजाने को खाली करने में लगे हैं मौके पर स्थित सड़कों की बेहद खराब है सड़के ताल तलैया नदी का शक्ल ले चुकी हैं लोगों का आवागमन कैसे होता होगा इस बारे में अधिकारियों को विचार करने का समय नहीं है बार-बार ग्रामीण सड़क मरम्मत कराए जाने की मांग कर रहे है लेकिन विभागीय अधिकारियों के कानों में जू नहीं रेंग रही है जिससे कौशाम्बी में किस तरह से योगी सरकार के निर्देश की धज्जियां उड़ रही है इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। जिले की तमाम सड़कों के दुर्दशा के मामले में चायल तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत संमदा गांव के बीच में लोक निर्माण विभाग की सड़क नदी का रूप ले चुकी है सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे हैं इस सड़क में दो फिट से अधिक पूरे वर्ष पानी भरा रहता है स्कूल के बच्चों को जहां आने-जाने में दिक्कत होती है वही गांव के लोगों को गांव से निकलने में दिक्कतों से जूझना पड़ता है बारिश होते ही सड़क नदी नाला और तालाब बन जाती है स्थिति इतनी खराब है कि इस सड़क में यदि नाव चलाई जाए तब लोगों को राहत मिल सकती है लेकिन अधिकारियों ने सड़क पर नाव चलाने का भी इंतजाम अभी तक नहीं किया है इस सड़क के कुछ हिस्से में दो फिट पानी महीनों भरा रहता है सड़क पर पूरे दिन लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं बार-बार ग्रामीण ग्राम प्रधान से लेकर खंड विकास अधिकारी और बड़े अधिकारियों को मामले की सूचना दे कर सड़क दुरुस्त करने की मांग कर रहे हैं लेकिन विभागीय अधिकारियों को योगी सरकार के निर्देश का पालन करने का समय नहीं है आम जनता को परेशानी में डालकर अधिकारी मुस्कुरा रहे हैं ग्राम प्रधान भी इस ओर ध्यान नही दे रही है बीते 3 वर्षों से नदी बन चुकी इस सड़क में सौ मीटर तक अधिक पानी भरे रहने की जानकारी अधिकारियों को भी है लेकिन जनता की मुसीबत से उन्हें लेना देना नहीं है जिससे आम जनमानस का आक्रोश कभी भी सड़क पर उतर सकता है।

## एआरटीओ कार्यालय के आसपास सरकारी जमीन को कब्जा कर भूमाफियाओं ने बेचा

**कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोर्रो के एआरटीओ कार्यालय के सामने और साइड में भू माफियाओं ने सरकारी जमीनों को कब्जा कर गलत तरीके से प्लाटिंग किया है एआरटीओ कार्यालय के सामने के पास में प्लाटिंग स्थल पर ढाई विश्वा जमीन ग्राम समाज की मौजूद थी जो वर्तमान में गायब हो चुकी है लेकिन राजस्व लेखपाल लापरवाह बने हुए हैं चचाओं पर जाए तो राजस्व लेखपाल की साठगांठ है भूमाफिया ने ग्राम समाज की करोड़ो कीमत की जमीन को भी प्लाटिंग में शामिल कर सरकारी जमीन बेच करके पैसा वसूल लिया है बताया जाता है कि मुख्य सड़क के पास मौजूद ढाई विश्वा सरकारी जमीन एक करोड़ कीमत की है सरकारी जमीन कब्जा कर बेच लेने वाले भू माफियाओ के कारनामों को संज्ञान लेते हुए उच्च स्तरीय जांच कराए जाने की मांग लोगों ने डीएम कमिश्नर से की है मामले में लापरवाही बरतने वाले राजस्व लेखपाल को निलंबित कर उस पर विभागीय कार्यवाही किए जाने की मांग लोगों ने शुरू कर दी है लोगों ने कहा कि सरकारी संपत्ति को भू माफियाओं के कब्जे से अवमुक्त करते हुए सरकार के खाते में दर्ज कराया जाए और सरकारी जमीन कब्जा करने वाले भूमाफियाओं पर मुकदमा दर्ज कराकर उनकी गिरफ्तारी कराई जाए।

# न्यूज झरोखा

## पीएम किसान योजना के अवशेष लाभार्थियों का आधार सीडिंग व ईकेवाईसी15 दिनों में कराए पूर्ण : सीडीओ

### 2,11,437 लाभार्थी पंजीकृत है जिनमें से कुल 1,94,801 लाभार्थियों का भूलेख अंकन किया जा चुका है



**कौशाम्बी।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की समीक्षा बैठक डॉ रवि किशोर त्रिवेदी मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में दि0 04 अक्टूबर को की गयी समीक्षा बैठक में उप कृषि निदेशक द्वारा अवगत कराया गया कि पी0एम0 किसान योजनान्तर्गत कुल 2,11,437 लाभार्थी पंजीकृत है जिनमें से कुल 1,94,801 लाभार्थियों का भूलेख अंकन किया जा चुका है तथा 19,491 लाभार्थियों का भूलेख अंकन अवशेष है। उक्त 1,94,801 भूलेख अंकित लाभार्थियों में से मात्र 1,26633 लाभार्थी ऐसे जिनका बैंक खाता आधार सीडिंग एवं ई-केवाईसी पूर्ण है। अवशेष 68,168 लाभार्थियों में से 59,742 लाभार्थियों का ई-केवाईसी व 8,426 लाभार्थियों का आधार सीडिंग अवशेष है। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि पी0एम0 किसान योजना के अवशेष लाभार्थियों का आधार सीडिंग व ई0के0वाई0सी0 आगामी 15 दिनों में सी0एस0सी0/वी0एल0ई0, डाकघर प्रतिनिधि, कृषि विभाग के कर्मचारी, ग्राम विकास अधिकारी/ पंचायत अधिकारी, ग्राम पंचायत सहायक/रोजगार सेवक के माध्यम से पूर्ण करा लिया जाये, जिससे कि पी0एम0 किसान लाभार्थियों को 15वीं किस्त का लाभ प्राप्त हो सके। जिन लाभार्थियों का बैंक खाता आधार से लिंक नहीं है उनको खाता इण्डियन पोस्ट पेमेन्ट बैंक में खुलवायें तथा ग्राम स्तर पर इसका व्यापक प्रचार-प्रसार स्वयं व ग्राम प्रधान के माध्यम से करायें, क्योंकि पी0एम0 किसान सम्मान निधि योजना का लाभ उन्हीं लाभार्थियों को प्राप्त होगा जिनका उक्त तीन कार्य भूलेख अंकन, ई-केवाईसी व बैंक खाता आधार से लिंक होगा इस मौके पर राजस्व विभाग के तहसील स्तर के अधिकारी, कृषि विभाग के अधिकारी उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, कृषि रक्षा अधिकारी, भूमि संरक्षण अधिकारी, भूमि संरक्षण अधिकारी व उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी मंझनपुर सिराथू, इण्डियन पोस्ट पेमेन्ट बैंक के वरिष्ठ प्रबन्धक तथा जिला प्रबन्धक सी0एस0सी0 एस0पी0वी0 कौशाम्बी उपस्थित रहे।

## अपराधी के भाई के आतंक से परेशान ग्रामीण नहीं हो रही सुनवाई



**कौशांबी।** महेवा घाट थाना क्षेत्र के मनकापुर अँधावा गांव में एक अपराधी के भाई और उसके परिवार के आतंक से गांव के एक तिहाई हिस्सा के लोग परेशान है आए दिन लोगों से मारपीट करना लोगों का उत्पीड़न करना और बेवजह परेशान करना इस परिवार की आदत में शुमार हो गया है लेकिन कुछ राजनीतिक नेता इसे संरक्षण देकर राजनीतिक रोटियां सेक रहे हैं कई बार मामले की शिकायत स्थानीय पुलिस चौकी से ग्रामीणों ने की लेकिन पुलिस अपराधी और उसके परिवार से गलबहियां का खेल खेल रही है। इस अपराधी के भाई ने गुंडई और दबंगई से जबरजस्ती राम मूरत मिश्र के दीवाल पर चरही और छोटे मोटे पेड़ लगाकर रास्ते को अवरुद्ध करके रास्ते पर अतिक्रमण किया हुआ है और रोड निर्माण में अवरोध उत्पन्न कर रहा है गांव के लोगों द्वारा मना करने पर मारपीट पर उतारू हो रहा है और फर्जी मुकदमे लगाने की धमकी देता है अपराधी के भाई और उनके परिवार का आतंक इस कदर कायम है कि सड़क बनाने में बाधक बन रहा है जिससे महीनों से सड़क का निर्माण नहीं हो रहा है।

## अचानक गिरा मकान का एक हिस्सा बड़ा हादसा होने से बचा



**तिल्हापुर कौशाम्बी।** चायल तहसील के पेरई तिल्हापुर बाजार में श्याम केसरवानी का मकान है बुधवार को अचानक मकान का एक हिस्सा भरभरा कर गिर गया जिससे नीचे दुकान में रखा एक जनरेटर मकान के मलवे में दब गया और क्षतिग्रस्त हो गया है हालांकि इस हादसे में बड़ी घटना होने से बच गई है वरना दुकानदार और ग्राहक समेत तमाम लोग हादसे के शिकार होते मकान का हिस्सा गिरते ही मौके पर अफरा तफरी मच गई मकान का एक हिस्सा गिरने की जानकारी मिलते ही मौके पर बाजार के लोगों की भीड़ लग गई बाजार के लोगो ने बचाव एवं राहत शुरू कर दिया गया हादसे की जानकारी मिलते ही थाना पिपरी प्रभारी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए हल्का लेखपाल पंकज सिंह भी मौके पर पहुँचे और जेसीबी मंगा कर मलवा हटाकर अतिक्रमण साफ कराया है हादसे में दुकानदारों का नुकसान हुआ है।

## डेंगू बुखार से पीड़ित युवक की मौत



**मनौरी कौशाम्बी।** एक सप्ताह से डेंगू बुखार से पीड़ित संतोष कुमार केसरवानी उम्र 40 वर्ष पुत्र शिवमंगल केशरवानी निवासी मनौरी बाजार की इलाज के दौरान बुधवार की शाम प्रयागराज के अस्पताल में मौत हो गई है मौत की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया है रिश्तेदार और संबंधियों का जमावड़ा घर पर लग गया है संतोष के एक बेटी और एक बेटा है दोनो नाबालिग है।

## संदीपन घाट थानाध्यक्ष ने पैदल गस्त कर दिलाया सुरक्षा का भरोसा



**महगांव कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था की दृष्टि गत प्रभारी निरीक्षक संदीपनघाट भुनेश चौबे द्वारा पुलिस बल के साथ बुधवार को थाना क्षेत्र में पैदल ग्रस्त कर आम जन को सुरक्षा का भरोसा दिलाया पुलिस टीम ने पैदल गस्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और क्षेत्र के लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया।गस्त के दौरान वाहनों की चेकिंग की और लोगों से कहा कि वह वाहन चलाते समय नियंत्रित वाहन चलाएं अभिलेखों को साथ में लेकर चले क्षेत्र में उन्होंने अपराधियों को सख्त हिदायत दिया।

## स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन



**कल्याणपुर कौशांबी।** कल्पतरु प्रोजेक्ट इंटरनेशनल लिमिटेड कौशांबी में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमे संयुक्त जिला चिकित्सालय मंझनपुर के ब्लड बैंक के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।रक्तदान शिविर में कुल 15 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर लोगों की जिदंगी बचाने में मदद की।शिविर में अधिकारी और कर्मचारियों में डॉक्टर राम मनोहर कनौजिया एस एल टी मोतीलाल सिंह,काउंसलर अनिल कुमार यादव, एल टी राम मिलन शुक्ला, लैब असिस्टेंट रमेश चंद्र कुशवाहा,अनूप सिंह और रंजीत कुमार उपस्थित रहे।रक्तदान के बाद मोतीलाल सिंह ने सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र वितरण किया।

## संपादक की कलम से

# मुस्कान है अनमोल उपहार

प्रत्येक अक्टूबर के पहले शुक्रवार को यानी इस वर्ष 6 अक्टूबर को विश्व मुस्कान दिवस है। कल मनाए जाने वाले विश्व मुस्कान दिवस के पीछे वॉर्सेस्टर, मैसाचुसेट्स के एक अमेरिकी वाणिज्यिक कलाकार हार्वे बॉल के दिमाग की उपज थी। प्रतिष्ठित स्माइली फेस 1963 में उनके द्वारा बनाया गया था। तब से, इसने सभी के सामूहिक आनंद को कैद कर लिया है। 1999 में पहला स्माइल डे बिना किसी बाधा के उत्साह और धूमधाम से मनाया गया था, क्योंकि मुस्कुराहट एक ऐसी अभिव्यक्ति है जिसमें अनेक समस्याओं एवं परेशानियों के हल समाये होते है। 2001 में, हार्वे के निधन के बाद, ह्यस्माइलीह्ल निमार्ता को श्रद्धांजलि के रूप में हार्वे बॉल वर्ल्ड स्माइल फाउंडेशन की स्थापना की गई थी। इस दिन को स्थापित करने वाले मैसच्यूसेट्स के आर्टिस्ट हार्वे बाल के अनुसार हम सभी को हर साल एक दिन पूरी दुनिया में मुस्कुराने और दयालु बनने के लिए समर्पित करना चाहिए। क्योंकि मुस्कुराता हुआ चेहरा किसी भी राजनीतिक, भौगोलिक और धार्मिक बातों को नहीं जानता। सिर्फ आज के दिन मुस्कुराने की बजाय आप रोज मुस्कुराने की आदत बनाइये। इससे ना केवल आपकी मुश्किलें आसान होंगी बल्कि आपके चाहने वाले भी आपको देखकर खुश रहेंगे।

अच्छे स्वास्थ्य, मानसिक शांति एवं समग्र विकास के लिये मुस्कान जरूरी है। आज के तनाव, अशांत, चिन्ता एवं परेशानियों के जीवन में मुस्कान की तीव्र आवश्यकता है। क्योंकि हँसना और मुस्कुराना सभी के शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक एवं बौद्धिक विकास में अत्यंत सहायक है। मुस्कान हमारे जीवन की सफलता की चाबी है, वह अनेक समस्याओं का समाधान भी है। मुस्कान दुखी दिल के घावों को भरने वाला मलहम है। हमारे चेहरे का व्यायाम है और मन का आराम। शोध कहते हैं कि जैसे-जैसे हम बड़े हो रहे हैं, हमारा मुस्कुराना कम हो रहा है। हम इसलिए कम नहीं मुस्कुराते कि हम बूढ़े हो गए हैं। हम बूढ़े ही इसलिए हुए कि हमने मुस्कुराना बंद कर दिया है। करूणामूर्ति मदर टेरेसा ने कहा, शांति की शुरूआत मुस्कुराहट से होती है। आपकी खुशी आपके होठों से शुरू होती है। इस वर्ष आप विश्व मुस्कान दिवस पर, अपने होठों को थोड़ा सा मोड़ना न भूलें। यह संक्रामक होगा और आपके चारों ओर एक सकारात्मक वातावरण तैयार करेगा। सेहत का एक मंत्र यह है कि आप खुलकर मुस्कुरायें। हमें मुस्कुराना चाहिए और बात-बेबात मुस्कुराते रहना सफल एवं सार्थक जीवन का मंत्र हैं। पर कई बार पूरा पूरा दिन बिना मुस्कान के निकल जाता है। उदासी और बेचैनियों के बादल छाए रहते हैं, मुस्कान की धूप खिल नहीं पाती।

# सरकारी रेपिस्ट, लुटेरे दंडित ! नन्हें गांव की महाविजय गाथा !!

**के. विक्रम राव**

दिया टकराये तूफान से ! न बुझे ? तो चमत्कार कहलाएगा। विस्मयजनक ! ठीक ऐसा ही हुआ (29 सितंबर 2023) गत सप्ताह। मद्रास हाईकोर्ट ने यही कर दिखाया। केवल 565 निर्धन अनुसूचित आदिवासी ग्रामीणजन तमिलनाडु के चार महाबली मुख्यमंत्रियों से 31 साल तक भिड़े। न्यायार्थ ! अंततः विजयी हुए। इन जुल्मी मुख्यमंत्री में हैं, एमके स्टालिन, उनके पिता एम. करुणानिधि, स्व. जे. जयललिता, ओ. पन्नीरसेल्वम तथा ई. पलनिस्वामी। सभी हार गए। मगर इन सभी ने अपने अत्याचारी अफसरों का समर्थन किया, बेशर्मी से। न्याय पाया जनजाति वालों ने, 31 साल बाद। अनवरत संघर्ष के फलस्वरुप।

यह शौर्यगाथा है तमिलनाडु के पूर्वी घाट के खंड में स्थित मनोरम चितेरी पहाड़ियों के वनाच्छादित गांव वचथी की। जनपद धर्मपुरी के इस नन्हे से गांव का किस्सा शुरू होता है 20 जून 1992 की शाम को। गोधूलि पर। पुलिसवाले कुख्यात तस्कर मुनिस्वामी वीरप्पन की तलाशी में आए थे। यह आतंकी और डाकू चंदन के पेड़ काटकर बेचने के अलावा, राजनेताओं का अपहरण करना और फिरौती बटोरने में लिप्त रहा। पुलिस और राजस्व अधिकारियों ने वाचथी गांव पर छापा मारा। घरों में अंधाधुंध तोड़फोड़ की। वृद्धों, महिलाओं और बच्चों को बेरहमी से पीटा गया। उनके घरेलू सामान और कृषि उपकरण नष्ट कर डाले। करीब 18 महिलाओं को एक सुनसान जगह पर ले जाया गया। उनके साथ बलात्कार किया गया। ह्लद हिंदूह्व दैनिक ने फोटो भी छापी थी। यह आदिवासी गांव तालुक मुख्यालय हरूर से 17 किमी दूर स्थित है। गांव की कुल जनसंख्या 1992 में 655 थी, केवल 12 लोग अन्य जाति के थे। केंद्र के एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम के तहत बनाए गए 120 समूह आवास सहित लगभग 200 घर थे। गाँव में केवल 261.18 हेक्टेयर खेती योग्य क्षेत्र है। लगभग 190 लोगों के पास जमीन थी। बाकी 466 भूमिहीन मजदूर थे। पहाड़ियों की तलहटी में स्थित यह थोम्बक्कल रिजर्व फॉरेस्ट और पल्लीपट्टी रिजर्व फॉरेस्ट इसके निकट है। आदिवासी जंगलों से लघु वन उपज और जलाऊ लकड़ी भी एकत्र करते थे। गाँव में उपलब्ध भूमि पर वे मुख्य रूप से रागी, टैपिओका, चावल और अन्य अनाज की खेती करते थे। यहां कुल 250 परिवार रहते हैं। गाँव की जनसंख्या 1032 है, जिसमें 517 पुरुष हैं, जबकि 515 महिलाएँ हैं।






वाचथी गांव की पीड़िताएं



न्यायमूर्ति पी. वेलमुरुगन

वचथी का आपराधिक मामला 20 जून 1992 का है। एक आधिकारिक दल जिसमें 155 वनकर्मी, 108 पुलिसकर्मी और छह राजस्व अधिकारी शामिल थे चंदन की तस्करी और वीरप्पन के बारे में पता करने के लिए वचथी गाँव में दाखिल हुए थे। खोज के बहाने इस दल ने ग्रामीणों की संपत्ति की तोड़फोड़ की, उनके घरों को नष्ट कर दिया, मवेशियों तक को मार डाला, ग्रामीणों पर हमला किया और 18 महिलाओं के साथ बलात्कार किया।

राज्य विधानसभा में कई दफा मामला उठा, पर दबी आवाज से ही। फिर हाईकोर्ट के आदेश के बाद सीबीआई ने इसकी जाँच की थी। मामला राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की जाँच पड़ताल से भी गुजरा। प्रदेश की एक विशेष अदालत ने 29 सितंबर 2011 को दलितों पर अत्याचार की सभी 269 आरोपी अधिकारियों को सजा सुनाई और बलात्कार के लिए 17 आरोपियों को सजा सुनाई। आरोपियों में से 54 लोगों की उस समय तक मृत्यु हो गई थी; शेष 215 आरोपियों को जेल की सजा सुनाई गई थी। निचली अदालत ने इन लोगों को दोषी ठहराया था। इस आदेश के खिलाफ आरोपियों ने मद्रास हाईकोर्ट में अपील की थी। शुक्रवार (29 सितंबर) को हाईकोर्ट ने निचली अदालत के कोर्ट का फैसला बरकरार रखा। पुलिस और सरकारी अधिकारियों ने गांव के लोगों को चंदन तस्कर वीरप्पन का समर्थक बताते हुए तीन दिन तक उनके साथ बर्बरता की थी। इन 269 दोषियों में से 126 फॉरेस्ट ऑफिसर, 84 पुलिसवाले और 5 रेवेन्यू अधिकारी थे। जब निचली कोर्ट का आदेश आया, तब तक 54 दोषियों की मौत हो चुकी थी।

अपने फैसले में निचली कोर्ट ने सभी दोषियों को 1 से 10 साल तक की जेल की सजा सुनाई थी। इसके साथ ही हर दोषी को 10 लाख रुपए देने आदेश दिया गया था, जो 18 पीडिताओं को दिए जाते। इनमें से हर दोषी पांच लाख रुपए जमा कर चुका है, जबकि पांच लाख बकाया है। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में राज्य सरकार को निर्देश दिया कि पीड़ितों को नौकरी या उनके और उनके परिवारों को स्व-रोजगार के अवसर मुहैया कराए जाएं। कोर्ट ने सरकार को ये निर्देश भी दिया था कि तत्कालीन जिला कलेक्टर, सुपरिंटेंडेंट ऑफ पुलिस और डिविजनल फॉरेस्ट ऑफिसर दोषियों के खिलाफ एक्शन ले क्योंकि उन्होंने आरोपियों के खिलाफ कोई भी कार्रवाई नहीं कर थी।

मद्रास उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति पी. वेलमुरुगन ने गत शुक्रवार को इस मामले में फैसला सुनाया।

जज ने यह भी आदेश दिया कि जो बलात्कार के दोषी पाए गए हैं, उन सब से मुआवजे की 50 प्रतिशत रकम वसूली जाए। ऐतिहासिक निर्णय देने वाले हैं डिंडीगुलवासी न्यायमूर्ति पेरुमल वेलमुरुगन, जो एक पंचायत शिक्षक के पुत्र हैं। उनकी सहधर्मिणी डॉ. आर. सुधा, एमडी, त्रिची मेडिकल कॉलेज में प्रोफेसर हैं। न्यायमूर्ति पी. वेलमुरुगन ने कहा : ह्लसभी आपराधिक अपीलों को खारिज किया जाता है।ह्व वाचथी गाँव के लोगों के खिलाफ तस्करी का जो आरोप लगाया गया था, मद्रास उच्च न्यायालय ने उसे भी खारिज कर दिया। पुलिस तीस साल तक मामले को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं थी। तत्कालीन राज्य मंत्री केए सेनगोट्टैयन ने टिप्पणी की कि ग्रामीण चंदन की तस्करी में सहायता कर रहे थे। ग्रामीणों को लंबे समय तक मुआवजे से वंचित रखा गया था। अंततः विजय पीड़ितों और वंचितों की हुई।

# कोरोना काल में शिक्षकों ने किया बेहतरीन कार्य

**बाल मुकुन्द ओझा**

भारत में हर साल शिक्षकों के सम्मान में 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता हैण ठीक इसी तरह पूरी दुनिया में शिक्षकों को सम्मानित करने के लिए 5 अक्टूबर को ष्विश्व शिक्षक दिवस मनाया जाता है। विश्व शिक्षक दिवस के अवसर पर यूनेस्को संगठन की तरफ से 2023 का थीम कोविड.19 महामारी में बेहतरीन कार्य करने वाले शिक्षकों के लिए रखा गया है। इस वर्ष इस दिवस की थीम शिक्षा का परिवर्तन शिक्षक के साथ शुरू होता है रखी गई है। अंतरराष्ट्रीय शिक्षक दिवस यूनिसेफए अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन और अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा के साथ साझेदारी में मनाया जाता है। शिक्षक दिवस मनाने का उद्देश्य शिक्षकों के महत्व और उनके योगदान को सम्मान दिलाना है। अंतरराष्ट्रीय शिक्षक दिवस 5 अक्टूबर को दुनिया भर में शिक्षकों की भूमिका और उसकी जिम्मेदारियों को समझाने के लिए मनाया जाता है। 1966 में यूनेस्को और अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की एक बैठक हुई जिसमें शिक्षकों के अधिकारोंए जिम्मेदारियोंए रोजगार और आगे की शिक्षा के साथ गाइडलाइन बनाने की बात कही गई थी। संयुक्त राष्ट्र में विश्व शिक्षक दिवस को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मनाने के लिए साल 1994 में 100 देशों के समर्थन से यूनेस्को की सिफारिश को पारित कर दिया गया। इसके बाद 5 अक्टूबर 1994 से अंतर्राष्ट्रीय शिक्षक दिवस मनाया जाने लगा। वैसे अलग.अलग देशों में अलग तारीखों को शिक्षक दिवस मनाया जाता है।

यह बात बहुत महत्वपूर्ण है कि कोरोना काल में शिक्षकों के सामने चुनौतियां बढ़ गई थी। इस अवधि में शिक्षकों की भूमिका अहम हो गई थी क्योंकि ऑनलाइन शिक्षण के जरिए बच्चों को रूचिकर शिक्षा के जरिए जोड़े रखना चुनौती पूर्ण कार्य था जिसे शिक्षकों ने भलीभांति निभाया। । ऑनलाइन टीचिंग से लेकर स्कूल खुलने पर दो.दो पालियों में शिक्षक.शिक्षिकाओं को स्कूल में समय देना पड़ा । शिक्षकों को घर.घर से बच्चों को पठन पाठन के लिए भी बुलाना पड़ा । पढ़ाई में तकनीक का ज्यादा से ज्यादा उपयोग कैसे होए नए तरीकों को कैसे अपनाएंए छात्रों की मदद कैसे करें यह शिक्षकों ने सहजता से अपनाया।

कोरोना काल में शिक्षा और शिक्षकों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण हो गई । कोरोना ने सम्पूर्ण शिक्षा का परिदृश्य ही बदल कर रख दिया । विकसित देशों ने अपने साधन जुटाते देर नहीं की मगर विकाशसील और गरीब देश प्राथमिक और बुनियादी सुविधा नहीं जुटा पाए जिसके फलस्वरूप पठन और पाठन का कार्य अधूरा रहा। देश में कोरोना संकट ने सबसे ज्यादा पठन पाठन पर असर डाला । ऑनलाइन पढाई जरूर हुई मगर साधनों के भाव में यह ज्यादा सफल नहीं हुई।

कोरोना काल में सबसे ज्यादा हमारी शिक्षा व्यवस्था प्रभावित हुई है। कोविड 19 ने पूरी शिक्षा व्यवस्था को एकदम नई और तकनीकी पर आश्रित कर दिया है। कोरोना संकट के दौर में शैक्षणिक संस्थानों के आगे जो चुनौती है उसमें ऑनलाइन एक स्वाभाविक विकल्प है। आज शिक्षा और पठन.पाठन से जुड़ा हुआ हर शख्स मोबाइलए आईपैड्सए लैपटॉप्सए डेक्सटॉप्सए टैब्स पर आ चुका है। शिक्षा का मूल उद्देश्य व्यक्ति को सफल जीवन जीने के लिए सशक्त बनानांए परिवारए समाजए राष्ट्र के लिए सर्वश्रेष्ठ योगदान देना है। कोरोना की वैश्विक महामारी के दौर में भारत में शिक्षक और शिक्षार्थी नई चुनौतियों का सामना कर रहे हैं।

कोरोना महामारी से पूर्व भारत के अधिकांश शिक्षण संस्थानों को ऑनलाइन शिक्षा का कोई विशेष अनुभव नहीं रहा हैए ऐसे में शिक्षण संस्थानों के लिये अपनी व्यवस्था को ऑनलाइन शिक्षा के अनुरूप ढालना और छात्रों को अधिक.से.अधिक शिक्षण सामग्री ऑनलाइन उपलब्ध कराना एक बड़ी चुनौती होगी।

# कम उम्र में लड़कियों की शादी- असम सरकार के मॉडल का देशव्यापी जरुरत

**अशोक भाटिया**

भारतीय राजनीति अपनी स्थापना के समय से ही इतने गूढ़ तरीके से उलझी रही है कि किसी भी सरकार के लिए समाज सुधार वाले निर्णय लेना आसान नहीं रहा है। जाति, मजहब की दीवारें अक्सर इन निर्णयों को ऐसी खाई में धकेल देती हैं कि उनके पुनर्जन्म की कोई गुंजाइश नहीं रहती। लीग से हटकर चलना भारतीय राजनीति में एक चुनौती की तरह है, जिससे राजनेता बचते आए हैं या ऐसा करके अपनी सत्ता बचाते आए हैं। हालांकि इस स्थिति में साल 2014 के बाद से कुछ बदलाव की आहट गाहे-बगाहे कानों में गूंजती रही है। कुछ समय से इस मामले के केंद्र में हैं असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा।





मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा का नाम असम बाल विवाह के खिलाफ सख्त एक्शन लेने के लिए एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है। पुलिस ने यहां बाल विवाह करने वालों के खिलाफ मुहिम छेड़ रखी है। असम पुलिस ने इस बार बाल विवाह करने वाले 1000 लोगों को एक साथ गिरफ्तार किया है। सीमावर्ती राज्य असम में मुख्यमंत्री हिमंता विस्वा सरमा की खास पहल पर राज्य की पुलिस बाल विवाह रोकथाम अधिनियम के तहत बाल विवाह करने वालों के खिलाफ सख्त एक्शन ले रही है।

सोशल मीडिया साइट एक्स पर हिमंता सरमा लिखते है कि बाल विवाह के खिलाफ बड़े पैमाने पर कार्रवाई में असम पुलिस ने एक विशेष अभियान में 1000 से अधिक आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जो सुबह के शुरूआती घंटों में शुरू हुआ है। उनके अनुसार सामाजिक खतरे से संबंधित मामलों में गिरफ्तारियों की संख्या बढ़ने की संभावना है क्योंकि ऑपरेशन अभी भी जारी है। 11 सितंबर को, सरमा ने असम विधानसभा को बताया था कि पिछले पांच वर्षों में बाल विवाह से संबंधित मामलों में कुल 3,907 लोगों को गिरफ्तार किया गया था, जिनमें से 3,319 यौन अपराधों से बच्चों की सुरक्षा अधिनियम, 2012 (ढडउरड) के तहत आरोपी बनाए गये हैं।

गौरतलब है कि इसी साल के फरवरी महीने में बाल विवाह के खिलाफ व्यापक मुहिम के तहत असम में 1,800 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। राज्य मंत्रिमंडल ने 23 जनवरी को यह फैसला किया था कि बाल विवाह के दोषियों को गिरफ्तार किया जाएगा और साथ ही व्यापक जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा। इस घोषणा के एक पखवाड़े से भी कम समय में पुलिस ने बाल विवाह के 4,004 मामले दर्ज किए थे। राज्य के विभिन्न हिस्सों में गिरफ्तारियां की गई थीं, जिनमें 136 गिरफ्तारियां धुबरी में हुई हुई थीं, जहां सबसे अधिक 370 मामले दर्ज हुए थे। इसके बाद बारपेटा में 110 और नागांव में 100 गिरफ्तारियां हुई थीं।

मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने लोगों से ह्यह्यइस कुरीति से मुक्तिह्लह्ल के लिए सहयोग एवं समर्थन की अपील की थी। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण की रिपोर्ट के अनुसार, असम में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर सर्वाधिक है और बाल विवाह इसका प्रमुख कारण रहा है। राज्य में दर्ज विवाह में से 31 प्रतिशत मामले निषिद्ध आयुवर्ग के हैं।

असम सरकार ने यह कदम क्यों उठा रही है? इसे समझने के लिए कुछ आंकड़ों पर नजर डालना बेहद अहम है। बीते साल मई माह में आई राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस-5) की रिपोर्ट के अनुसार- असम में 20 से 24 वर्ष की उम्र की 31 प्रतिशत से ज्यादा ऐसी महिलाएं हैं जिनकी शादी 18 वर्ष की उम्र से पहले ही कर दी गई।

वहीं, इस मामले में राष्ट्रीय औसत तकरीबन 23 प्रतिशत है। असम में 11।7 फीसदी लड़कियां कम उम्र में गर्भवती हो रही हैं। यह आंकड़े बड़ी संख्या में होने वाले बाल विवाह का जीते-जागते गवाह हैं। राज्य के सीमावर्ती जिले धुबड़ी में आंकड़ा और भी भयावह है, जहां 50 फीसदी शादियां कम उम्र में हो रही हैं। ऐसे में लड़कियां कम उम्र में मां बनने को मजबूर हैं। रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया की ओर से 2022 में जारी आंकड़ों के अनुसार असम, देश में सबसे ज्यादा मातृ मृत्यु दर वाला राज्य है, जबकि शिश मृत्यु दर के मामले में यह तीसरे नंबर पर है।

दरअसल राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण की रिपोर्ट के मुताबिक, असम में मातृ और शिशु मृत्यु दर की उच्च दर है, बाल विवाह इसकी सबसे अहम वजह में गिनी जाती है क्योंकि राज्य में रजिस्टर्ड मैरिज में औसतन 31 फीसदी शादी के लिए प्रतिबंधित उम्र में रजिस्टर्ड हैं। वहां के डीजीपी के अनुसार अपने कम उम्र के बच्चों की शादी करने वाले परिवारों के सदस्यों के अलावा, पुलिस 'पुरोहितों' और 'काजियों' को गिरफ्तार कर रही है , जिन्होंने धार्मिक संस्थानों में इस तरह की शादी की रस्में निभाईं।उन्होंने कहा कि गिरफ्तारियां परिवार के सदस्यों, बाल कल्याण समिति, स्थानीय लोगों और पुलिस कर्मियों से मिली जानकारी के सत्यापन के बाद की गई हैं। सिंह ने कहा, 'हम कानून के अनुसार काम करेंगे, उचित जांच करेंगे और चार्जशीट दाखिल करेंगे।'वैसे बाल विवाह रोकने के लिए देश में बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 लागू है, जिसे 2007 में लागू किया गया था। इस कानून के अनुसार, शादी की उम्र लड़कों के लिए 21 और लड़कियों के लिए 18 तय की गई है। कानून का उल्लंघन करने के लिए दो वर्ष सश्रम कारावास और एक लाख रुपये तक के जुमार्ने का प्रावधान है।

वहीं महिलाओं को यह रियायत है कि दोषी पाए जाने पर भी उन्हें जेल नहीं होगी। पुराने कानून में जमानत मिलने की संभावना रहती है। पॉक्सो एक्ट जुड़ने से ऐसा नहीं हो पाएगा।इस बीच दरअसल मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने 28 जनवरी को पहले ही कहा था कि अगले 5-6 महीनों में हजारों पतियों को गिरफ्तार किया जाएगा क्योंकि 14 साल से कम उम्र की लड़की के साथ यौन संबंध बनाना अपराध है, भले ही वह कानूनी तौर से विवाहित पति ही क्यों न हो। कई (लड़कियों से शादी करने वाले पुरुष) को आजीवन कारावास हो सकती है।'

हाल ही में नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे की रिपोर्ट सामने आई थी जिसमें कहा गया था कि मातृ और शिशु मृत्यु दर बहुत अधिक है। इसकी एक प्रमुख वजह बाल विवाह है। इसके बाद राज्य सरकार ने बाल विवाह करने वालों के खिलाफ कार्रवाई का आदेश दिया था और पुलिस को प्रथा के खिलाफ अभियान चलाने के लिए भी कहा गया था।दरअसल 14 से ज्यादा और 18 साल से कम उम्र की लड़की से शादी करने पर बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

असम सरकार ने बाल विवाह रोकने के लिए सभी 2,197 ग्राम पंचायत सचिवों को बाल विवाह निषेध अधिनियम के तहत बाल विवाह रोकथाम अधिकारी के रूप में नामित किया है। ये अधिकारी ही पॉक्सो एक्ट के उन मामलों में शिकायत दर्ज कराएंगे, जहां लड़की की उम्र 14 साल से कम है।अगर आंकड़ों के आईने में देखें तो असम सरकार का फैसला स्वागतयोग्य प्रतीत होता है। कुछ समाजसेवी संगठनों ने भी इसे सराहा है। हालांकि दूसरी तरफ एक तबका ऐसा भी है जो इस फैसले को संदेहास्पद दृष्टि से देख रहा है। राज्य के कुछ हिस्सों में इस फैसले के खिलाफ लोग धरना-प्रदर्शन में भी जुट गए हैं। इन्हें आशंका है कि मुस्लिमों को परेशान करने के लिए इस कानून का दुरुपयोग किया जा सकता है।

दरअसल, मुस्लिम समुदाय में बाल विवाह का प्रचलन अधिक है। हालांकि मुस्लिमों को वोट बैंक के रूप में देखने वाले राजनीतिक दल इस तथ्य को सिरे से नकार देते हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि ऐसा करने से उनका वोट बैंक उनसे छिटक जाएगा और सत्ता की चाबी उनसे दूर हो जाएगी। असम में फैसले के विरोध के पीछे भी यही राजनीतिक कारण है।यह देश का दुर्भाग्य है कि कई बार ऐसे फैसलों का भी विरोध किया जाने लगता है जो कि समाज के हित में हों।

अधिकांश मामलों में राजनीतिक नफा-नुकसान देखकर पार्टियां बेवजह विरोध में उतर आती हैं, जबकि इस फैसले के देशहित में दूरगामी परिणाम होंगे। गौरतलब है कि यहां पर बीते साल हुए एक देशव्यापी आंदोलन का जिक्र करना लाजिमी है। इस आंदोलन का नाम था ह्यबाल विवाह मुक्त भारतह्ल। नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित कैलाश सत्यार्थी ने इस आंदोलन की शुरूआत 16 अक्टूबर, 2022 को की थी। देशभर के करीब 500 जिलों में 70,000 से ज्यादा महिलाओं ने बाल विवाह के विरोध में मशाल जुलूस निकाला था।

महिलाओं की इतनी बड़ी हिस्सेदारी इस बात का सुबूत है कि बाल विवाह के दुष्परिणामों से देश चिंतित है।आंदोलन से देशभर में प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से दो करोड़ से ज्यादा लोग जुड़े थे।

# सर्वहारा या जातिवादी रईस ! आरक्षण की दरकार

**के. विक्रम राव**

राहुल गांधी तब (मार्च 1971) मात्र नौ माह के शिशु थे। उनकी दादी इंदिरा गांधी पांचवीं लोकसभा का आम चुनाव लड़ रही थीं। यह देश में प्रथम मध्यवर्ती निर्वाचन था। इंदिरा-कांग्रेस का चुनावी नारा था : ह्लन जात पर, न पात पर, इंदिराजी की बात पर। मुहर लगेगी हाथ पर।ह्व इस सूत्र पर ही इंदिरा-कांग्रेस को 545 सीटों वाली लोकसभा में 352 सीटें मिल गई। कांग्रेस का प्रभावी ऐलान था : ह्लगरीबी हटाओह्व। स्वयं प्रधानमंत्री की पुकार थी : ह्लमैं कहती हूं गरीबी हटाओ, ये विरोधी कहते हैं इंदिरा हटाओ। जनता तय करे किसे हटाया जाए ?ह्व अब 53 साल के अधेड़ राहुल गांधी कहते हैं : ह्लजितनी आबादी, उतना हक।ह्व वे जातिगत आधार पर मतदान हेतु अभियान चला रहे हैं। कितना अंतर है दादी और पोते के सिद्धांतों में ? अर्थात गरीबी उन्मूलन नहीं, बल्कि वर्ण व्यवस्था के पक्ष में वोट मांगेंगे।

राहुल से एकदम विपरीत मंतव्य रहा उनके मशहूर निजी वकील, अभिषेक मनु सिंघवी का। इन्हींने सुप्रीम कोर्ट में बहस द्वारा राहुल को बर्खास्त सांसदी वापस दिलाई थी। सिंघवी ने जाति-आधारित जनगणना का विरोध किया। पर पार्टी के दबाव में पैंतरा बदल डाला। राहुल की लाइन पर चल निकले। दिल से नहीं। बिहार पर राहुल ने कह दिया : ह्लवहां जातिगत सर्वेक्षण से पता चला है कि डइउ, रउ, रळ 84 फीसदी हैं।ह्व राहुल गांधी अब लगातार ओबीसी और जाति जनगणना पर जोर दे रहे हैं।

आबादी के हिसाब से भागीदारी की मांग पर राहुल ने अपने परनाना (जवाहरलाल नेहरू) की चुनावी रणनीति को भी भंग कर दिया। नेहरू ने प्रथम तीन लोकसभा चुनावों से वोटरों का त्रिभुज रचा था : ह्लब्राह्मण, दलित और मुसलमान।ह्व इसी आधार पर इंदिरा गांधी भी अगला लोकसभा (1967) चुनाव लड़ी थीं। फिर 1971 और 1980 में पुरानी लाइन पर लौट आई थीं। अर्थात सभी वर्गों का साथ लिया था। इसी परिवेश में राहुल के लिए एक दुरूह सियासी पेचीदगी भी आ सकती है। वे प्रधानमंत्री पद के दावेदार हैं। यूं इस दौड़ में नीतीश कुमार अव्वल हैं, ममता बनर्जी, अरविंद केजरीवाल, शरद पवार, एमके स्टालिन आदि भी। ठीक मई 1996 वाली राजनीतिक स्थिति उभर रही है। तब विश्वनाथ प्रताप सिंह ने प्रधानमंत्री बनने से इनकार कर दिया था। ज्योति बसु को उनकी मार्क्सवादी पार्टी (महासचिव प्रकाश करात) ने रुकवा दिया था। मुलायम सिंह यादव का नाम रात को तय हो गया था पर उनके स्वजातीय लालू यादव ने लंगडी लगा दी। धोबी पाटा मारा। धुप्पल में कन्नडभाषी हरदनहल्ली दौड्डेगौड़ा देवगौड़ा पीएम बन गए।

इस परिवेश में नरेंद्र मोदी के बयानों पर राष्ट्र को गंभीरता से विचार करना होगा। बजाय ईमानदार, जनवादी, आर्थिक आधार के, छिछले-स्वार्थपरत जातिवादी सिद्धांत पर शीर्ष पद का फैसला हो जाए ! तो बेहतरीन चयन लालू यादव का ही होगा। अभी तक बिहार में चारा घोटाला था, अब वह राष्ट्रीय पैमाने पर होगा। भ्रष्टाचार देशव्यापी हो जाएगा। तब राहुल का नंबर लगेगा नहीं। वे किस जाति में फिट होंगे ? ननिहाल से वे रोमन ईसाई है। दादा की तरफ से पारसी हैं। वर्ण से यूरेशियन हैं। चुनावी पैमाने से केरल (वायनाड) के हैं क्योंकि अमेठी से यूपीवाले उन्हें खारिज कर चुके हैं। मगर अगले संसदीय चुनाव में कम्युनिस्ट पार्टी जिसे राहुल ने 2019 में हराया था इस बार वायनाड सीट जीत सकती है।

अब नरेंद्र मोदी द्वारा उल्लिखित कुछ महत्वपूर्ण राष्ट्रीय बिंदुओं पर गौर कर लें। क्या जाति के सामने भारत के गरीब, सर्वहारा, बेसहारा वोटरों की कोई वकत नहीं है ? अंतिम छोर पर खड़ा असली भारतीय कब न्याय पाएगा ? मोदी की मांग है कि गरीब को अवसर मिले।

सोनिया-कांग्रेस पर मोदी का आरोप है कि वे राष्ट्र में हिंदुओं और गरीबों को विभाजित कर रहीं हैं। अर्थात अधिकार देने का पैमाना केवल जाति ही हो। तो बिहार में कुर्मी से कहीं ज्यादा यादव हैं। अतः नीतीश को मुख्यमंत्री पद से हटाना चाहिए।

फिर अल्पसंख्यक मुसलमानों का क्या ? सरदार मनमोहन सिंह ने तो साफ कह दिया था कि भारत की समस्त संसाधनों पर मुसलमानों का हक पहला है। अतः इस जातिगत सियासत के सामने मुसलमान कहीं ठहर पाएंगे ?

तो कुल मिलाकर जातिगत समीकरण में तो नरेंद्र मोदी अत्यंत माफिक और माकुल बैठेंगे क्योंकि वे स्वयं अति पिछड़ा जाति के हैं। अतः यह न्यायसंगत होगा कि मोदी को ही फिर मौका मिले। मगर सभी राजनीतिक दलों का लक्ष्य होना चाहिए कि जाति तोड़ो, जो डॉ. लोहिया का सूत्र था। न कि जाति बढ़ाओ जो लालू-नीतीश एंड कंपनी का है।

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री रहे हर्बर्ट एस्क्विथ की उक्ति याद आती है। प्रथम विश्व युद्ध उन्हीं के नेतृत्व में ब्रिटेन का जर्मनी से हुआ था। उनका इकलौता पुत्र मारा गया था। तब ब्रिटेन में हर परिवार से एक पुरुष को सेना में अनिवार्यतः भर्ती होना पड़ता था। पुत्र की वीरगति पर प्रधानमंत्री ने संसद में कहा : ह्लमेरा बेटा ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय का उत्कृष्ट छात्र था।

# मानिकपुर तहसील में बिना पैसे के नहीं होते कार्य

## -दस हजार से कम की मांग नहीं करता लेखपाल -अधिकारियों पर भारी है लेखपाल

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को मानिकपुर तहसील के टिकरिया गांव के अमर त्रिपाठी ने लिखे पत्र में कहा कि तहसील के अधिकारी-कर्मचारी बिना रिश्वत के कोई भी काम नहीं करते। गांव के लेखपाल से ग्रामीणों को उम्मीद होती है, लेकिन लेखपाल से किसी काम को कहा जाता है तो वह बदतमीजी पर उतारु हो जाते हैं और पैसों की मांग करते हैं।

बुधवार को पीडित अमर त्रिपाठी ने कहा कि वह भूमधरी जमीन की पैमाइश को लेखपाल से कहते हैं तो लेखपाल दस हजार रुपये की मांग करते हैं। तहसील के अधिकारियों से शिकायत की जाती है तो वह अधिकारियों के सामने बोल देते हैं, बाद में सुनते नहीं हैं। गरीब आदमी प्रतिदिन तहसील जाता है, वहां अधिकारी उससे मिलना भी गवारा नहीं करते। उसे सांत्वना तक नहीं देते। अधिकारी से कहा जाता है कि वे डीएम साहब के पास जायेंगे, तो वे कहते हैं कि जिससे कहना हो, कह दीजिये। बाद में कहते हैं कि जब समय होगा, तब जमीन की नाप हो जायेगी। पीडित ने मांग की है कि उसकी समस्या का हल निकाला जाये।

**पांच से पचास हजार तक मांगता है लेखपाल**

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** तहसील के टिकरिया व जमुनिहाई गांव में तैनात लेखपाल जीतेन्द्र गुप्ता बिना रिश्वत के कोई कार्य नहीं कर रहा। किसी भी काम के लिए पांच हजार से लेकर पचास हजार रुपये तक की मांग करता है। दौलतमन्द लोगो को जमीन खरिदवाकर उनसे भारी कमीशन वसूल करता है। आमजनता के फोन लगाने पर कहते है कि बडे साहब के पास चले जाओ, उसका तबादला करवा दो। ये भी कहते हैं कि वह क्षेत्र से लद गये हैं। ऐसे में आमजनता क्या करे? उनका इस बाबत वीडियो भी है।

# त्रिपाठी के संस्कृत कल्याण समिति का प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर खुशी

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** मऊ नगर पंचायत के सूर्यदेव त्रिपाठी को उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षक कल्याण समिति का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर लोगों ने खुशी जताई है।

मंगलवार को देर रात उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षक कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष सुखनंदन मिश्रा ने प्रदेश कार्यकारिणी की सूची जारी की, जिसमें नगर पंचायत मऊ के सूर्यदेव त्रिपाठी को प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है। सूर्यदेव त्रिपाठी वर्तमान में अयोध्या जिले में संस्कृत विद्यालय में प्राचार्य पद पर हैं। उन्हें प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर क्षेत्र के संस्कृत शिक्षकों समेत तमाम लोगों ने खुशी जताई है। उन्हें बधाई देते हुए कहा कि वह संगठन के साथ उत्तर प्रदेश के संस्कृत शिक्षकों से जुड़ी समस्याओं को दूर करने को सदैव मुखर आवाज उठाते रहेंगे। क्षेत्र के बार एसोसिएशन मऊ के पूर्व अध्यक्ष प्रफुल्ल चंद्र त्रिपाठी, मऊ बार एसोसिएशन अध्यक्ष कुंवर बृजेश सिंह, पवन रस्तोगी, श्री भागवत मंडल संस्कृत विद्यालय मऊ के प्राचार्य आनंद राज त्रिपाठी, संतोष मिश्रा, गरुण पांडेय समेत ने खुशी जताई है।



# महुआ गांव में तमंचा लहराकर धमकाता युवक

## घर बनवा रहे पड़ोसी को दे रहा गाली

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राजापुर थाना क्षेत्र के महुआ गांव का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में एक युवक तमंचा लेकर लोगों को धमकाते दिख रहा है। वीडियो के आधार पर पुलिस ने मामला दर्जकर आरोपी की गिरफ्तार को प्रयास में जुट गई है।

बुधवार को सवेरे ये वीडियो वायरल हुआ। बताया गया कि राजापुर थाना क्षेत्र के महुआ गांव में जमीनी विवाद को लेकर लोग इसे देवरिया हत्याकांड से जोड़कर देख रहे हैं। महुआ गांव के सत्येंद्र उपाध्याय तमंचा लेकर एक युवक को गाली देते हुए धमका रहा है। लोगों ने कहा कि पुलिस इसमें तत्काल कार्यवाही नहीं करती तो बड़ा हादसा होने के आसार हैं। इस बाबत राजापुर थाना प्रभारी भास्कर मिश्रा ने बताया कि ये वीडियो राजापुर थाना क्षेत्र के महुआ गांव का है। ग्रामीण अपने घर का निर्माण करा रहा है। पड़ोसी युवक तमंचा लेकर उसे गाली देते हुए धमका रहा है। ये वीडियो आज सवेरे वायरल हुआ है। थाना प्रभारी ने कहा कि वीडियो के आधार पर मामला दर्जकर आरोपी की गिरफ्तारी को टीम लगा दी गई है। जल्द ही आरोपी पुलिस गिरफ्त में होगा।



**थाने का है हिस्ट्रीशीटर**

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राजापुर थाना क्षेत्र के महुआ गांव के पाल बिरादरी पर जुल्म हो रहे हैं। पाल बिरादरी के लोग सात से दस पीढ़ी से रह रहे हैं, महुआ गांव के दबंग किस्म के राजेंद्र उपाध्याय, रमेश उपाध्याय तमंचा लहरा रहा है। सत्येंद्र उपाध्याय पुत्र राजेंद्र उपाध्याय आए दिन उनके साथ मारपीट व गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हैं। रमेश उपाध्याय राजापुर थाने का हिस्ट्रीशीटर भी है।

## गांवों में कराया एंटी लारवा का छिडकाव



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के तहत जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अगुवाई में जिला मलेरिया अधिकारी लाल साहब सिंह ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों, ब्लॉक कर्वी में पंचायती राज विभाग से नालियों की सफाई व झाड़ियों की कटाई करवाई। जिला मलेरिया अधिकारी ने घर-घर जाकर लोगों को कूलर, फ्रिज में भरे जल वाली जगह की सफाई के बारे में बताया। हैंडपंप के पानी का नमूना भी लिया।

ब्लाक ब्लाक के मवईकला में सुअर पालकों को पशुपालन विभाग से संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत रामनगर ब्लाक में साफ-सफाई व एंटी लारवा का छिड़काव कराया।

## दुष्कर्म-पाक्सो का वांछित दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्रीमती रीता सिंह की अगुवाई में दरोगा अरविन्द पाण्डेय की टीम ने अपहरण-दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के वांछित अमर कोल पुत्र मोनी कोल उर्फ रामकुमार निवासी गुड़वा कस्बा मानिकपुर को गिरफ्तार किया है।




टीम में दरोगा अरविन्द पाण्डेय, सिपाही सागिर अली शामिल रहे।

## पुलिस ने तीन को रंगेहाथ जुआ खेलते दबोचा



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में थानाध्यक्ष रैपुरा शैलेन्द्र चन्द्र पाण्डेय की अगुवाई में दरोगा प्रदीप कुमार की टीम ने जंगल पहाड़ के नीचे भौंरी गांव से अमित मिश्रा पुत्र हरिगोपाल मिश्रा, संतोष कुमार उपाध्याय पुत्र स्व जगदम्बा प्रसाद, प्रदीप मिश्रा पुत्र राजा भाई निवासी भौंरी को ताश के पत्तों से हार-जीत की बाजी लगाते रंगेहाथ दबोचा है।

बुधवार को रैपुरा पुलिस ने जुआरियों के कब्जे से जामा तलाशी से 1280 रुपये व मालफड़ से 1600 रुपये तथा ताश के 52 त्ते, एक बोरी, मोमबत्तियां, माचिस बरामद की। जुआरियों के खिलाफ थाने में जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा प्रदीप कुमार, दरोगा अजय बहादुर सिंह, सिपाही अजीत यादव, राम मूरत मिश्रा व राजमंगल बिन्द शामिल रहे।

## मप्र व चित्रकूट के दस गौ-तस्करों पर गैंगेस्टर दर्ज, एसपी के निर्देश पर हुई कार्यवाही

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में गौ-तस्करी के संगीन अपराध कर आर्थिक, भौतिक एवं बुनियादी लाभ लेने वाले दस लोगों के खिलाफ पुलिस ने 2/3 गैंगेस्टर एक्ट की कार्यवाही की है। बुधवार को थानाध्यक्ष रैपुरा शैलेन्द्रचन्द्र पाण्डेय ने गैंग लीडर अजमेर अली उर्फ छोटू पुत्र मुन्ना खान निवासी बछरन थाना पहाड़ी, भान सिंह नायक उर्फ गुल्लू पुत्र कन्ना सिंह निवासी पोगरी थाना सोहागपुर जिला शहडोल मप्र, कृष्णा नायक पुत्र अमरा नायक निवासी खेतौली थाना सुहागपुर शहडोल मप्र, शंकरपुर अजय नायक पुत्र अमरा नायक निवासी नेपनिया थाना सुहागपुर शहडोल मप्र, देवा नायक पुत्र हेमा नायक निवासी पटासी थाना सुहागपुर जिला शहडोल मप्र, रमेश कुमार पुत्र शंकर निवासी बछरन थाना पहाड़ी, मान सिंह पुत्र खोईया निवासी पैकोरामाफी थाना रैपुरा के खिलाफ 2/3 गैंगेस्टर अधिनियम दर्ज किया। इसी क्रम में थानाध्यक्ष बहिलपुरवा राम सिंह ने गैंग लीडर जैसा नायक पुत्र खेमा नायक, राजेश पुत्र दुखवा कोल निवासी पोगरी थाना सुहागपुर जिला शहडोल मप्र, तेजा नायक पुत्र प्रेमा नायक निवासी घाटा थाना करण पठार जिला अनूपपुर मप्र के खिलाफ थाने में गैंगस्टर एक्ट दर्ज किया।

## पिछड़ा वर्ग दशमोत्तर छात्रवृत्ति के लिए समय-सारिणी निर्धारित

**बहराइच। जिला** पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी राजन कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में शिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत पिछड़े वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) के छात्र/छात्राओं हेतु संचालित दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना हेतु शासन द्वारा समयसारिणी के अनुसार शिक्षण संस्था द्वारा मास्टर डाटा तैयार की कार्यवाही 19 दिसम्बर 2023 तक पूरी की जानी है।

श्री कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय/एफिलियेटिंग एजेंसी/जिला विद्यालय निरीक्षक/जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा फीस आदि के सत्यापन की कार्यवाही को 22 दिसम्बर 2023 तक पूर्ण किया जाना है।

# विधायक ने चैपाल लगा सुनी समस्यायें

## विधायक द्विवेदी ने क्षेत्र में दी सडकों की सौगात

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** मऊ-मानिकपुर विधायक अविनाशचन्द्र द्विवेदी ने विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों में विभिन्न सडकों का लोकार्पण किया। जनचैपाल में लोगों की समस्यायें सुनी। सम्बंधित अधिकारियों को तत्काल निराकरण के निर्देश दिये।

बुधवार को विधायक अविनाशचन्द्र द्विवेदी ने कहा कि सभी मामलों का निस्तारण कर उन्हें बतायें। आमजनता विधायक को सुनने को आतुर थी। उन्होंने कोटरा खाम्भा में रामकृपाल के दरवाजे से छोटेलाल तिवारी के घर तक 75 मीटर इंटरलाकिंग खड़ंजा, डोंडियामाफी में मेनरोड से शिवपुर तक 340 मीटर, रेरुआ में बारात घर, रवाडी में नाली 110 मीटर व 150 मीटर खडंजा निर्माण कराने की घोषणा की। रेरूआ गांव में भ्रमण कर समस्यायें जानी। इस मौके पर महेन्द्र तिवारी, प्रधान विनोद बलुआ, पूर्व प्रधान सन्तोष कुमार पाण्डेय, डोडिया प्रधान महेश, प्रधान प्रतिनिधि राजेश श्रीवास्तव आदि भारी तादाद में जनता मौजूद रही।



# सिधौली लोधनपुरवा रास्ते पर नहीं हो रहा काम

## डीएम के निर्देश बाद भी काम ठप

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पहाड़ी ब्लाक के भानपुर गांव के मजरा सिधौली लोधनपुरवा में ग्रामीण शिवकुमार राजपूत के घर से प्यारेलाल राजपूत के घर तक सडक बनवाने की मांग डीएम से ग्रामीणों ने की थी। दस अगस्त को सौंपे पत्र में ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से सडक बनवाने की मांग की थी।

बुधवार को ग्रामीणों ने बताया कि 11 अगस्त को डीएम अभिषेक आनंद के आदेशों पर गांव की ओर से इंटरलॉकिंग खडंजा बनवाने का आदेश हुआ था। गांव में काम भी शुरू कर थोड़ा बहुत कार्य हुआ। एक महीने से काम बंद है। खंड विकास अधिकारी पहाड़ी ने रिपोर्ट लगाई कि मामले की जांच ग्राम विकास अधिकारी विश्वप्रधान मिश्र से कराई, तो जांच आख्या में बताया कि सिधौली में रज्जन राजपूत के घर से बग्गड़ के घर तक इंटरलॉकिंग काम प्रगति पर है, लेकिन आख्या के बाद कोई काम नहीं हुआ।

ग्रामीणों को भरोसा देने के बाद भी काम नहीं हो रहा। लोधनपुरवा गांव का मामला एक वर्ष से चल रहा है। गांव के हालातों के वीडियो सोशल मीडिया में कई बार वायरल हुए हैं। कई बार डीपीआरओ, डीसी मनरेगा व अधिकारियों ने जांच भी की है। ग्रामीणों को भरोसा दिया गया, लेकिन कोई काम नहीं हो रहा।



## चार के कब्जे से 75 क्वार्टर देशी शराब बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में पुलिस ने चार लोगों के कब्जे से 75 क्वार्टर देशी शराब बरामद की है।




बुधवार को थानाध्यक्ष मारकुण्डी मनीष कुमार की अगुवाई में दरोगा प्रभाशंकर सचान ने सिपाही शुभम के साथ अयूब खान पुत्र सिद्दीकी, घनश्याम पुत्र रामहित निवासी कैलहा के कब्जे से 15-15 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष मारकुण्डी मनीष कुमार की अगुवाई में दरोगा रमजानी खां ने सिपाही शिवलाल के साथ रामनरेश पुत्र राजाराम निवासी बरौनीतीर के कब्जे से 15 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष भरतकूप सूबेदार बिन्द की अगुवाई में दरोगा अजहर जमाल ने सिपाही सतीश यादव के साथ लवकुश पाण्डेय पुत्र सीताराम निवासी इटखरी के कब्जे से 30 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। तीनों के खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया।

## मुख्य अतिथि के न आने से व्यापारी सम्मेलन रद्द

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन का विशाल व्यापारी सम्मेलन पांच अक्टूबर को श्रीजी भवन सीतापुर में होना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नितिन अग्रवाल आबकारी एवं मद्य निषेध मंत्री प्रदेश सरकार को आना था। अपरिहार्य करण से मंत्री नितिन अग्रवाल, जो संगठन के प्रदेश अध्यक्ष भी हैं। उनका कार्यक्रम निरस्त हो गया है। अगले कार्यक्रम की तिथि जल्द घोषित होगी। ये जानकारी जिलाध्यक्ष आशीष अग्रवाल ने दी।

## पुलिस ने दबोचे तीन वारंटी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में पुलिस ने तीन वारंटी को गिरफ्तार किया है।

बुधवार को कर्वी कोतवाल अजीत कुमार पाण्डेय की अगुवाई में दरोगा जनार्दन प्रताप सिंह ने सिपाही शिवपूजन यादव के साथ बलबा, मारपीट व गाली-गलौज तथा जान से मारने की धमकी व एससी/एसटी एक्ट के वारंटी विनोद कुमार यादव उर्फ कल्लू यादव पुत्र सुरेश चंद्र निवासी गोल तालाब कुंजनपुरवा मजरा कसहाई, आर्म्स एक्ट के वारंटी मैकाराम पुत्र बाबूलाल निवासी छेछरिया खुर्द को गिरफ्तार किया।

थानाध्यक्ष भरतकूप सूबेदार बिन्द की अगुवाई में वरिष्ठ दरोगा यदुवीर सिंह ने सिपाही लवलेश के साथ वारंटी भारत सिंह उर्फ भरत सिंह पुत्र चंद्रपाल सिंह निवासी पहरा को गिरफ्तारी किया है।

## मऊ ब्लाक के अधिकारी प्रधान-सचिव के आगे बने तमाशाई , तेंदुआमाफी गांव में घोटाला दर घोटाला

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मऊ ब्लाक के तेंदुआमाफी गांव में मनरेगा से कराये विकास कार्यों में जमकर धांधली देखने को मिली है। मनरेगा से कराये कार्यों में बिना कार्य के मजदूरों के फर्जी मस्टररोल भरकर सरकारी धन का बंदरबांट किया जा रहा है। जो मजदूर कभी कार्य स्थल नहीं जाते, उनके नाम से आनलाइन मस्टर रोल में हाजिरी लगा दी जाती है। गांव के तकनीकी सहायक बिना कार्य स्थल गए ही एमबी कर देते हैं।

बुधवार को तेंदुआमाफी गांव में मनरेगा योजना में धांधली की शिकायत मिली। बताया गया कि मजदूरों के खाते में पैसे भेजकर निकलवा लिये जाते हैं। दो-चार सौ रुपए बिना कार्य करने वाले मजदूरों को दिये जाते हैं। तेंदुआमाफी के प्राथमिक विद्यालय मवईखुर्द में चहारदीवारी निर्माण, प्राथमिक विद्यालय चक मवई राधा में चहारदीवारी निर्माण व पूर्व माध्यमिक विद्यालय तेंदुआमाफी में चहारदीवारी निर्माण कार्य में मानकविहीन कार्य कराकर सरकारी धन का मनमानी ढंग से बंदरबाट किया है।


तेंदुआमाफी में टिर्रा धोबी के घर के आगे संपर्क मार्ग में पुलिया निर्माण व कमल भान के घर के आगे संपर्क मार्ग में पुलिया निर्माण में खूब धांधली की गई है। तेंदुआमाफी में गुलाबचंद के घर से मेनरोड तक इंटरलॉकिंग खड़ंजा व नाली निर्माण, भइयालाल के घर से बोगई के घर तक खड़ंजा निर्माण, शिवसंवारे के घर से मतलबी के घर तक इंटरलाकिंग खड़ंजा व नाली निर्माण, प्राथमिक विद्यालय चक मवई राधा में शौचालय निर्माण, रेनिंग वाटर सप्लाई कार्य में मानकविहीन कार्य में सरकारी धन का बंदरबाट हुआ है। प्रधान व सचिव ने एक ही फर्म के नाम पर लाखों का भुगतान किया है। ठेकेदार/सप्लायर ने मानकविहीन कार्य कराकर मनमानी ढंग से सरकारी धन की लूट की है। मऊ ब्लाक के जिम्मेदार अधिकारी भी कमीशनखोरी के चलते तमाशाई बने नजर आ रहे हैं।

## गुमशुदा महिला का कंकाल बरामद, पुलिस ने बरामद कंकाल का कराया पोस्टमार्टम

**बहराइच। जिले के ग्राम पंचायत भिलोरा काजी के मजरा लोधनपुरवा गांव निवासी म**हिला का गांव निवासी कुछ लोगों ने अपहरण कर हत्या कर दी।महिला की तलाश के लिए सोमवार को गांव में पंचायत हुई। जिस पर ग्रामीण ने हत्या करने की बात स्वीकारी और उसका कंकाल खेत से भी बरामद कर लिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। बरामद कंकाल को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।फखरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत भिलोराकाजी के मजरा लोधनपुरवा निवासी पन्नू की शादी लगभग 20 वर्ष पूर्व जलापुर निवासी पूनम के साथ हुई थी उसके तीन बेटियां और एक बेटा है। बच्चों व परिवार के भरण पोषण के लिए पन्नू लखनऊ में रहकर मजदूरी करता है। बीते 22 अगस्त को अचानक उसकी पत्नी पूनम गायब हो गई थी।

## पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर, कच्चा तेल 91 डॉलर प्रति बैरल के करीब

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में कल के मुकाबले आज कुछ उछाल है। ब्रेंट क्रूड का भाव 91 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 90 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीतमों में कोई फेरबदल नहीं किया है।



इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक बुधवार को राजधानी दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 89.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के तीसरे दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 0.02 डॉलर यानी 0.02 फीसदी की उछाल के साथ 89.83 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.03 डॉलर यानी 0.03 फीसदी उछलकर 89.26 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

## ओपेक के महासचिव से मिले केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी

**नई दिल्ली:** पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन (ओपेक) के महासचिव से मुलाकात की और ओपेक की ओर से कच्चे तेल के उत्पादन में कटौती और वैश्विक ऊर्जा क्षेत्र पर उनके प्रभाव के बारे में बताया। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की विज्ञप्ति में कहा गया है, 'पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने ओपेक से मौजूदा आर्थिक स्थिति की गंभीरता को समझने का आग्रह किया और महासचिव से तेल बाजारों में व्यावहारिकता, संतुलन और सामर्थ्य की भावना पैदा करने को कहा।' तीन अक्टूबर 2023 को वार्षिक अबू धाबी अंतर्राष्ट्रीय पेट्रोलियम प्रदर्शनी और सम्मेलन (एडीआईपीईसी) 2023 के मौके पर, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस और आवास मंत्री, हरदीप सिंह पुरी ने ओपेक के महासचिव, हैथम अल-घैस के साथ द्विपक्षीय चर्चा की। बयान में कहा गया है, ÷वैश्विक हित में, मंत्री ने यह सुनिश्चित करके वैश्विक ऊर्जा बाजारों को संतुलित करने की वकालत की कि कच्चे तेल की कीमतें उपभोक्ता देशों की भुगतान क्षमता से अधिक न हों।' संचयी रूप से, ओपेक और ओपेक + ने 2023 के बाद से बाजार से तेल की उपलब्धता को 4.96 एमबी/डी (वैश्विक तेल मांग का 5 प्रतिशत) तक कम कर दिया है, जिससे ब्रेंट की कीमतें जून में लगभग 2022 डॉलर प्रति बैरल से बढ़कर सितंबर 2023 में लगभग 97 डॉलर प्रति बैरल हो गई हैं।

## भारत-जापान फंड के लिए हुआ 600 मिलियन डॉलर का करार, जलवायु और पर्यावरण की दिशा में होगा काम

**नई दिल्ली ।** राष्ट्रीय निवेश और अवसंरचना कोष ने जापान बैंक फॉर इंटरनेशनल कोऑपरेशन के साथ 600 मिलियन डॉलर का भारत-जापान फंड लॉन्च करने के लिए JBIC और भारत सरकार के साथ एंकर निवेशकों के रूप में करार किया है। यह संयुक्त पहल एक ऐसे क्षेत्र में दोनों देशों के बीच सहयोग के एक प्रमुख आयाम का संकेत देती है जो जलवायु और पर्यावरण की दिशा में एक साझा प्राथमिकता है। वित्त मंत्रालय ने बयान जारी यह जानकारी दी है।




यह घोषणा एनआईआईएफ के पहले द्विपक्षीय फंड को चिह्नित करती है, जिसमें भारत सरकार ने लक्षित कोष का 49फीसदी योगदान दिया है और शेष 51फीसदी जेबीआईसी द्वारा योगदान दिया गया है। वित्त मंत्रालय के अनुसार फंड का प्रबंधन एनआईआईएफ लिमिटेड (एनआईआईएफएल) की ओर से किया जाएगा और जेबीआईसी आईजी (जेबीआईसी की सहायक कंपनी) भारत में जापानी निवेश को बढ़ावा देने में एनआईआईएफएल का समर्थन करेगी।

## कैट ने 'भ्रामक' विज्ञापन के लिए फ्लिपकार्ट और अमिताभ के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई

**नई दिल्ली।** कारोबारियों के संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने 'बिग बिलियन डेज' सेल से संबंधित विज्ञापन को भ्रामक बताते हुए बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन और ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

कैट ने मंगलवार को केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) के पास दर्ज कराई गई शिकायत में इस विज्ञापन को गुमराह करने वाला और देश के छोटे खुदरा दुकानदारों के खिलाफ बताया है। व्यापारियों के संगठन ने इस विज्ञापन को वापस लेने की भी मांग की है।

कारोबारी संगठन कैट ने जारी बयान में कहा कि उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम की धारा-2 (47) के तहत इन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाए और गुमराह करने वाले विज्ञापन को लेकर फ्लिपकार्ट और अमिताभ बच्चन पर 10-10 लाख रुपये का जुर्माना लगाने की मांग की है। हालांकि, इस बारे में फ्लिपकार्ट और अमिताभ बच्चन की ओर से




कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है।

कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने सीसीपीए में दायर शिकायत के बारे में बताया कि धारा 2(47) के तहत परिभाषा के अनुसार फ्लिपकार्ट ने अमिताभ बच्चन (एंडोर्सर) के माध्यम से मोबाइल कीमत के बारे में जनता को गुमराह किया है। इस विज्ञापन में कहा गया है कि फ्लिपकार्ट जिस कीमत पर मोबाइल फोन को उपलब्ध करा सकती है, वह छूट ऑफलाइन स्टोर्स में व्यापारी नहीं दे सकता। खंडेलवाल ने कहा कि फ्लिपकार्ट के भ्रामक और तुच्छ दावे का समर्थन कर बच्चन ने लोगों को गुमराह किया है।

गौरतलब है कि 'बिग बिलियन डेज' सेल आठ से लेकर 15 अक्टूबर तक आयोजित की जानी है।

## क्रिप्टो करेंसी मार्केट में कोहराम, बिटकॉइन 28 हजार डॉलर के स्तर से नीचे फिसला

**नई दिल्ली:** क्रिप्टो करेंसी मार्केट में आज कोहराम मचा हुआ है। दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन समेत मार्केट कैप के लिहाज से टॉप-10 में शामिल सारी क्रिप्टो करेंसीज गिरावट के साथ रेड जोन में कारोबार कर रही हैं। इनमें से 7 क्रिप्टो करेंसीज में 2 प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई है, जबकि 2 क्रिप्टो करेंसीज मामूली गिरावट के साथ सपाट स्तर कारोबार कर रही हैं। वहीं एक क्रिप्टो करेंसी 1 प्रतिशत से कुछ कम कमजोरी के साथ रेड जोन में बनी हुई है। आज की गिरावट के कारण बिटकॉइन एक बार फिर 28 हजार डॉलर के स्तर से नीचे खिसक गया है। इसी तरह एथेरियम 1,700 डॉलर के स्तर से नीचे आ गया है। भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने के लिए अधिकृत एजेंसी कॉइन मार्केट कैप से मिली जानकारी के मुताबिक भारतीय समय के हिसाब से आज शाम 5 बजे तक बिटकॉइन 2.75 प्रतिशत की गिरावट के साथ 27,559.54 डॉलर यानी 22.93 लाख रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी एथेरियम की कीमत भी आज 4.61 प्रतिशत



की कमजोरी के साथ गिर कर 1,654.06 डॉलर के स्तर पर आ गई थी। बिटकॉइन और एथेरियम के अलावा टेथर 0.06 प्रतिशत, बीएनबी 2.61 प्रतिशत, एक्सआरपी 2.55 प्रतिशत, यूएसडी कॉइन 0.01 प्रतिशत, डोजेकॉइन 3.08 प्रतिशत, कार्डानो 2.76 प्रतिशत, सोलाना 0.81 प्रतिशत और ट्रॉन 2.03 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। कॉइन मार्केट कैप से मिली जानकारी के मुताबिक पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी के ग्लोबल मार्केट कैप में 2.52 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। फिलहाल क्रिप्टो करेंसी का ग्लोबल मार्केट कैप घट कर 1.09 लाख करोड़ डॉलर यानी करीब 90.67 लाख करोड़ रुपये रह गया है। ग्लोबल मार्केट कैप में गिरावट आने के बावजूद पिछले 24 घंटे के दौरान क्रिप्टो करेंसीज के लेन-देन में तेजी दर्ज की गई है। इस अवधि में कुल 4,118 करोड़ डॉलर यानी 3.43 लाख करोड़ रुपये की क्रिप्टो करेंसी की लेन-देन हुई, जो 1 दिन पहले की तुलना में 14.24 प्रतिशत अधिक है।

## वित्त वर्ष 2023–24 में 6.3 फीसदी की दर से बढ़ेगी भारतीय अर्थव्यवस्था : विश्व बैंक

**नई दिल्ली।** विश्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की अर्थव्यवस्था के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के अनुमान को 6.3 फीसदी पर बरकरार रखा है। विश्व बैंक ने मंगलवार को जारी भारत विकास अद्यतन रिपोर्ट में यह अनुमान जताया है।




विश्व बैंक की ओर से जारी ताजा भारत विकास अद्यतन रिपोर्ट के मुताबिक चुनौतीपूर्ण वैश्विक माहौल की पृष्ठभूमि में भारत लगातार लचीलापन दिखा रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था निवेश और घरेलू मांग के दम पर चालू वित्त वर्ष 2023-24 में 6.3 फीसदी की दर से बढ़ेगी। रिपोर्ट के मुताबिक खपत में कमी के कारण धीमी आय वृद्धि का असर भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) पर पड़ेगा। हालांकि, विश्व बैंक ने कहा कि निवेश और घरेलू मांग के दम पर भारतीय अर्थव्यवस्था आगे बढ़ेगी। इससे पहले विश्व बैंक ने अप्रैल में चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान 6.6 फीसदी से घटाकर 6.3 फीसदी कर दिया था।

## मेटा में फिर छंटनी की तैयारी! कस्टम चिपसेट बनाने वाली डिवीजन से निकाले जा सकते हैं लोग

**नई दिल्ली:** वॉट्सऐप और इंस्टाग्राम की पैरेंट कंपनी मेटा में फिर छंटनी की तैयारी चल रही है। कंपनी रियलमी लैब्स डिवीजन में नौकरियों में कटौती करने की तैयारी कर रही है। यह टीम कंपनी के लिए कस्टम चिपसेट बनाती है। रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, कर्मचारियों को कंपनी के पेशेवर नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से पहले ही छंटनी के बारे में सूचित किया जा चुका है। रिपोर्ट में कहा गया है कि छंटनी बुधवार को हो सकती जब प्रभावित कर्मचारियों को उनकी स्थिति के बारे में सूचित किया जाएगा। मेटा ने छंटनी के बारे में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। हालांकि, रिपोर्ट से पता चलता है कि कटौती फेसबुक एजाइल सिलिकॉन टीम या एफएएसटी के रूप में जानी जाने वाली टीम में होगी। इन छंटनी के संभावित महत्व को कम करके नहीं आंका जा सकता है, क्योंकि वे मुख्य कार्यकारी मार्क जुकरबर्ग की संवर्धित और आर्टफिशियल उत्पादों को बनाने की महत्वाकांक्षी परियोजना को प्रभावित कर सकते हैं जो ÷मेटावर्स÷ के रूप में जानी जाने वाली इमर्सिव आभासी दुनिया तक पहुंच प्रदान करते हैं। इसमें एआर चश्मे का विकास भी शामिल है जिसके बारे में जुकरबर्ग का मानना है कि यह प्रौद्योगिकी के साथ हमारी बातचीत में क्रांति लाएगा।

## सीतारमण ने कोयंबटूर में प्रधानमंत्री ऋण योजनाओं के तहत लोन किए वितरित

**कोयंबटूर/नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को तमिलनाडु के कोयंबटूर में प्रधानमंत्री ऋण योजनाओं के तहत एक लाख से अधिक लाभार्थियों को 3,748 करोड़ रुपये के लोन वितरित किए।

सीतारमण ने तमिलनाडु के कोयंबटूर में क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम के तहत लाभार्थियों को लोन बांटे। उन्होंने पीएम मुद्रा, स्टैंड-अप इंडिया, एग्री-इंफ्रास्ट्रक्चर फंड (एआईएफ), किसान क्रेडिट कार्ड (फसलें, पशुपालन और मत्स्य पालन), पीएमईजीपी, पीएमस्वनिधि आदि जैसी केंद्र सरकार की कई योजनाओं के लाभार्थियों को चेक और मंजूरी पत्र सौंपे।

वित्त मंत्री कार्यालय ने एक्स पोस्ट पर ट्विट कर दी जानकारी



में बताया कि सीतारमण ने कोयंबटूर में एक लाख से अधिक लाभार्थियों को 3,748 करोड़ रुपये के ऋण प्रदान किये। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि आकांक्षी जिलों को हर प्रकार की सरकारी सहायता देने में प्राथमिकता दी जा रही है। इससे पहले वित्त मंत्री सीतारमण ने कोयंबटूर में सिडबी की नई शाखा का उद्घाटन किया और स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में भाग लिया।

## बजाज ऑटो की बिक्री सितंबर महीने में एक फीसदी घटी

**नई दिल्ली।** देश एवं निजी क्षेत्र की दुपहिया वाहन निर्माता कंपनी बजाज ऑटो लिमिटेड की सितंबर महीने में कुल बिक्री सालाना आधार पर एक फीसदी घटकर 3,92,558 इकाई रही। कंपनी ने सितंबर 2022 में कुल 3,94,747 इकाइयों की बिक्री की थी।

बजाज ऑटो लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि सितंबर में कुल दोपहिया वाहनों की बिक्री 3,27,712 इकाई रही, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 3,48,355 इकाई रही थी। घरेलू दोपहिया वाहनों की बिक्री 2,02,510 इकाई रही, जो एक साल पहले की समान अवधि में 2,22,912 इकाई रही थी।सितंबर 2023 में दोपहिया वाहनों का निर्यात




मामूली गिरावट के साथ 1,25,202 इकाई रही, जबकि पिछले साल सितंबर में यह 1,25,443 इकाई थी। इस दौरान कुल वाणिज्यिक वाहन की बिक्री हालांकि 40 फीसदी बढ़कर 64,846 इकाई रही, जो पिछले साल की समान अवधि में 46,392 इकाई रही थी।

## बिकवाली के दबाव में गिरा शेयर बाजार, गिरावट के बावजूद मुनाफे में रहे निवेशक

**नई दिल्ली।** कमजोर ग्लोबल संकेतों के कारण घरेलू शेयर बाजार एक बार फिर गिरावट के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरुआत मामूली कमजोरी के साथ हुई थी लेकिन दिन के कारोबार के दौरान लगातार उतार चढ़ाव के बीच बिकवाल पूरी तरह से लिवालों पर हावी नजर आए। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.48 प्रतिशत और निफ्टी 0.56 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। आज के कारोबार के दौरान बाजार में

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

गया। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 319.23 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 319.06 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 17 हजार करोड़ रुपये का फायदा हो गया। आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 3,956 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,912 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए जबकि 1,855 शेयरों में गिरावट का रुख रहा। 189 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,105 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 958 शेयर मुनाफा कमाकर हरे निशान में और 1,147 शेयर नुकसान उठाकर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 11 शेयर बढ़त के साथ और 19 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल शेयरों में से 13 शेयर हरे निशान में और 37 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 14.99 अंक की मामूली कमजोरी के साथ 65,813.42 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही



बिकवाली का दबाव बढ़ने लगा, जिसकी वजह से ये सूचकांक थोड़ी ही देर में 483.82 अंक टूट कर 65,344.59 अंक के स्तर पर पहुंच गया।

## सीआईबीजेओ कांग्रेस 2023 जयपुर में शुरू

**जयपुर।** विश्व आभूषण परिसंघ (सीआईबीजेओ) की तीन दिवसीय कांग्रेस जयपुर में शुरू हुई। कांग्रेस का आयोजन 5 अक्टूबर तक किया जा रहा है। एक और दो अक्टूबर को कांग्रेस-पूर्व बैठकें हुईं। 2023 कांग्रेस की मेजबानी जेम एंड ज्वैलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (जीजेईपीसी) और नेशनल जेम एंड ज्वैलरी काउंसिल ऑफ इंडिया (एनजीजेसीआई) द्वारा की जा रही है, जो वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय और एमएसएमई मंत्रालय, सरकार द्वारा समर्थित है। सीआईबीजेओ कांग्रेस विश्व आभूषण परिसंघ के प्रतिनिधियों की सभा के लिए आधिकारिक सभा स्थल के रूप में कार्य करती है, और सीआईबीजेओ के क्षेत्रीय आयोगों की वार्षिक बैठकों का स्थान भी है, जहां संगठन के हीरे, रंगीन पत्थरों के लिए अंतरराष्ट्रीय उद्योग मानकों की निश्चित निर्देशिकाओं में संशोधन पेश किए



जा सकते हैं। मोती, रत्न प्रयोगशालाएँ, कीमती धातुएँ, मूंगा और जिम्मेदार सोर्सिंग, जिन्हें ब्लू बुक्स के नाम से जाना जाता है।

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से उद्घाटन सत्र में जुड़े। उन्होंने कहा कि ÷सीआईबीजेओ एक ऐसा कार्यक्रम है जहां चमचमाती दुनिया के रत्न एकजुट होते हैं। भारत की प्राचीन परंपरा अतिथि देवो भावो की भावना में, मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि व्यावसायिक गतिविधियों के दौरान गुलाबी शहर के आतिथ्य का आनंद लें। यह आयोजन एक ऐतिहासिक क्षण है क्योंकि यह पहली बार है कि सिबजो कांग्रेस भारतीय धरती पर आयोजित की जा रही है। जयपुर में होने वाली सीआईबीजेओ कांग्रेस सिर्फ एक स्थान से कहीं अधिक है। यहां सिबजो कांग्रेस की मेजबानी उस जबरदस्त क्षमता का प्रमाण है जो भारत न केवल एक बाजार के रूप में बल्कि एक वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में रखता है। जी 20 शिखर सम्मेलन भारत के वैश्विक नेता के रूप में उभरने का प्रतीक है। जयपुर कारीगरों की जीवंत भावना और रत्न एवं आभूषण उद्योग के समृद्ध इतिहास का प्रतीक है, जिसका प्रतिनिधित्व जयपुर करता है। उद्योग के पास स्थानीय को वैश्विक बनाने के लक्ष्य को साकार करने की शक्ति और वादा है। रत्न और आभूषण क्षेत्र भारत की अर्थव्यवस्था में एक प्रमुख खिलाड़ी है, जो सालाना भारत के व्यापारिक निर्यात में महत्वपूर्ण योगदान देता है और लगभग 5 मिलियन लोगों को रोजगार देता है। उन्होंने कह कि भारत को हमेशा रत्नों और रत्नों की भूमि के रूप में जाना जाता है - हमारे आभूषण निर्माण की जटिल कारीगरी और सरासर कलात्मकता अद्वितीय है। इस उद्योग में भारत की विरासत सदियों पुरानी है और हम अपनी पारंपरिक जड़ों का सम्मान करते हुए आधुनिक रुझानों और प्रौद्योगिकी को अपनाते हुए लगातार विकसित हो रहे हैं। हमारा प्रयोगशाला में विकसित उद्योग बढ़ रहा है और हर कदम पर स्थिरता की वकालत कर रहा है। दुनिया की सबसे बड़ी इमारत, सूरत डायमंड बोर्स, सभी हीरे की व्यापारिक गतिविधियों का केंद्र बन जाएगी। जैसे-जैसे हम आगे बढ़ रहे हैं, आइए सहयोग और टिकाऊ प्रथाओं की संभावना तलाशें और रत्न और आभूषण उद्योग के लिए उज्जवल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करें।

## बिग बिलियन डेज के विज्ञापन को लेकर विवाद, अमिताभ बच्चन-फ्लिपकार्ट के खिलाफ शिकायत दर्ज

**मुंबई।** महानायक अभिताभ बच्चन एक बार सुर्खियों में छा गए हैं। व्यापारियों के संगठन कॉन्फेडरेशन ऑफ आल इंडिया (कैट) ने ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट और मेगास्टार अमिताभ बच्चन के खिलाफ उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय में शिकायत दर्ज कराई है। कैट ने फ्लिपकार्ट के आगामी बिग बिलियन डे सेल को लेकर जारी विज्ञापन को भ्रामक बताया है, जिसमें बच्चन ने काम किया है।

**विज्ञापन वापस लेने की मांग**



केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) में दर्ज शिकायत में कैट ने विज्ञापन को देश के छोटे व्यापारियों के खिलाफ बताया है और विज्ञापन को वापस लेने की मांग की है। संगठन ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के संबंधित प्रावधानों के तहत गलत या भ्रामक विज्ञापन के लिए फ्लिपकार्ट पर अर्थदंड और बच्चन पर 10 लाख का जुर्माना लगाने की भी मांग की है। फ्लिपकार्ट ने इस मामले में जवाब के लिए भेजे गए मेल पर उत्तर नहीं दिया, जबकि बच्चन से संपर्क नहीं हो सका।

**कीमतों को लेकर भ्रम फैला रहा है**

**फ्लिपकार्ट**-शिकायत में कहा गया है कि विज्ञापन में एक जगह बच्चन उपभोक्ताओं से कह रहे हैं कि बिग बिलियन डे सेल में मोबाइल पर जो डील ऑनलाइन मिल रही है, वह रिटेल स्टोर्स पर ऑफलाइन उपलब्ध नहीं होगी। कैट का कहना है कि फ्लिपकार्ट बच्चन के जरिये मूल्यों को लेकर उपभोक्ताओं में भ्रम फैला रही है, जो कानून का उल्लंघन है।